राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 108 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को अमेरिका के बोस्टन लोगान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। अपनी अमेरिका की यात्रा के दौरान राहुल गांधी रोड आईलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी में छात्रों से बातचीत करेंगे।

**राहुल गांधी किन कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा**

इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी एनआरआई समुदाय के सदस्यों, पदाधिकारियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों से भी मुलाकात कर सकते हैं। राहुल गांधी की अमेरिकी की यात्रा को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा, "पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 21 और 22 अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका के रोड आईलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। वहां वह एक भाषण देंगे और संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत भी करेंगे।"

**पिछली अमेरिकी यात्रा के दौरान राहुल के बयान से मचा था बवाल**

बता दें, हाल के दिनों में राहुल गांधी की अमेरिका की ये दूसरी यात्रा है। 2024 के सितंबर के महीने में राहुल गांधी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर गए थे। अपनी यात्रा के दौरान वे डलास गए थे, जहां उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की थी।

## निशिकांत के बयान से भाजपा ने किया किनारा, पार्टी ऐसे बयानों का समर्थन नहीं करती: नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा द्वारा न्याय पालिका और देश के मुख्य न्यायाधीश को लेकर दिए गए विवादास्पद बयानों से स्पष्ट रूप से दूरी बना ली है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि ये दोनों बयान व्यक्तिगत हैं। भाजपा का उनसे कोई संबंध नहीं है और पार्टी ऐसे बयानों का समर्थन नहीं करती है। जेपी नड्डा ने कहा, भाजपा सांसद



निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान पूरी तरह से व्यक्तिगत हैं। भारतीय जनता पार्टी न तो इन बयानों से सहमति रखती है और न ही ऐसे किसी भी बयान का समर्थन करती है। पार्टी इन बयानों को स्पष्ट रूप से खारिज करती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा ने हमेशा न्यायपालिका का सम्मान किया है और अदालतों के आदेशों एवं सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया है। नड्डा ने कहा कि देश की अदालतें, विशेषकर सर्वोच्च न्यायालय, लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं और संविधान की रक्षा का आधार हैं। भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने दोनों सांसदों को निर्देशित किया है कि भविष्य में इस प्रकार के बयान न दें। साथ ही उन्होंने सभी पार्टी नेताओं को भी ऐसे बयानों से बचने की सलाह दी है।

### जयराम रमेश का भाजपा पर हमला

*टीम एक्शन इंडिया*

*नई दिल्ली: कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत के मुख्य न्यायाधीश पर भाजपा के दो सांसदों की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष ने इन टिप्पणियों से दूरी बनाने को "डैमेज कंट्रोल" करार दिया और कहा कि इससे कोई मूर्ख नहीं बनेगा। रमेश ने रविवार को अपने एक ट्वीट में लिखा, "भारत के मुख्य न्यायाधीश पर भाजपा के दो सांसदों की आपत्तिजनक टिप्पणियों से भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष की दूरी बनाए जाने का कोई विशेष अर्थ नहीं है। ये सांसद घृणा फैलाने वाले बयानों को बार-बार दोहराते रहने के लिए कुख्यात हैं।"*

## 'नीतीश कुर्सी के लिए पाला बदलते हैं'

- पीएम मोदी और सीएम नीतीश की जोड़ी केवल कुर्सी के लिए है: मल्लिकार्जुन खरगे,
- आरएसएस और भाजपा गरीबों, पिछड़ों, महिलाओं के दोस्त हो नहीं सकते: मल्लिकार्जुन खरगे

**साधा निशाना**

- जदयू प्रमुख ने महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा से हाथ मिला लिया है: खरगे



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक दिवसीय बिहार दौरे पर पहुंचे। उन्होंने बक्सर में जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं बिहार के उन सभी लोगों को नमन करता हूं जिनके विचार आज देश-दुनिया में याद किए जाते हैं। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आंदोलन भी बिहार के चंपारण से शुरू किया था। यह आंदोलन आजादी की लड़ाई से जुड़ा था। अब हम जय बापू, जय भीम और जय संविधान रैली को लेकर इस महान धरती पर आए हैं और जो कि हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि मैं अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं कि आज गंगा जी के तट पर बसे इस क्षेत्र में आने का अवसर मिला, जो संविधान सभा के प्रोटेम अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा जी की भूमि भी है। बिहार की धरती पर महात्मा बुद्ध जी ने तपस्या कर ज्ञान पाया और आज सारी दुनिया बुद्ध जी के शांति संदेश को मानती है। गुरु गोविंद सिंह जी भी इसी धरती पर जन्मे और कई अन्य महापुरुष, समाज सुधारक भी बिहार की धरती से निकले। यहां से कई राजनेता भी आए, जिन्होंने देश के लिए अपना योगदान दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी केवल कुर्सी के लिए है। यह जोड़ी बिहार के विकास के लिए नहीं है।

**गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा से नीतीश ने हाथ मिला लिया: खरगे**

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ कुर्सी के लिए पाला बदलते हैं। उन्होंने कहा कि जदयू प्रमुख ने महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा से हाथ मिला लिया है। यह गठबंधन राज्य के हित में नहीं है।

### नीतीश कुर्सी से चिपके हैं: खरगे

**सीएम** नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि वह एक बार इंडिया गठबंधन की गोद में आते हैं। इसके बाद यहां कुछ दिन गुजारने के बाद लगा कि भाजपा आनेवाली है तो वह इधर से उधर चले जाते हैं। यह देश के लिए सही नहीं। वह गरीब, किसान, अछूत, पिछड़ा और अति पिछड़ा को बर्बाद करने लिए उधर जाते हैं

### जबरन वक्फ संशोधन कानून बनाया: खरगे



**कांग्रेस** अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने जबरन वक्फ संशोधन कानून बनाया। जिस कानून को लेकर सालों से झगड़ा नहीं था, अब वहां झगड़ा करना चाहते हैं। आरएसएस और भाजपा गरीबों, पिछड़ों, महिलाओं के दोस्त हो नहीं सकते। मनु स्मृति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित नहीं करना चाहिए। पवित्र काम में शामिल नहीं करना चाहिए, जबकि बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर ने इन्हें सम्मान दिया। बक्सर में कार्यक्रम को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हालांकि उनके कार्यकम में एक बदलाव हुआ है। खरगे पटना में एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे लेकिन, किसी कारण इसमें बदलाव कर दिया गया है। इधर, बिहार दौरे से पहले उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि कैसे बड़े षडयंत्र के तहत नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में डाल दिया गया है। यह लोग किसी का भी नाम डाल दें हम डरने वाले नहीं है। इसके पहले ही नेशनल हेराल्ड की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई की संपत्तियों को अटैच कर दिया गया। इसमें कोई शक नहीं कि यह सब बदले की भावना से किया जा रहा है। हमें लोगों के बीच जाकर उनको अपने पक्ष से अवगत कराना होगा और भाजपा के षडयंत्र को बेनकाब करना होगा।

## मतदाता सूची में अब नहीं होगी गड़बड़ी!

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** चुनाव से जुड़ी छोटी-छोटी त्रुटियों को लेकर चुनाव आयोग अक्सर राजनीतिक दलों के निशाने पर रहता है। हालांकि अब चुनाव आयोग ने इन कमियों को खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान अक्सर होने वाली इन त्रुटियों का पहचान की, जिसमें अधिकांश बूथ लेवल पर गठित होने वाली हैं। प्रक्रिया हो या फिर मतदान के दौरान ईवीएम के रखरखाव, उनके लाने -ले जाने या फिर मॉक पोल, मतदान प्रतिशत आदि से जुड़ी हुई समस्याएं हो सकती हैं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी धन्ना भगत जी की जयंती के अवसर पर जिला जींद के उचाना के गाँव पालवां में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही

- रामबन में बाढ़ और भूस्खलन से 3 की मौत, 100 लोगों का रेस्क्यू राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित, 250 घर क्षतिग्रस्त, दी जा रही है सहायता

**भूस्खलन**

- रात रामबन क्षेत्र में भारी ओलों की बारिश, तेज हवाएं चलीं और कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ था



**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू :** उधमपुर से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर बताया कि बीती रात रामबन क्षेत्र में भारी ओलों की बारिश, तेज हवाएं चलीं और कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ था। इस प्राकृतिक आपदा से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है और दुर्भाग्यवश तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ परिवारों को संपत्ति का नुकसान हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वे रामबन के उपायुक्त बसीर-उल-हक चौधरी से संपर्क में हैं और जिला प्रशासन की तत्परता और सराहनीय कार्रवाई की प्रशंसा की, जिसने कई जानें बचाईं। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रभावित परिवारों को सभी प्रकार की सहायता दी जा रही है, चाहे वह आर्थिक हो या अन्य कोई मदद। यदि जरूरत पड़ी तो सांसद निधि से व्यक्तिगत रूप से भी सहायता प्रदान की जाएगी। जितेंद्र सिंह ने लोगों को डरने के बजाय धैर्य रखने और संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस आपदा से पार पाएंगे।

## व्यापार, टैरिफ...क्या गुड न्यूज लेकर आ रहे वेंस?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा और उनके तीन बच्चे - इवान, विवेक और मीराबेल - चार दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह पालम एयरबेस पर उतरेंगे। उनकी यह पहली भारत यात्रा है जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित लगभग 60 देशों के खिलाफ व्यापक टैरिफ व्यवस्था लागू करने और फिर उसे रोकने के हफ्तों बाद हो रही है। नई दिल्ली और वॉशिंगटन अब द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें टैरिफ और बाजार पहुंच सहित कई मुद्दों को संबोधित किए जाने की उम्मीद है। सोमवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर वेंस और उनके परिवार का स्वागत करेंगे, जिसके बाद आधिकारिक वार्ता होगी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा: बाप-बेटे हत्या मामले में चौथी गिरफ्तारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि



शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलितला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है। वह 12 अप्रैल को अपराध की घटना के बाद से फरार था।

उन्होंने बताया कि शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया।

## संसद में प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** संसद की कार्यवाही को लेकर एक नई किताब सामने आई है। इस किताब में सुझाव दिया गया है कि संसद में बहस के प्रारूप में व्यापक बदलाव और नवाचार की जरूरत है। किताब में कहा गया है कि नेताओं की बार-बार की जाने वाली बयानबाजी के बजाय लोगों की आकांक्षाओं को संसद में बेहतर ढंग से पेश करने और लोगों की समस्याओं के समाधान पर फोकस करने की जरूरत है। किताब में साल में कम से कम 100 दिन संसद की



कार्यवाही चलाने और कार्यपालिका को और जवाबदेह बनाने के लिए प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

**किताब में पीएम प्रश्नकाल का सुझाव**

लोकसभा सचिवालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव रहे देवेंद्र सिंह द्वारा लिखित किताब 'द इंडियन पार्लियामेंट: संविधान सदन टू संसद भवन' में बताया गया है।

### संसद की कार्यवाही साल में 100 दिन चलाने का सुझाव

**किताब** में कहा गया है कि संसद की कार्यवाही के बारे में जनता के मन में निराशा और अविश्वास कुछ सदस्यों के अनुचित दिखावे और लगातार अवरोध पैदा करने और अनैतिक आचरण का परिणाम है। संसद की कार्यवाही और प्रक्रिया के प्रारूप में बदलाव करने और नवाचार करने की जरूरत है।

## केंद्र से जुड़े मुकदमों को कम करने के लिए निर्देश जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कानून मंत्रालय ने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों को अगर ठीक से लागू नहीं किया जाए, तो इससे लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है। इससे केंद्र सरकार पर कानूनी बोझ बढ़ता है। मंत्रालय ने सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या को कम करने के लिए खास कदम उठाए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र सरकार एक पक्ष है। अकेले वित्त मंत्रालय ही लगभग 1.9 लाख मामलों में पक्षकार है। ये जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी महीने में राज्यसभा में दी थी।

**किस वजह से बढ़ते हैं मुकदमे ?:** कानून मंत्रालय के अनुसार, कई बार सरकार जनहित में फैसले तो लेती है, लेकिन उनका सही तरीके से लागू नहीं किया जाना या अस्पष्ट आदेश लोगों को परेशान करते हैं। इससे या तो लाभार्थियों को लाभ नहीं मिलता या फिर गलत लोगों को फायदा पहुंचता है। ऐसे में प्रभावित लोग इसे अन्याय मानकर अदालत में केस कर देते हैं। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए कानून मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग ने मुकदमों के प्रभावी प्रबंधन के लिए निर्देश जारी किए हैं।

### सरकार की सोच- मुकदमे नहीं, समाधान जरूरी

**कानून** मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के फैसलों का मकसद जनता की भलाई और सुशासन है। लेकिन जब फैसले ठीक से लागू नहीं होते, तो जनता को ही नुकसान होता है और सरकार पर मुकदमों का बोझ बढ़ता है। इसलिए मंत्रालय चाहता है कि नए निर्देशों से मुकदमे कम हों और प्रशासन बेहतर चले।

**आपातकालीन**


### होमगार्ड और अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक तकनीक से लैस करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

## हिमाचल में 700 होमगार्ड की भर्ती जल्द: मुख्यमंत्री सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिला के बलदेयां में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता की। समापन समारोह के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों द्वारा अग्निशमन और बचाव कार्यों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने विभाग की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 13 नए अग्निशमन वाहनों को भी हरी झंडी दिखाई। समारोह के दौरान



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अग्निशमन सेवा कर्मियों को उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया और 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की और सोलन जिला के नालागढ़ में वर्ष 2009 में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए दो अग्निशमन कर्मियों, शहीद जोगिंद्र पाल और शहीद घनश्याम के परिवारों को 5-5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अग्निशमन, होमगार्ड और पुलिस कर्मियों की बहादुरी और कार्य के प्रति समर्पण भाव की सराहना करते हुए कहा कि आग की भयावता के बीच जान-माल की रक्षा करना कर्तव्य के निर्वहन के साथ-साथ एक महान सेवा भी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य सरकार अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार होमगार्ड विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयास कर रही है और शीघ्र ही 700 नए होमगार्ड कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू जाएगी।

**घोषणा**

- मुख्यमंत्री ने 13 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाई, दो शहीदों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की घोषणा

## एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' की उड़ान पर तीन माह से रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** इस साल की शुरूआत से ही ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) को 'ग्राउंडेड' किए जाने से सैन्य अभियान प्रभावित हो रहे हैं।चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात भारतीय सेनाएं अग्रिम क्षेत्रों में निगरानी, टोही, खोज और बचाव मिशनों के लिए बहु भूमिका वाले एएलएच पर बहुत अधिक निर्भर हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित भारतीय सेना है, जिसके पास 180 से ज्यादा एएलएच का बेड़ा है। इसके बाद काफी हद तक वायु सेना और नौसेना भी एएलएच को तीन माह से जमीन पर खड़ा किये जाने के कारण प्रभावित हो रही है।

# बाबा साहेब ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज बनने का काम किया: विधायक देवेंद्र

**जयंती**

**रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः खेड़ी** गुर्जर गांव में डॉ. भीम राव अम्बेडकर मूल निवासी समिति की ओर से रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उनका यहां लोगों ने फूलमाला से स्वागत किया। विधायक कादियान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोगों ने अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान समिति ने गन्नौर ब्लॉक की करीब 11 समिति पदाधिकारियों को सम्मानित किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि बाबा साहेब जैसे महामानव सदी में एक बार पैदा होते है। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज बनने का काम किया। उनका किया गया कार्य आज भी सभी के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने शिक्षा के अधिकार का एक ऐसा दूध दिया है इस दूध का जितना लोग सेवन करेंगे वह उतने मजबूत होंगे। आज शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं हो सकता। जरूरी है कि आज सभी अपने बेटे व बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, शिक्षित व्यक्ति की समाज को अच्छी दिशा प्रदान कर सकता है। इस मौके पर विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन पर आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को बाबा साहेब की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष पंकज, सरपंच जगबीर छौक्कर, महीपाल, कृष्ण धानिया, प्रदीप कुमार, जितेंद्र तूर, नरेंद्र कुमार, सुशील धानिया, राकेश, सुकेश, अशोक कुमार, सोहनलाल, सतीश कुमार, नितेश आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान महादान है, समय-समय पर करते रहना चाहिए : अंकित मल्होत्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बाबा श्याम समिति व बेसहारा गौवंश उपचार केंद्र के सौजन्य से रविवार को पशु अस्पताल गढ़ी केसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मेडिकल कालेज खानपुर की टीम द्वारा आयोजित शिविर में 96 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। अंकित मल्होत्रा ने कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए हमें समय-समय पर करते रहना चाहिए । समिति के प्रधान मुकेश रोहिल्ला ने बताया कि यह समिति का 192वां रक्तदान शिविर है। मुख्य अतिथि अंकित मल्होत्रा ने समिति के कार्य की सराहना की।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एचपीसीएल की गैस आपूर्ति पाइपलाइन में लगी आग



**गन्नौर ।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस एक की 201 नंबर कंपनी के समीप एचपीसीएल की गैस पाइपलाइन में छेद होकर आग लगने से रविवार की दोपहर बाद एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गैस पाइपलाइन में लीकेज से अचानक आग लग गई। आग की ऊंची लपटों ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। वही आग लगने का कारण कंपनी के अधिकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद थी जब बिजली आपूर्ति चालू हुई तो अचानक बिजली के पोल से कोई चिंगारी चेंबर के अंदर पड़ी और उसने पाइप लाइन में छेद कर दिया, छेद होने के बाद आग लग गई । आग लगने के बाद लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र दमकल विभाग की टीम व एचपीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत प्रभाव से एचपीसीएल की आग लगने वाली गैस आपूर्ति पाइपलाइन से गैस आपूर्ति को बंद किया । दमकल विभाग की टीम आग बुझाने में लगी लेकिन तब तक आग बंद नहीं हुई ,जब तक गैस आपूर्ति पाइपलाइन से गैस पूरी तरह से खाली नहीं हुई । उसके बाद आग पर दमकल विभाग कर्मियों ने काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। गैस आपूर्ति पाइपलाइन को एचपीसीएल के अधिकारी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने रिपेयर कर ठीक कर दिया। तेजपाल ने बताया कि इस गैस आपूर्ति पाइपलाइन से किसी भी फैक्ट्री में सप्लाई न होने के कारण गैस आपूर्ति लाइन को चालू नहीं किया है उसे रिपेयर करके छोड़ दिया है ।

**खुली पड़ी गैस आपूर्ति पाइपलाइन में किसकी लापरवाही:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एचपीसीएल की गैस आपूर्ति लाइन में आग बुझाने के बाद देखा गया कि गैस आपूर्ति पाइपलाइन में बहुत बड़ा छेद हुआ है और उसे ज्यादा मात्रा में गैस निकालने के कारण आग की लपटे काफी ऊंची उठ रही थी । गैस आपूर्ति पाइपलाइन पर पानी की पाइपलाइन गुजरने के लिए चैंबर बनाया गया था। चेंबर के अंदर से गैस आपूर्ति पाइपलाइन बिना ढके होने के कारण ऊपर ही दिखाई दे रही थी । उसे शायद किसी ने पत्थर मारकर तोड़ दिया हो या कहीं ना कहीं आग लगने के कारण पाइप में बड़ा छेद हुआ है। उनका कहना है की गैस आपूर्ति पाइपलाइन को खुला छोड़ने में किस विभाग ने लापरवाही की है क्या प्रशासन करेगा कार्रवाई। लापरवाही से बड़ा हादसा हो जाता तो कौन होता जिम्मेदार ।

**एचपीसीएल के इमरजेंसी कंट्रोल रूम से मिली थी सूचना : तेजपाल सिंह**
बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र में एचपीसीएल गैस आपूर्ति पाइपलाइन के लिए तैनात अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि रविवार को दोपहर बाद गैस आपूर्ति पाइपलाइन में एचपीसीएल की इमरजेंसी कंट्रोल रूम से उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही आग लगने वाली गैस आपूर्ति पाइपलाइन को वॉल की मदद से बंद कर दिया था । आज की लपटे तब तक चली जब तक गैस आपूर्ति पाइपलाइन से गैस पूरी तरह से खाली नहीं हुई। पानी की पाइपलाइन के चेंबर बनाने में कहीं ना कहीं लापरवाही हुई है। वे इसकी जांच कर रहे हैं ।

# भारतीय चिकित्सा सुविधाओं में सुधार को संयुक्त राष्ट्र ने सराहाः डॉ अरविंद शर्मा

**सराहना**

**आयुष्मान भारत योजना से लेकर शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयासों की सराहना की है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना। सहकारिता,** कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य सुविधाओं में हुए सुधार की सराहना संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी हुई है। बीते एक दशक में हुए स्वास्थ्य बदलाव और करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य संरक्षण के बढ़े दायरे की बदौलत निरन्तर तीसरी बार देश मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। मरीज चिकित्सक पर भगवान की भांति भरोसा करते हैं, इसे बरकरार रखना हमारा दायित्व है। बीती देर शाम सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा व उनकी धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा ने एक निजी रेस्टोरेंट में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व इंडियन डेंटल एसोसिएशन की गोहाना इकाई द्वारा संयुक्त तौर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। आपकी ही बिरादरी का सदस्य होने के नाते मैं भी इस पूरी प्रक्रिया, आप सभी के मरीज के प्रति जिम्मेदारी के भाव को समझता हूं। जब भी कोई मरीज अस्पताल पहुंचता है तो उसे पूरा भरोसा होता है कि वो अपने भगवान चिकित्सक के हाथों में सुरक्षित है और जल्द ही स्वस्थ होकर अपने परिवार के पास लौटेगा।

ऐसे में बिना रूके, बिना थके, चिकित्सक अपने मरीज के प्रति जिस जिम्मेदारी को निभाते हैं, उसके लिए वो हमेशा आदरणीय, सम्मानीय हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसेवा का दायित्व संभाला है, तभी से हर क्षेत्र में बडे बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार लालकिला की प्राचीर से कहा था कि देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। कोई भी देशवासी जीवन जीने की गरिमा से वंचित न हो। देश को अपना जीवन दे चुके बुजुर्गों को इलाज की चिंता न हो। उनके नेतृत्व में आमजन के स्वास्थ्य को लेकर जो बदलाव हो रहे हैं, उसे लेकर संयुक्त राष्ट्र भी सराहना कर रहा है। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र ने भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत मिशन के तहत देशभर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक बदलाव पर खुशी जताई है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना से लेकर शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयासों की सराहना की है।

# जीडी गोयंका स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** खेवड़ा स्थित जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में छात्रों ने "कैशलेस अर्थव्यवस्था देश के विकास में बाधक या साधक" और "सीबीएसई द्वारा आयोजित दो बोर्ड छात्रों के लिए संगत या असंगत" विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए । प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन, राधाकृष्णन सदन, टेरेसा सदन, और टैगोर सदन के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विषय की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से दी। निर्णायक मंडली ने मानव रोहल को प्रथम, आकाशी रोहल को द्वितीय, और विधि व नव्या को तृतीय स्थान प्रदान किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में आधुनिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी वाद-विवाद क्षमता को विकसित करना था। प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# जिन्दल की ओर से 'वन वर्ल्ड-वन विजन' का आयोजन कर विदेशी मेहमानों का किया स्वागत

**विदेश मंत्रालय के समन्वय से विधायी प्रारूपण में 36वां अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** विधायी प्रारूपण में 36वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र में पहुंचे विदेशी नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल का सांसद नवीन जिन्दल की ओर से भव्य अभिनंदन किया गया। सांसद नवीन जिन्दल की तरफ से कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को 'वन वर्ल्ड वन विजन' के तहत बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर के उल्लेखनीय योगदान के बारे में पूरी जानकारी दी, साथ ही उन्होंने नवीन जिन्दल के व्यक्तित्व एवं कार्य शैली से अवगत कराया। रविवार को कोर्स डायरेक्टर डॉ. केएन चतुर्वेदी सहित 13 देशों के 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इस दौरान एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम 'वन वर्ल्ड-वन विजन' में धर्मवीर सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से सभी को देश के बुद्धिजीवियों के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की सोच है कि जिस तरह से सभी भारतीय एक हैं। उसी प्रकार पूरा विश्व भी एक ही ईश्वर की संतान है। धर्मवीर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि किस तरह विदेश से लौटने के बाद सांसद नवीन जिन्दल ने आम भारतीय को तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी। इसके साथ-साथ प्रतिनिधि मंडल को यह बताया गया कि किस तरह एक सफल उद्योगपति के रूप में देश-विदेश में नवीन जिन्दल ने अपनी पहचान बनाई और अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए जिन्दल परिवार पिछले कितने वर्षों से लगातार प्रयासरत है। धर्मवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग आईटीईसी कार्यक्रम के तहत विदेश मंत्रालय के समन्वय से विधायी प्रारूपण में 36वां अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। जिसके तहत प्रतिनिधिमंडल में शामिल 13 देश से 28 सदस्य इसमें भाग ले रहे हैं।

### एसआरके स्किल सेंटर गन्नौर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, 36 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




**गन्नौर।** एसआरके स्किल सेंटर गन्नौर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 36 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ पर्यावरण मित्र मनीष ट्री विलेज शहजादपुर द्वारा किया गया। एसआरके स्किल सेंटर के संचालक जोगेंद्र ने रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, बल्कि यह एक स्वस्थ प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला भी बढ़ाया। केंद्र के संचालक जोगेंद्र एसआरके स्किल सेंटर हरियाणा सरकार (हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड) के सहयोग से संचालित है, युवाओं को विभिन्न निशुल्क स्किल कोर्स भी करवाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। पर्यावरण मित्र मनीष ने पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रोहित ने रक्तदाताओं एवं आयोजकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# तीन ग्राम पंचायतों को नगरपालिका में शामिल किए जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** टेहा, बड़ी और रोशनपुर ग्राम पंचायतों को नगरपालिका में शामिल किए जाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। तीनों गांवों की ग्राम सभाओं में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वे नगरपालिका में शामिल नहीं होना चाहते। ग्राम पंचायतों ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग को औपचारिक रूप से प्रस्ताव भेजकर नगरपालिका में विलय का विरोध जताया है। तीनों गांवो में ग्रामीणों ने बैठक में भाग लेकर अपने विचार रखे और प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि प्रशासन उनकी बात नहीं मानता, तो ग्रामीण कड़ा विरोध भी करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के माध्यम से उनके गांव में विकास कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं। यदि तीनों गांव नगरपालिका में शामिल हुए तो उनके गांव विकास के मामले में पूरी तरह से पिछड़ जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि नगर पालिका के अंतर्गत आने से न केवल करों का बोझ बढ़ेगा बल्कि पंचायतों के माध्यम से मिलने वाली सुविधाएं भी प्रभावित होंगी। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने तीनों ग्राम पंचायतों से प्राप्त प्रस्तावों को जिला उपायुक्त कार्यालय को भेज दिए हैं। अब अंतिम निर्णय उपायुक्त स्तर से लिया जाएगा। टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि ग्राम सभा में ग्रामीणों ने गांव को नगरपालिका में शामिल न किए जाने का फैसला लिया है। ग्राम पंचायत ग्रामीणों के फैसले को मानते हुए अपना प्रस्ताव अधिकारियों को सौंप दिया है।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

मै जो कि भगत सिंह पुत्र काशी राम निवासी गांव सनपेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका वजीर सिंह व उसकी पत्नी मीनू मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि सुदेश पत्नी दयानंद निवासी मकान नंबर 1348/29 देवीलाल कालोनी सोनीपत तहसील व जिला सोनीपत की स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि विक्की मेरा सगा लड़का है जोकि शादीशुदा हैं। विक्की व उसकी पत्नी सुषमा मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करते हैं इसलिए मैं विक्की व उसकी पत्नी सुषमा को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि आज के बाद उपरोक्त दोनों कोई भी उचित या अनुचित कार्य करते हैं या फिर किसी से

## बेदखली सूचना

मै जो कि नौरत्न पुत्र काशी राम निवासी गांव पांची जाटान तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका मोहित व उसकी पत्नी सपना मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और वे अपनी मनमानी करते है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## नाम परिवर्तन

मैं, केला देवी पत्नी जेसी-145074 पत्नी नायब सुबेदार स्व. भाना राम निवासी गांव-टिटोली, पोस्ट ऑफिस-टिटोली, जिला-रोहतक (हरियाणा) बयान करती हूं कि मेरे पति के पीपीओ संख्या एमआईजीएस 0294791988 में मेरा नाम गलती से कमला देवी लिखा गया है, जबकि मेरा सही नाम केला देवी है और जन्मतिथि 01.01.1949 है, जिसे तदनुसार संशोधित किया जाए।

# जीपीएस वाले 1,111 टैंकरों से होगी सप्लाई, सीएम रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाई





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली जल बोर्ड के 1,111 जीपीएस युक्त पानी के टैंकर रवाना किए। इस दौरान के दिल्ली सरकार के मंत्री और दिल्ली के भाजपा के सांसद भी मौजूद रहे।

जल बोर्ड के यह टैंकर डीडीए ग्राउंड निरंकारी कॉलोनी आदर्श नगर से पानी की समस्या को खत्म करने कि लिए रवाना किए गए है। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमने पूरी कोशिश की हर काम में पारदर्शिता हो। कहीं भी भ्रष्टाचार के लिए लीकेज नहीं रहेगी, न पानी की लीकेज रहेगी न भ्रष्टाचार की लीकेज रहेगी। दिल्ली की जल आपूर्ति को पारदर्शी, सुसंगठित और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य हमें पूरा पानी देते है, लेकिन हमारे पास ही जल भंडारण की क्षमता कम थी। दिल्ली की भाजपा सरकार आज जल भंडारण की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रही हैं। वजीराबाद बैराज की जल भंडारण क्षमता को अगले डेढ़ महीने में दोगुना करने का काम जारी है।

दिल्ली के सभी जल भंडारण स्थलों की क्षमता को बढ़ाया जाएगा। दिल्ली के हर गांव और हर व्यक्ति तक पानी पहुंचना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से पानी की बबार्दी न करने और इसका सही उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग दिल्ली बोर्ड के पानी से अपनी गाड़ियों को न धोए।

## फ्लो मीटर लगाने की भी योजना

**रेखा** गुप्ता ने 27 साल के 'खराब दौर' को समाप्त करने का दावा करते हुए कहा कि दिल्ली में टाउन प्लानिंग की जाएगी और हर घर तक पानी पहुंचाया जाएगा। डिजिटल इंडिया को सभी विभागों में लागू करने और फ्लो मीटर लगाने की भी योजना है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ पानी के लिए 150 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा, 'ये टैंकर पहले भी चलते थे। लेकिन अब टैंकर को ट्रैक भी किया जा सकेगा। पहले टैंकर माफिया शब्द चलता था। हमने दिल्ली जलबोर्ड आईटी डैशबोर्ड से जोड़ दिया है। दिल्ली गर्मी में पानी की मांग काफी बढ़ जाती है। 10 साल की आप-दा की सरकार और 10 हफ्ते की रेखा सरकार आज दिखा रही है क्या हो सकता है। दिल्ली में हर जगह नाले और सीवर की सफाई हो रही है।

**मंत्री** कपिल मिश्रा ने कहा, "मुख्यमंत्री और हमारे जल मंत्री प्रवेश वर्मा के नेतृत्व में आज ये 1,111 टैंकर को हरी झंडी दिखाई। इन सबमें जीपीएस लगा हुआ है। दिल्ली में कौन सा टैंकर कहां पर होगा, ये दिल्ली का हर नागरिक देख सकता है। उसमें कितना पानी है इसे भी ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकता है। टैंकर का पानी अब वहीं जाएगा जहां भेजा गया है। किसी माफिया के हाथों में बेचा नहीं जा सकता। ये एक ऐतिहासिक शुरूआत है। दिल्ली की सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है।"



**दिल्ली** में टाउन प्लानिंग की जाएगी और हर घर तक पानी पहुंचाया जाएगा। डिजिटल इंडिया को सभी विभागों में लागू करने और फ्लो मीटर लगाने की भी योजना है। स्वच्छ पानी के लिए 150 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है।
**मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता**



**दिल्ली** के पड़ोसी राज्य हमें पूरा पानी देते है, लेकिन हमारे पास ही जल भंडारण की क्षमता कम थी। दिल्ली की भाजपा सरकार आज जल भंडारण की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रही हैं।
**जल मंत्री, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा**



**मुख्यमंत्री** और जल मंत्री प्रवेश वर्मा के नेतृत्व में आज ये 1,111 टैंकर को हरी झंडी दिखाई। इन सबमें जीपीएस लगा हुआ है। दिल्ली में कौन सा टैंकर कहां पर होगा, ये दिल्ली का हर नागरिक देख सकता है। उसमें कितना पानी है इसे भी ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकता है।
**मंत्री, कपिल मिश्रा**

## टैंकर माफिया को खत्म करेंगे: सिरसा

टैंकर माफिया को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फैसला किया है कि सभी टैंकरों की जीपीएस से निगरानी की जाएगी। हर कोई, सरकार और आम लोग, जानकारी तक पहुंच सकते हैं। 1000 से अधिक टैंकर हैं। कोई बुनियादी ढांचा नहीं है क्योंकि कुछ भी नहीं किया गया। हमें सब कुछ शून्य से शुरू करना होगा। इसमें समय लग सकता है, लेकिन हमारी सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है।"




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग में आयोजित श्री राधा कृष्ण मंदिर धाम की श्रीमद्भागवत कथा, माता की चौकी और श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित हुई।

# बीएसईएस का कर्मचारी बनकर ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने बीएसईएस का कर्मचारी बनकर ठगी करने वाले एक जालसाज को झारखंड के जामतारा से गिरफ्तार किया है। शुरूआती जांच में पता चला कि आरोपी विकास मंडल बीएसईएस ग्राहक सहायता के नाम पर पीड़ितों के साथ ठगी करता था। वह साइबर धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल रहा है। उससे दो स्मार्ट फोन बरामद किए गए हैं। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि आरके पुरम सेक्टर-1 नवासी शिकायतकर्ता ने 2 फरवरी को शिकायत दी थी कि उसने अपने बीएसईएस कनेक्शन के स्वामित्व हस्तांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया।

# देवदूत बनी विक्टर-रैंबो की जोड़ी... महिला को बचाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर के शक्ति विहार में सुबह एनडीआरएफ की टीम मशीनों व डॉग स्क्वायड के साथ बचाव कार्य में जुटी थी। सुबह करीब 11:30 बजे अचानक एक स्थान पर जाकर विक्टर और रैंबो ने भौंकना शुरू कर दिया। टीम के सदस्य फौरन समझ गए कि अंदर मलबे में कोई जिंदा है। टीम ने तुरंत मलबा हटाना शुरू कर दिया। करीब 20-25 मिनट बाद टीम को एक महिला का हाथ दिखाई दिया। वह हाथ हिला रही थी। अंदर से धीरे-धीरे उसके कराहने की आवाज भी आ रही थी। इसके बाद तहसीन की पत्नी जीनत (58) को निकालकर अस्पताल भेजा गया। लोगों को जब पता चला कि दोनों कुत्तों ने महिला को मलबे से निकालने में मदद की है तो चर्चा का विषय बना रहा। कुछ लोगों ने इन कुत्तों की तस्वीरें भी लीं। दोनों कुत्तों ने मलबे से कई शवों को निकालने में मदद की।

**एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत:** सुबह होते-होते मलबे से करीब 15 लोगों को निकाल लिया गया, जिनमें चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी दिन भर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद धीरे-धीरे और लोगों को मलबे से निकालने का सिलसिला जारी रहा। दोपहर तक मृतकों की संख्या 11 तक पहुंच गई। इसमें एक ही परिवार के आठ लोग शामिल हैं।

## सीएम रेखा गुप्ता ने दिए जांच के आदेश

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा दुख जताते हुए हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। दोपहर को स्थानीय भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट व दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा घटना स्थल पहुंचे और राहत बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने आदेश दिया है कि एरिया में ऐसी और खतरनाक इमारतों को तुरंत खाली करवाया जाए।

## घायलों का जीटीबी अस्पताल में इलाज जारी

**मृतकों** में मकान मालिक तहसीन, उसके बेटे नाजिम, नाजिम की पत्नी शाहिना, बेटा अनस, अफ्फान, बेटी आफरीन, तहसीन के बेटे चांद की पत्नी चांदनी और तहसीन के ससुर इशहाक के अलावा किराएदार शाहिद के दो बेटे दानिश और नावेद व दूसरे किरायेदार नबी मोहम्मद की पत्नी रेशमा शामिल हैं। मौके पर एमसीडी की चार जेसीबी, एक क्रेन मलबा हटाने में जुटे हैं।

# मुस्तफाबाद हादसा: पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर महेश कुमार खींची और आम आदमी पार्टी के नेता आदिल खान ने आआपा कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन करते हुए मुस्तफाबाद हादसे के दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की है। महापौर महेश कुमार खींची ने मुस्तफाबाद विधानसभा के दयालपुर इलाके में चार मंजिला इमारत गिरने और हादसे में जान गंवाने वालों लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हादसा बेहद ह्दयविदायक है और पीड़ितों के प्रति उनकी पूरी संवेदना है। महापौर ने कहा कि हादसे के दोषियों पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए दिल्ली नगर निगम आयुक्त का कहा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह बेहद दुख की बात है और पूरा तंत्र ही भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने कहा कि हादसे के दोषी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई और उन्हें निलंबित करने को लेकर दिल्ली नगर निगम को पत्र लिख रहे हैं।

महापौर ने कहा कि हादसे के बाद वह घटना स्थल पर मौजूद रहे और बचाव को तेजी लगने के भी कहा। उन्होंने कहा कि हादसे के दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। आम आदमी पार्टी के नेता आदिल खान ने दिल्ली सरकार द्वारा अभी तक मुआवजे की घोषणा न करने की निंदा की है। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रुपये और घायलों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है।

## ... तो भाजपा के पास पैसा नहीं होता

**महेश** कुमार ने कहा कि यह एक बहुत दुखद घटना है। भगवान मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवारों को शक्ति प्रदान करें, लेकिन प्रार्थनाएं पर्याप्त नहीं हैं। सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। दिल्ली सरकार विभिन्न आयोजनों के लिए करोड़ों रुपये का बजट पारित करती है, लेकिन जब गरीबों की मदद की बात आती है तो उसके पास पैसा नहीं होता।

## जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए

**महापौर** ने यह भी कहा, 'दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आयुक्त को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें लापरवाही के दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई जवाबदेही तय नहीं की गई है। हमने मांग की है कि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।'

# सीलमपुर हत्याकांड: पुलिस ने आठ को पकड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो नाबागलिग समेत आठ लोगों को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों की पहचान सीलमपुर निवासी साहिल, गौतम पुरी निवासी सोहेब, मेरठ उप्र निवासी नफीश, मेरठ निवासी अनीश, सीलमपुर निवासी जाहिदा, विकास और दो नाबालिग के रूप में हुई है। जांच के दौरान आरोपितों में ज़िकरा, साहिल, और दो नाबालिग के खिलाफ सबूत एकत्र किए गए। इन्होंने कुणाल पर हमला करने की साजिश रची थी। इसके अलावा बाकी आरोपितों की भूमिका मुख्य आरोपित को भागने और छिपने में मदद करने में पाई गई। पुलिस के अनुसार उक्त मामले में अभी तक नौ लोगों को पुलिस पकड़ चुकी है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम साढ़े सात बजे नाबालिग कुनाल की उसके घर से कुछ ही दूरी पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया था जब कुणाल अपने बीमार पिता के लिए चाय बनाने के लिए दूध लेने के लिए दुकान जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि कुणाल पर हुए हमले के बाद उसको तुरंत पास ही के अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## कौन है लेडी डॉन जिकरा?

सीलमपुर हत्याकांड में मुख्य आरोपित में सबसे ज्यादा सुर्खियों में बना हुआ है वो लेडी डॉन जिकरा का है। अभी तक की जांच में पता चला है कि जिकरा अपने भाई दिलशाद और साहिल के साथ मिलकर एक गैंग चलाती थी। साथ ही सोशल मीडिया पर वो हथियारों के साथ रौब जमाते हुए वीडियो भी अपलोड करती थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लेडी डॉन जिकरा जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी के लिए बाउंसर के रूप में काम करती थी।

# ड्रग्स तस्करी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स तस्करी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।



पकड़े गए आरोपितों की पहचान बिरेन्द्र प्रताप सिंह और जय राम दास के रूप में हुई है।

पुलिस ने इनके कब्जे से 27 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। दोनों आरोपित समयपुर बादली के रहने वाले है। जांच में पता चला है कि दोनों आरोपित ओडिशा और बिहार से गांजा लाकर दिल्ली एनसीआर में तस्करी कर रहे थे। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि पकड़ा गया जय राम दास मूलतः बिहार का रहने वाला है। वह ओडिशा से दिल्ली गांजा की आपूर्ति की जिम्मेदारी संभालता था। उसे उसके साथी बिरेन्द्र प्रताप सिंह से प्राप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सबसे पहले बिरेन्द्र प्रताप सिंह को दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 27.568 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ के दौरान बिरेन्द्र प्रताप सिंह ने खुलासा किया कि उसका सहयोगी जय राम दास, गांजा की बिक्री से प्राप्त धनराशि इक्ट्ठा करने के लिए उससे मिलने आने वाला था। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने जय राम दास को दबोचा।

# प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर हमला

## डंडे से पिटाई के बाद उसके दोस्त को चाकू से गोदा

**वारदात**

▶▶ प्रॉपर्टी डीलर की डंडे से पिटाई के बाद उसके दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नांगलोई इलाके में लाठी डंडे और चाकू से लैस हमलावरों ने प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर हमला कर दिया। प्रॉपर्टी डीलर की डंडे से पिटाई के बाद उसके दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया। हमलावर कार्यालय में तोड़फोड़ कर भाग गए। चाकू लगने से घायल युवक को पास के अस्पताल ने भर्ती कराया गया जहां से उसे लोक नायक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। प्रॉपर्टी डीलर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। 23 साल के दीपक सिंह का कमरुद्दीन नगर में बजरंग प्रॉपर्टीज और फाइनेंस का कार्यालय है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक ने बताया कि 16 अप्रैल की रात वह अपने दोस्तों के साथ कार्यालय में बैठकर बातचीत कर रहे थे। रात करीब 7.30 बजे दो बाइक पर सवार कुछ युवक कार्यालय पर पहुंचे। उनके हाथ में लाठी-डंडे और चाकू थे। युवकों ने बाहर से कार्यालय के शीशे पर पथराव कर दिया। उसके बाद चार पांच युवक जबरदस्ती कार्यालय में घुस गए। हमलावरों ने उस पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमले के दौरान उनका एक दोस्त दीपांशु हमलावरों से बचकर कार्यालय से बाहर भागा।

# कैट का राष्ट्रीय सम्मेलन 22 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) 22 अप्रैल को कंस्टीट्यूशन क्लब में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (ऐमरा) और ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन (एआईसीपीडीएफ) के सहयोग से होने वाले इस सम्मेलन का विषय है "क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का क्रूर चेहरा।" आयोजकों का कहना है कि सम्मेलन में देशभर के व्यापारी नेता, नीति विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री और अन्य हितधारक शामिल होंगे, जो डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के कारण पारंपरिक व्यापार प्रणाली पर मंडरा रहे गंभीर खतरों और अनैतिक गतिविधियों को उजागर करेंगे। उनका मानना है कि क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स की अनियंत्रित वृद्धि ने अनुचित मूल्य छूट, उपभोक्ताओं के व्यवहार में हेरफेर, एफडीआई नियमों का उल्लंघन और छोटे व्यापारियों की उपेक्षा जैसे गंभीर मुद्दे सामने ला दिए हैं। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, "अब वक्त आ गया है कि क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स के काले सच को देश के सामने लाया जाए। उपभोक्ता जहां एक ओर सुविधा देखता है, वहीं व्यापारी बबार्दी झेल रहा है।" उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का उपयोग एक आर्थिक हथियार के रूप में किया जा रहा है, जिससे बड़ी कंपनियां लागत से कम दाम पर सामान बेच रही हैं।

# कांग्रेस ने मुस्तफाबाद हादसे की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुस्तफाबाद हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच के आदेश देकर निगम आयुक्त से जांच की रिपोर्ट मांगने से अपना पल्ला तो झाड़ लिया है लेकिन इससे इतने बड़े हादसे की भरपाई हो सकती है। मृतकों को इंसाफ दिलाने के लिए हादसे की न्यायिक जांच होनी चाहिए और प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा दिया जाए। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है। उन्होंने ने कहा कि मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख का मुआवजा आज महंगाई के हिसाब से कुछ भी नहीं है। इसलिए मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 2-2 लाख रुपये मुआवजा तुरंत प्रभाव से दिया जाना चाहिए। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली के गांव, अनाधिकृत कालोनियां और पुनर्वास कालोनियां जहां पर



दिल्ली की 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी रहती है वहां पर भवनों के नक्शे पास नहीं होते इसलिए बिल्डिंग बॉयलॉस व निर्माण से संबधित कानूनों में आमूल चूल संशोधन की जरूरत है। इससे लोगों के नक्शे आसानी से पास होंगे और लोग कानून के अनुसार अपने मकान बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि जो कॉलोनियां वर्ष 1977 में पास हुई थी, उनमें आज तक भवन निर्माण के नक्शे पास नहीं होते। उन्होंने कहा कि दिल्ली क्योंकि देश की राजधानी है इसलिए यहां की आबादी प्रतिदिन बढ़ रही है इसलिए भवन निर्माण के कानून में ऐसा संशोधन किया जाए। देवेंद्र यादव ने मुस्तफाबाद में चार मंजिला इमारत ढहने से 11 लोगों की मौत के लिए सीधे तौर पर भाजपा और आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि हादसे की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच होनी चाहिए और अनधिकृत निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों पर रोक लग सके। मुस्तफाबाद में इमारत ढहने से 11 लोग घायल भी हुए है। मुस्तफाबाद में 2015 भाजपा, 2020 में आम आदमी पार्टी और 2025 में फिर भाजपा के विधायक है जिनके संरक्षण में अनधिकृत निर्माण भरपूर हो रहा है। देवेंद्र यादव ने अनधिकृत निर्माण के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम में 15 वर्ष भाजपा और पिछले 3 वर्षों से आम आदमी पार्टी निगम का शासन है।

**न्यायिक जांच**

▶▶ प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की

# धन्ना भगत जी का जीवन प्रेरणास्रोत: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धन्ना भगत जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम सभी एक बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें और समाज से जात-पात, ऊँच-नीच की खाइयों को पाटते हुए भाईचारा बढ़ाने का काम करें।
मुख्यमंत्री आज धन्ना भगत जी की जयंती के अवसर पर जिला जींद के उचाना के गाँव पालवां में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने दाड़न खाप द्वारा रखी गई मांगों पर घोषणा करते हुए कहा कि गांव पालवां में तालाब की रिटेनिंग वॉल, एक शेड तथा एक कमरे का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, गांव पालवां में दाड़न खाप भवन की चारदीवारी और ग्रिल का कार्य भी पूरा करवाया जाएगा। इसके अलावा, दाड़न खाप भवन में बरामदा-कम-हॉल का निर्माण भी करवाया जाएगा। इसके अलावा, पालवां में दाड़न खाप भवन में 40 केवी लोड बढ़ाने के लिए आवेदन करने पर विभागीय मानदंडों के अनुसार भवन में 40 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन को धन्ना भगत की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धन्ना भगत जी का व्यक्तित्व पूर्णिमा के चन्द्रमा की तरह शीतल और उज्ज्वल था। वे विख्यात संत रामानंद आचार्य जी के शिष्य थे। संत रामानंद आचार्य जी ने उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन का व्यापक प्रचार- प्रसार किया था। उनकी प्रेरणा से ही धन्ना भगत जी ने भक्ति आंदोलन का इतना प्रचार किया कि उन्हें राजस्थान में इस आंदोलन का प्रणेता कहा जाने लगा। धन्ना भगत जी का जीवन सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत महात्माओं, ऋषि मुनियों और गुरुओं ने भूली भटकी मानवता को जीवन का सही मार्ग दिखाया है। ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर है और उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है।





### भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए पाठ्यक्रम की पुस्तकों में जोड़ा जाए धन्ना भगत जी का जीवन- सुभाष

**कार्यक्रम** के संयोजक और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि धन्ना भगत जी ने अपनी भक्ति से स्वयं भगवान कृष्ण को प्रकट किया था और हम उसी धरती पर धन्ना भगत जी की जयंती मना रहे हैं। हरियाणा की धरा से ही भगवान कृष्ण ने विश्व को कर्म का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि उस दौर में किस प्रकार से हमारी संस्कृति के ऊपर हमले हो रहे थे, उस दौर में सबसे छोटी उम्र में धन्ना भगत जी ने समाज में समरसता की अलख जगाने का काम किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया धन्ना भगत जी के जीवन के बारे में पाठ्यक्रम की पुस्तकों में जोड़ने का काम करें ताकि समाज, विशेष तौर पर भावी पीढ़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा मिले।

### संतों-महात्माओं ने तपस्या कर जन सेवा का पुनीत कार्य किया: ओम

पूर्व मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने धन्ना भगत की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरि की धरा हरियाणा में अनेक संतों-महात्माओं ने तपस्या करके जन सेवा का पुनीत कार्य किया है। संतों को आराध्य मानकर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन सरकार द्वारा किया जा रहा है, जो समाज में समरसता के संदेश को फैलाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता-जनार्दन रूपी भगवान के सामने हाथ जोड़े रहते हैं और उनकी उपासना के साथ आगे बढ़ते हैं।

## बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के लिए 11 लाख का दिया योगदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के शुभ अवसर पर देश भगत वश्वविद्यालय ने बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक फाउंडेशन ट्रस्ट के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन करने के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश भगत विश्वविद्यालय ने 11 लाख रुपये के योगदान के साथ बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक का समर्थन किया। फाउंडेशन ट्रस्ट के मार्गदर्शन में विकसित किए जा रहे इस स्मारक का उद्देश्य भारत में पहला संप्रभु सिख शासन स्थापित करने वाले एक श्रद्धेय सिख योद्धा और नेता बाबा बंदा सिंह बहादुर की बेजोड़ बहादुरी और बलिदान का सम्मान करना है। ट्रस्ट इस भव्य स्मारक के विकास के माध्यम से इस प्रतिष्ठित ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नेक काम के समर्थन में, देश भगत विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. जोरा सिंह; देश भगत विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. (इंजी) संदीप सिंह; अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक अरुण मलिक; और देश भगत विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. बलदीप सिंह ने 11 लाख रुपये का चेक भेंट किया। यह चेक औपचारिक रूप से केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को सौंपा गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह भी उपस्थित रहे।

**सम्मान**

**सिख योद्धा और नेता बाबा बंदा सिंह बहादुर की बेजोड़ बहादुरी और बलिदान का सम्मान करना है**

## न्यूज फ्लैश

### शिष्टमंडल हरियाणा विधानसभा और कसौली का भ्रमण करने उपरांत कुरुक्षेत्र रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** 36वें अंतरराष्ट्रीय विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भारत आया 13 देशों का 27 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा का विस्तृत भ्रमण कर विधायी कार्यप्रणाली को समझने और कसौली का भ्रमण करने उपरांत रविवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र रवाना हो गया। कुरुक्षेत्र में इस शिष्टमंडल ने अनेक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। शिष्टमंडल के इस दौरे की शुरूआत चंडीगढ़ में 16 अप्रैल को विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट से हुई थी। इसके बाद शिष्टमंडल ने विधान सभा की अनेक शाखाओं का अवलोकन कर विधायी कार्यप्रणाली को समझा है। शिष्टमंडल ने रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित ह्यधरोहर संग्रहालयह्न और इसके बाद श्रीकृष्णा म्यूज़ियम का अवलोकन किया। विदेशी प्रशिक्षणार्थियों का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर संग्रहालय में पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया और उन्हें संबंधित अधिकारियों ने धरोहर के बारे में जानकारी दीं। इसके बाद शेख चिल्ली का मकबरा देखा गया। प्रशिक्षणार्थियों ने शेख चिल्ली के मकबरे में खास दिलचस्पी दिखाई, जिसके बाद वे गीता ज्ञान संस्थान गए, जहां उन्हें जलपान करवाया गया तथा संस्थान का महत्व और श्री कृष्ण से जुड़े सन्दर्भों से परिचित कराया गया। संस्थान भ्रमण में विदेशी अधिकारियों की विशेष रूचि ली। इसके बाद हर्षवर्धन किला और मां भद्रकाली मंदिर के दर्शन भी करवाए गए। शाम को सन्निहित सरोवर दर्शन, गीता ज्ञान संस्थानम का भ्रमण, कल्पना चावला मेमोरियल प्लैनेटेरियम देखने के बाद शिष्टमंडल ब्रह्म सरोवर पर आरती में शिरकत की। रात को ज्योतिसर में लाइट एंड साउंड शो भी दिखाया गया।

### केंद्र व प्रदेश के लिए जल्द होगी भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश और प्रदेश के लिए जल्द ही नए अध्यक्षों की घोषणा होगी। मंत्री ने रविवार को सेक्टर 23 के वार्ड नंबर 5 में एक करोड़ 64 लाख रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। गुर्जर ने कहा कि प्रदेश और देश में अध्यक्षों के लिए चुनावी प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही केन्द्र और प्रदेश के लिए अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। गुर्जर ने कांग्रेस के संगठन चुनाव को लेकर कोई प्रतिक्रया नही दी। उन्होंने कहा कि वह उनकी पार्टी का निजी मामला है। हमारी पार्टी का ऐजेंडा केवल विकास है और वह उसी को लेकर काम कर रहे है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इलाके में एक करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से 32 गलियों को आरएमसी के माध्यम से बनाया जा रहा है । वही साथ ही इलाके में सौंदर्यीकरण के लिए टाइल भी लगाए जा रहे हैं । इसके अलावा गर्मियों को देखते हुए लोगों को पानी की दिक्कत ना हो, इसलिए 22 लाख रुपए की लागत से दो ट्यूबवेल भी लगाए जा रहे हैं। जिससे लोगों को पानी की दिक्कत से निजात मिल सके । उन्होंने ने कहा कि गर्मियों के मौसम में पानी की जरूरत बढ़ जाती है, इसीलिए कई बार पानी की समस्या सामने आती है। लेकिन अब एक बड़ी योजना बनाई जा रही है जिसके चलते रेनीवेल के माध्यम से अगले एक डेढ़ साल में एनआईटी विधानसभा को पानी मिलना शुरू हो जाएगा और इलाके में पानी की दिक्कत पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### पंचायत मंत्री ने मतलोड़ा में किया विकास कार्यों का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गांव मतलौडा की फिरनी पर स्ट्रीट लाइट के कार्य का रविवार शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृष्ण लाल पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव की फिरनी पर 16 लाख 50 हजार रुपये की लागत से 75 स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा रही हैं। इस फिरनी की कुल लंबाई लगभग 4 किलोमीटर है, जिस पर प्रत्येक 50 मीटर की दूरी पर 90 वॉट क्षमता वाली एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। इस व्यवस्था से गांववासियों को रात के समय सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा गांव की समग्र सुंदरता में भी वृद्धि होगी। मंत्री ने बताया कि ग्राम मतलौडा के बस स्टैंड पर आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगभग 4 लाख रुपये की लागत से दो शौचालयों का निर्माण भी किया जाएगा।

## पंजाब की जनता मोदी के नेतृत्व में देख रही प्रगति की आशा: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की साख को वैश्विक स्तर पर ऊंचा किया है और भारत को नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश-प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहे हैं। हरियाणा की तरह पंजाब भी प्रगति और उन्नति करें, इसके लिए अब, पंजाब की जनता को भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रगति की आशा है। पंजाब के लोगों ने विभिन्न पार्टियों पर भरोसा किया, लेकिन उन्हें सिर्फ निराशा मिली। इसलिए उन्हें विश्वास है कि नरेंद्र मोदी ही पंजाब को आगे ले जा सकते हैं। नायब सिंह सैनी ने उनके सम्मान एवं अभिनन्दन के लिए आज जीरकपुर में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। इस मौके पर पंजाब के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया और उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की । इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे पंजाब के युवाओं से बात करते हैं तो युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लेते हैं। आज पंजाब के किसान एवं युवा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़ना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जब पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार हरियाणा में बनी थी, तब से हरियाणा की जनता भाजपा सरकार पर लगातार भरोसा जता रही है और समर्थन दे रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब उन्होंने 12 मार्च, 2024 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तो 50 हजार सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन 56 दिन के भीतर ही आचार संहिता लगने से नियुक्तियां नहीं हो सकी। परंतु उन्होंने हरियाणा के युवाओं से वादा किया था कि शपथ लेने से पहले ज्वाइन कराऊंगा। उन्होंने शपथ से पहले ही 25 हजार युवाओं को ज्वाइन करवाकर अपना वादा निभाया।

**हरियाणा की तरह पंजाब में भी किसानों के सम्मान में नहीं आने दी जाएगी कमी**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी नीतियां आमजन के हित में लागू की जा रही हैं। हरियाणा में सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं और यही सुझाव उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री को भी दिया था, पर उन्होंने नहीं माना। जब पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो पंजाब के किसानों की फसलें भी एमएसपी पर खरीदी जाएंगी। हरियाणा की तरह पंजाब में भी किसानों के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



### आयुष्मान और चिरायु योजना से हरियाणा के लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएँ

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के लोग आयुष्मान और चिरायु योजना का लाभ उठा रहे हैं। इस योजना के तहत 20 लाख लाभार्थियों को इलाज मिला, जिसमें 6500 करोड़ रुपये हरियाणा सरकार द्वारा वहन किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना का लाभ देने की घोषणा की थी, जिसे हरियाणा सरकार ने पूर्ण रूप से लागू किया और अब तक 12,000 बुजुर्ग लाभान्वित हुए। वर्ष 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है।

## गन्नौर के कई गांवों में खेतों में आग, 15 एकड़ फसल व अवशेष जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शनिवार देर रात गन्नौर क्षेत्र के कई गांवों में खेतों में आग लग गई, जिससे करीब 15 एकड़ फसल जलकर राख हो गई।
गांव पबनेरा में किसान राजू के तीन एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी फसल जल चुकी थी। जानकारी के अनुसार, खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में शार्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली और देखते ही देखते फसल में आग लग गई। इस घटना से किसान राजू को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके अलावा चिरस्मी, पुरखास और गन्नौर गांव में भी करीब 12 एकड़ फसल अवशेष आग की चपेट में आ गई। सभी मामलों में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट ही बताया जा रहा है।



### जाट धर्मशाला समिति के दोबारा से सर्वसम्मति से प्रधान बने वीरेंद्र राठी

**गन्नौर।** खेड़ी गुर्जर रोड स्थित जाट धर्मशाला की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ । जिसमें दोबारा से वीरेन्द्र राठी को प्रधान ,उप प्रधान रामधारी खोखर, महासचिव इन्द्रजीत, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह, सहसचिव सतबीर पहल को चुना गया । कार्यकारिणी के सदस्य रमेश अटायल, राम करण दहिया, मास्टर दयानन्द, रमेश नैन, जयवीर राठी, प्रेम छिक्कारा, रामकंवार कादियान, ओम प्रकाश, राजेन्द्र मलिक, धर्मपाल कटारिया, वीरेन्द्र भक्कर को बनाया गया।

## छात्रों ने कहानी सुनाने में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजित हुई। छात्रों ने क्ले मॉडलिंग और कहानी सुनाने में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। तीसरी से पांचवी कक्षा के छात्रों ने रंग-बिरंगी क्ले की सहायता से अपनी कल्पना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके बनाए मॉडल्स में न केवल रचनात्मकता दिखी, बल्कि विषय को समझने की गहराई भी नजर आई। शिक्षकों ने बच्चों को सामग्री लाने में मार्गदर्शन दिया और आयोजन को पूरी तरह व्यवस्थित रूप से संचालित किया। कहानी सुनाने की प्रतियोगिता कक्षा पीपी वन से दूसरी के नन्हे-मुन्ने छात्रों के लिए आयोजित की गई । बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ अपनी कहानियाँ प्रस्तुत कीं। प्रेरणादायक कहानियों से बच्चों को आनंदित किया और उन्हें कल्पना की दुनिया में ले गए। निदेशक अजय यादव ने कहा कि हर बच्चा अपने भीतर असीम संभावनाएं रखता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उन्हें मंच देते हैं जहाँ वे स्वयं को अभिव्यक्त करना सीखते हैं। यह आत्मविश्वास ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उप-प्राचार्य अरुण गौतम ने कहा रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के समग्र विकास का अहम हिस्सा हैं।

**प्रतियोगिता**

**तीसरी से पांचवी कक्षा के छात्रों ने रंग-बिरंगी क्ले की सहायता से अपनी कल्पना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया**

## जोगी समाज की बैठक आयोजित: देवेंद्र कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जोगी समाज हरियाणा एवं 36 बिरादरी अनुयायियों की एक बैठक रविवार को गढ़ी झंझारा रोड स्थित जोगी धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में गुरु शिव गोरखनाथ के प्रकटोत्सव समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। यह समारोह 18 मई को गन्नौर की नई अनाज मंडी में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जोगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद जोगी ने की। कार्यक्रम में गन्नौर विधानसभा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी सहित विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्ति एवं समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि प्रकटोत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने कहा कि यह समारोह समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाला होगा। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन की ओर से आयोजन को पूर्ण सहयोग मिलेगा। देवेंद्र कौशिक ने समाज के युवाओं और अनुयायियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। बैठक में प्रदेशभर से आए जोगी समाज के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिलों में जाकर सम्मेलन का न्यौता देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर जोगी समाज के प्रदेश सलाहकार चरण सिंह जोगी, प्रदेशाध्यक्ष सोनू जोगी, महिला अध्यक्ष सीमा जोगी, राष्ट्रीय सचिव विक्रम जोगी, दूलींचद जोगी, गन्नौर महिला अध्यक्ष संतोष जागी, धर्मबीर जोगी, जगदेव, रामकुमार, जयभगवान, कैलाश जोगी, सुरेश जोगी सहित अन्य मौजूद रहे।



## संविधान ने दिया सभी को समानता का अधिकार: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों से बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की सोच को आगे बढ़ा रही है और अंत्योदय के मूलमंत्र पर चलते हुए हर वर्ग का उत्थान कर रही है। डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों के अनुरूप समाज का हर वर्ग स्वाभिमान से आगे बढ़े और एक जुट होकर देश व समाज की भलाई के लिए कार्य करें। केंद्रीय मंत्री शनिवार को देर शाम जिला करनाल के नीलोखेड़ी के गांव हैबतपुर में आयोजित संविधान सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मनोहर लाल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखा, जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान कहलाया। भारतीय संविधान एक पवित्र ग्रंथ है, जब भी हम शपथ लेते हैं संविधान या पवित्र ग्रंथ गीता को साक्षी मानकर लेते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन का प्रावधान है, भाजपा सरकार ने जनता की अच्छाई के लिए संशोधन किए हैं जबकि विपक्ष की सरकार ने अपनी पार्टी की भलाई के लिए संशोधन किए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया बल्कि उनको चुनाव भी नहीं जीतने दिया जबकि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उन्हें 1955 में राज्यसभा का सदस्य बनवाने में सहयोग किया।



## कांग्रेस पूरी तरह से देश भर में खो चुकी है अपनी जमीन: डॉ अरविंद

**बजट बढ़ाया**

**प्रदेश में गौशालाओं को कभी मिलता था दो करोड़ बजट, वर्तमान सरकार ने बढाकर किया 500 करोड़: डॉ अरविंद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में किसी समय में गौशालाओं के लिए मात्र दो करोड़ रुपये का ही बजट था, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने इस बजट को बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये कर दिया। उन्होंने कहा कि गायों की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी तरह से कृत संकल्प है। डॉ अरविंद शर्मा ने रविवार को जिला रोहतक के गांव पहरावर में आयोजित गौशाला नन्दिनी धाम के 36वें स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।
इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें जननी मां की तरह गउ माता की भी सेवा करनी चाहिए। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास माना जाता है और गौ माता, मातृत्व, उर्वरता और समृद्धि का प्रतीक है।

**कांग्रेस पूरी तरह से देश भर में खो चुकी है अपनी जमीन**
कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी जमीन पूरी तरह से खो चुकी है और अब कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचा है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस रॉबर्ट वाड्रा मामले को लेकर सरकार पर बेवजह दोषा रोपण कर रही है, जबकि रॉबर्ट वाड्रा मामला कानूनी प्रक्रिया के तहत चल रहा है। इसमें सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।

**विपक्ष के बहकावे में न आए किसान:** कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है और सरकार ने अनाज की खरीद के लिए और मंडियों में किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की बड़े पैमाने पर व्यवस्था की है।



### एक देश, एक चुनाव बहुत जरूरी

**उन्होंने** देश में एक साथ चुनाव करने की बात पर जोर देते हुए कहा कि वर्ष 1980 में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा एक देश, एक चुनाव की बात कही गई थी। केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इसी विषय को लेकर एक कमेटी बनाई थी, जिसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ देश का 140 करोड़ जनमानस देश में एक साथ चुनाव चाहता है, इससे देश में विकास के रास्ते खुलेंगे और धन की भी बचत होगी। वक्फ संशोधित बिल संसद में पास होने के बाद पश्चिम बंगाल में फैली व्यापक हिंसा पर डॉ अरविंद शर्मा ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि वहां के हालात पर सरकार की पैनी नजर है, जहां तक प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की बात है तो सरकार को इस बारे में बहुत सारी रिपोर्ट प्राप्त हो रही है।

# संत किसी एक समाज के न होकर बल्कि समस्त समाज के होते हैं: जगमोहन आनंद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**श्रद्धा सुमन**

**आनंद ने श्री गुरु रविदास जी व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए**

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि संत किसी एक समाज के न होकर बल्कि समस्त समाज के होते है। हमें उनके मूल्यों और आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। विधायक रविवार को सेक्टर-32 में रविदासिया समाज सेवा संघ द्वारा गुरु रविदास धर्मशाला, छात्रावास एवं पुस्तकालय के बेसमेंट के शिलान्यास अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में सबसे पहले विधायक जगमोहन आनंद ने श्री गुरु रविदास जी व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर रविदासिया समाज सेवा संघ द्वारा विधायक को श्री गुरु रविदास जी की प्रतिमा भेंट की गई तथा पगड़ी पहनकर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने समाज में समानता का संदेश दिया था और जाति और लिंग के सामाजिक विभाजन को दूर करने की शिक्षा दी थी तथा व्यक्तिगत आध्यात्मिक स्वतंत्रता की खोज में एकता को बढ़ावा दिया था। उन्होंने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी तथा सामाजिक सुधारों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि संत श्री गुरु रविदास जी द्वारा दिए गए संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। प्रदेश सरकार महापुरुषों के इतिहास एवं उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को जन.जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। महापुरुषों की जयंतियों को राज्य स्तर पर आयोजित करना एक महान कार्य है, क्योंकि जब तक हम अपने महापुरुषों के इतिहास से परिचित नहीं होंगे, तब तक हमारे जीवन का कल्याण संभव नहीं है। उनके जीवन से हमें एकता और भाईचारे की भावना के साथ रहने की प्रेरणा मिलती है। विधायक ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बारे में बोलते हुए कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था पारदर्शी समानता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की कल्पना थी, जो कि वर्तमान सरकार ने पूरी की। बाबा साहेब डॉप भीमराव अम्बेडकर के जितने भी स्थान है उन्हें सरकार ने पंचतीर्थ नाम दिया है, विदेशों से भी लोग इन पंचतीर्थों को देखने के लिए भारी संख्या में आते हैं। प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना को ध्यान में रखकर समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। वर्तमान में केन्द्र व राज्य की सरकार द्वारा सैकड़ों योजनाओं के साथ गरीब, किसान, कमजोर, व्यापार तथा अन्य वर्गों के लिए काम किया जा रहा है। हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। वर्तमान सरकार जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिछले 10 वर्षों में भी हरियाणा सरकार ने जनता की समस्याओं पर गंभीरता से काम किया है, यही कारण है कि जनता ने सरकार को तीसरी बार भी काम करने का मौका दिया है।

# प्रदेश सरकार कर रही है नॉन स्टॉप विकास कार्य: जगमोहन आनंद

**विकास कार्य**


**नॉन स्टॉप विकास कार्य कर रही है और प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार नॉन स्टॉप विकास कार्य कर रही है और प्राथमिकता के आधार पर आम.जन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। विधायक रविवार को नेहरू पैलेस में चाय पर चर्चा के दौरान बड़ी संख्या में मिलने आए आमजन से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने उपस्थितजनों को कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे शहरवासियों का प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहाँ आकर अपने सुझाव दे सकता है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने जमीन के इंतकाल चढ़ाने के बारे में कहा कि वे जल्द ही पटवारखाने का निरीक्षण करेंगे और इस विषय में उपायुक्त उत्तम सिंह से बातचीत करेंगें की, क्यों समय पर इंतकाल नहीं चढ़ पा रहे हैं। प्रदेश सरकार का निर्णय है कि तय समय सीमा के अंदर जमीन के इंतकाल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। वर्तमान सरकार जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिछले 10 वर्षों में भी हरियाणा सरकार ने जनता की समस्याओं पर गंभीरता से काम किया है।

# सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकराई कार, ड्राइवर घायल



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**क्षतिग्रस्त**

**दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर जा रही एक क्रेटा कार सडक किनारे खड़ी एक बोलेरो पिकअप से जा टकराई**

करनाल। जिले में नेशनल हाईवे-44 पर दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर जा रही एक क्रेटा कार सडक किनारे खड़ी एक बोलेरो पिकअप से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि क्रेटा का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार दो कारों की टक्कर के दौरान पीछे से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस भी हादसे का शिकार होते होते बच गई। क्रेटा से टकराने से बचाने के लिए रोडवेज ड्राइवर ने डिवाइडर की तरफ स्टीयरिंग घुमा दिया, जिससे बस पेड़ों को तोड़ती हुई दूसरी सडक पर पहुंच गई। गनीमत रही कि कोई भी सवारी चोटिल नहीं हुई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और उन्हें दूसरी बस से उन्हें चंडीगढ़ के लिए रवाना किया गया। हालांकि बस को भी इस हादसे में नुकसान हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा जिस जगह पर हुआ, वहां एक अवैध कट बना हुआ है, जिसके कारण सडक किनारे पिकअप खड़ी थी और यह हादसा हुआ। रोडवेज बस के ड्राइवर कंवरपाल व कंडक्टर सुमित ने बताया कि क्रेटा चालक ने न तो कोई इंडिकेटर दिया और न ही हाथ से इशारा किया। वह अचानक ही सीधे जाकर खड़ी पिकअप से टकरा गया।

# दो परिवारों के बीच हुई मारपीट, पुलिस पर भी किया पथराव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**मुकदमा**

**मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर छतों से पथराव किया गया, जिसमें एसएचओ की सरकारी गाड़ी के शीशे टूट गए**

करनाल। जिले के जटपुरा गांव में दो परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद ने बीती रात को फिर हिंसक रूप ले लिया। झगड़े की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर छतों से पथराव किया गया, जिसमें एसएचओ की सरकारी गाड़ी के शीशे टूट गए। झगड़े और पथराव की सूचना मिलते ही करनाल पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तुरंत प्रभाव से डीएसपी करनाल, निगदू थाना पुलिस, सदर थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया और पूरा इलाका छावनी में तबदील हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इन दोनों परिवारों के बीच होली से ही विवाद चला आ रहा है। गांव के निवासी बलीराम, अजमेर सिंह व अन्य ने बताया कि यह तीसरी बार है, जब इन दोनों परिवारों के बीच झगड़ा हुआ है। बीती रात को भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होते-होते मामला पत्थरबाजी तक पहुंच गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह समझ नहीं आ रहा कि आखिर झगड़ा किस बात को लेकर है, लेकिन जब भी लड़ाई होती है तो छतों से ईंट-पत्थर बरसाए जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब इन परिवारों के बीच झगड़ा होता है तो दोनों ही ओर से छतों से पथराव किया जाता है। ऐसे में आसपास के लोगों के मकान और वहां काम कर रहे लोग भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। पत्थर कभी भी किसी को भी लग सकते हैं। यह सिलसिला अब गांववासियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बीती रात भी यही हुआ, जिससे कई घरों की छतों पर पत्थर गिरे और लोगों को चोटें भी आईं। झगड़े की खबर मिलते ही किसी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# गर्मी तेज होते ही बाजारों में आई तरबूज की बहार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। गर्मी शुरू होते ही तरबूज की बहार आना शुरू हो गई है। ज्यों-ज्यों गर्मी तेज होगी, वैसे-वैसे तरबूज में मिठास अधिक होती जाएगी। जगह-जगह तरबूज के ढेर नजर आते हैं। इसे आमतौर पर मोर्निंग स्नैक्स के रूप में माना जाता है। आमतौर पर राजस्थान से तरबूज आता है। कुछ दिनों में लोकल तरबूज भी आने लगेगा। सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष अवतार सिंह तारी ने बताया कि इस बार तरबूज काफी आ रहे हैं। बड़ी संख्या में तरबूज लोग खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंडियों में तरबूज की ढेरी लोगों को अपनी तरफ अकर्षित कर रही है। तरबूज आम आदमी की पहुंच में हैं। तरबूज की अधिक कीमत नहीं है। बाजार में तरबूज पंद्रह से तीस रुपए प्रति किलो बिक रहा है। मंडियों में तरबूज को लेकर खरीददारों में रुझान बढ़ रहा है। तरबूज में पानी की भरपूर मात्रा होने के कारण यह लोगों के शरीर में पानी की कमी पूरी करता है और प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाता है। जानकार लोगों के अनुसार तरबूज में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।

# द गाइड विषय पर फिल्म का प्रदर्शन किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )



आई बी पीजी कॉलिज में बी ए इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय वर्ष तथा एम ए इंग्लिश प्रीवियस के विद्यार्थियों के लिए आरके नारायण द्वारा रचित द गाइड विषय पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने फिल्म के माध्यम से अपने पाठ्यक्रम पर आधारित विषय द गाइड के बारे में जानकारी अर्जित की। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "ऑडियो विजुअल एड्स शिक्षा की एक प्रभावशाली पद्धति है, जो छात्रों को श्रवण और दृश्य दोनों रूपों में सीखने का अवसर देती है। इससे न केवल समझ बेहतर होती है, बल्कि जानकारी लंबे समय तक स्मृति में रहती है।" विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने कहा कि मनोरंजन के द्वारा पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान प्राप्त करने का यह एक बेहतरीन माध्यम है।

# समाज का हर वर्ग स्वाभिमान से आगे बढ़े: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**एकजुट**

**समाज का हर वर्ग स्वाभिमान से आगे बढ़े, एक जुट होकर देश व समाज की भलाई के लिए कार्य करें**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज का हर वर्ग स्वाभिमान से आगे बढ़े, अलग थलग होकर नहीं बल्कि एक जुट होकर देश व समाज की भलाई के लिए कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में पिछले 10 वर्षों में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की सोच को आगे बढ़ाया जा रहा है और अंत्योदय के मूलमंत्र पर चलते हुए हर वर्ग का उत्थान कर रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बीती देर शाम नीलोखेड़ी के गांव हैबतपुर में स्थित मिलन फार्म में आयोजित संविधान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में सबसे पहले बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने केंद्रीय मंत्री को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट की तथा पगड़ी पहनकर उनका सम्मान किया। आयोजकों ने हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन केंद्रीय मंत्री के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखा, जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान कहलाया। भारतीय संविधान एक पवित्र ग्रंथ है, जब भी हम शपथ लेते है संविधान या पवित्र ग्रंथ गीता को साक्षी मानकर लेते है। उन्होंने बताया कि संविधान में संशोधन का प्रावधान है, भाजपा सरकार ने जनता की अच्छाई के लिए संशोधन किए हैं, जबकि विपक्ष की सरकार ने अपनी पार्टी की भलाई के लिए संशोधन किए है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया बल्कि उनको चुनाव भी नहीं जीतने दिया, बल्कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उन्हें 1955 में राज्यसभा का सदस्य बनवाने में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने हमेशा आरक्षण का विरोध किया, लेकिन वर्तमान सरकार ने हर वर्ग का पूरा ध्यान रखा, किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया। इसके बावजूद भी पिछले लोकसभा के चुनावों में विपक्ष के लोगों ने संविधान को बदलने व आरक्षण को खत्म करने का दुष्प्रचार किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर हरियाणा आए थे और उन्होंने इस दिन 14 अप्रैल को अपना पहला एयरपोर्ट मिला और यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल प्लांट का शिलान्यास किया।

# न्याय के लिए लड़ना एवं इंसाफ प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार: न्यायधीश

टीम एक्शन इंडिया



**चर्चा**

**कुलपति अशोक कुमार द्वारा आएं अथितियों एवं गणमान्य लोगों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया**

सोनीपत: डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत में विधि विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार की अध्यक्षता में विधिक प्रणाली के भारतीयकरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें सैकडों वक्ता ऑफलाइन एवं ऑनलाइन के माध्यम से इस सम्मेलन में उपस्थित हुए। उपरोक्त सम्मेलन का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय संघ, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद हरियाणा प्रांत, भारतीय विधि संस्थान दिल्ली, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटियाला पंजाब, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भारत सरकार के साथ ज्ञान साझेदारी द्वारा सार्वजनिक नीति एवं सुशासन केंद्र पर किया गया। विधिक प्रणाली के भारतीयकरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मीनाक्षी आई. मेहता के हाथों से दीप प्रज्वलन करते हुए प्रारम्भ किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में विधिक मामलों के जानकार जैसे कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, विधिक विभाग के अधिकारियों, आई.पी.एस. अधिकारियों, विधिक मामले के शिक्षकों इत्यादि गणमान्य लोगों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस सम्मेलन के द्वारा सभी के सहयोग से तैयार की गई विधिक प्रणाली का भारतीयकरण पुस्तक का विमोचन इस सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। कुलपति अशोक कुमार द्वारा आएं अथितियों एवं गणमान्य लोगों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर लेडी जस्टिस की प्रतिमा का लोकार्पण माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत के न्यायधीश एन. कोटिश्वर सिंह के द्वारा किया गया।

# मिजोरम टीम की 4 सदस्यीय कमेटी ने किया पोषण ट्रैकर ऐप का निरीक्षण: सीमा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही पोषण अभियान के तहत मिजोरम टीम की 4 सदस्यीय कमेटी द्वारा 2 दिन पोषण ट्रैकर ऐप का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा 6 ग्राम पंचायत और 12 आंगनबाड़ी केंद्रों की गहराई से निरीक्षण किया गया। मिजोरम टीम द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का खुद कद और वजन लेकर पोषण ट्रैकर से मिलान किया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा गर्भवती व दूध पिलाने वाली महिलाओं से बातचीत की गई कि और पूछा गया कि उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र से क्या.क्या राशन मिलता है। पोषण ट्रैकर ऐप का डाटा मिलान किया गया कि गर्भवती व दूध पिलाने वाली महिलाओं का ऑनलाइन डाटा फीड किया गया है या नहीं। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की सुविधा, केंद्र के शौचालय, बिजली व्यवस्था व पोषण वाटिका का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक अंजू बूरा, नीलोखेड़ी परियोजना अधिकारी राजबाला, निसिंग परियोजना अधिकारी संतोष सहित संबंधित केंद्रों की सुपरवाईजर और सरपंच उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए 12 लाख 75 हजार तक की आय कर मुक्त

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। वरिष्ठ नागरिक मंच की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी के रुप में बीके बंसल और राधेश्याम डुडेजा को नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान ओपी गर्ग ने की। बैठक में आयकर विशेषज्ञ राजेंद्र गर्ग ने सीनियर सिटीजन को हाल ही में लाए गए आयकर प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक के रिटर्न के तहत साढ़े सात लाख रुए की आय टैक्स फ्री होगी। इसके बाद की अवधि के तहत 12 लाख 75 हजार रुपए तक की आय कर मुक्त होगी।

# साईक्लोथॉन- 2.0 का विभिन्न जगहों पर हुआ भव्य अभिनंदन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**स्वागत किया**

**साईकिल यात्रा का पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ अन्य लोगों ने स्वागत किया**

अम्बाला: साईक्लोथॉन- 2.0 साईकिल यात्रा का साहा नजदीक राधा स्वामी सत्संग भवन में पहुंची यहां पहुंचने पर बीडीपीओ सुशील मंगला, डीएसपी बराड़ा सुरेश, साहा मंडल अध्यक्ष संजीव सैनी, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी, सरपंच साहा जयपाल वत्स, सरपंच फुलेलमाजरा विजय कुमार, सरपंच कालपी रिंकू सिंह, सरपंच चुडियाली लखविन्द्र सिंह, सरपंच ढकौला देवेन्द्र कुमार, सरपंच टैबा बुजपाल राणा, महामंत्री विजय कुमार, महामंत्री अमित राणा, पूर्व अध्यक्ष संजीव मिश्रा, चेयरमैन गुलाब सैनी के साथ-साथ अन्य लोगों ने साईकिल यात्रा में शामिल प्रतिभागियों को फू ल माला पहनाकर उनका भव्य अभिनन्दन भी किया। इस मौके पर नशे से दूर रहने बारे शपथ भी दिलवाई गई। यहां बता दें कि साईक्लोथॉन-2.0 साईकिल यात्रा आज पंचकूला से नारायणगढ़ उपमंडल के तहत शहजादपुर, कड़ासन, पिलखनी होते हुए साहा पहुंची थी और उसके उपरांत यह यात्रा यहां से मिपुर, खुड्डा कलां, महेशनगर होते हुए अम्बाला छावनी वॉर हीरोज स्टेडियम के सामने एससी स्पोर्टस छात्रावास पहुंची। यहां पर भी साईकिल यात्रा का पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ अन्य लोगों ने स्वागत किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि यह साईकिल यात्रा हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में कारगर साबित होगी। नशा जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अपनी भागीदारी निभानी होगी। साईक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि हरियाणा को नशामुक्त करना है। यात्रा के माध्यम से सभी को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने बारे संकल्प एवं शपथ भी दिलवाई जा रही है।

इस यात्रा में आमजन के साथ-साथ खिलाड़ियों, सामाजिक संस्थाओं, सरपंच प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, स्कूली विद्यार्थियों, कॉलेज के विद्यार्थियों का काफी सहयोग मिल रहा है।

## संपादकीय

# गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन


**अब** इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए, बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाये। राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गये। 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53,749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है, जबकि इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या में पीएचडी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी शिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक भी चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर रही है। सवाल है कि आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती। फिर सीधा-सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम हैं पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही। इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है। जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए, इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेकों संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती हैं। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडीक्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है।

# भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक मान्यता

संदीप सृजन

> "मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर का उद्देश्य ऐतिहासिक दस्तावेजों को संरक्षित करना है। गीता और नाट्यशास्त्र के शामिल होने से इन ग्रंथों की पांडुलिपियों और उनके ज्ञान को डिजिटल और भौतिक रूप में संरक्षित करने में मदद मिलेगी। यह सुनिश्चित करता है कि ये धरोहरें भावी पीढ़ियों के लिए उपलब्ध रहें। गीता और नाट्यशास्त्र का वैश्विक मंच पर प्रदर्शन विश्व भर में दार्शनिक और सांस्कृतिक संवाद को प्रोत्साहित करता है। गीता का संदेश और नाट्यशास्त्र के सौंदर्यशास्त्र विश्व की विभिन्न संस्कृतियों के लिए प्रासंगिक हैं, जो मानवता के साझा मूल्यों को मजबूत करते हैं। यूनेस्को की मान्यता से इन ग्रंथों पर वैश्विक स्तर पर शोध और अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा। विद्वान और शोधकर्ता इन ग्रंथों के दार्शनिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को और गहराई से समझ सकेंगे।"

**भारत** की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत ने विश्व मंच पर एक बार फिर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के प्रतिष्ठित मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया जाना न केवल भारत के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह मानव सभ्यता के बौद्धिक और सांस्कृतिक इतिहास के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इन दोनों ग्रंथों का यूनेस्को धरोहर में शामिल होना, इन ग्रंथों के सांस्कृतिक और दार्शनिक योगदान के वैश्विक प्रभाव और भविष्य की पीढ़ियों के लिए उनके संरक्षण के महत्व को दर्शाता है। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कार्यक्रम, जो 1992 में शुरू हुआ, विश्व की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षित करने और उनकी वैश्विक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक दस्तावेजों को विस्मृति से बचाना और भावी पीढ़ियों के लिए उनकी प्रासंगिकता बनाए रखना है। इस रजिस्टर में शामिल होने वाली धरोहरें मानव सभ्यता के लिए असाधारण महत्व रखती हैं, और श्रीमद्भगवद्गीता व नाट्यशास्त्र का इसमें शामिल होना भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक मान्यता प्रदान करता है।



**श्रीमद्भगवद्गीता:आध्यात्मिक और दार्शनिक धरोहर**

श्रीमद्भगवद्गीता, जिसे अक्सर केवल गीता कहा जाता है, भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता का एक अनमोल रत्न है। यह महाभारत के भीष्म पर्व का हिस्सा है और इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश शामिल है। गीता के 18 अध्यायों में 700 श्लोक हैं, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे कर्तव्य (धर्म), ज्ञान (ज्ञान योग), भक्ति (भक्ति योग), और कर्म (कर्म योग) पर गहन दार्शनिक विचार प्रस्तुत करते हैं। गीता का केंद्रीय संदेश मानव जीवन को संतुलित और अर्थपूर्ण बनाने के लिए है। यह व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्काम भाव से करने, आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर होने और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण की प्रेरणा देता है। गीता में तीन गुणों (सत्व, रजस, तमस) का उल्लेख और सात्विक बुद्धि की महत्ता पर बल दिया गया है, जो मानव को धर्म और अधर्म, बंधन और मोक्ष के बीच अंतर समझने में मदद करती है।

यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता का शामिल होना इसकी सार्वभौमिक प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। यह ग्रंथ न केवल हिंदू धर्म का आधार है, बल्कि इसमें वैदिक, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे विविध भारतीय दार्शनिक विचारों का समन्वय है। गीता का प्रभाव विश्व स्तर पर देखा जा सकता है, क्योंकि इसे विभिन्न भाषाओं में अनुवादित किया गया है और यह विश्व भर के दार्शनिकों, विचारकों और सामान्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

**नाट्यशास्त्र:भारतीय कला और सौंदर्यशास्त्र का आधार**

भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र भारतीय प्रदर्शन कलाओं का एक प्राचीन विश्वकोश है। यह नाटक, अभिनय, नृत्य, संगीत, रस (सौंदर्य अनुभव), और भाव (भावनात्मक अभिव्यक्ति) जैसे विषयों पर व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

नाट्यशास्त्र को भारतीय रंगमंच, काव्यशास्त्र और सौंदर्यशास्त्र का आधार माना जाता है। इसमें रस सिद्धांत, जो नौ रसों (श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत, और शांत) को परिभाषित करता है, ने भारतीय कला और साहित्य को गहराई से प्रभावित किया है।

नाट्यशास्त्र केवल एक तकनीकी ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण चेतना का प्रतीक है। इसने न केवल भारत में, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य क्षेत्रों में भी प्रदर्शन कलाओं को आकार दिया है। नाट्यशास्त्र में वर्णित सिद्धांत आज भी भारतीय शास्त्रीय नृत्य (जैसे भरतनाट्यम, कथक, और ओडिसी) और रंगमंच में जीवंत हैं। यूनेस्को द्वारा नाट्यशास्त्र को मान्यता देना भारतीय कला और संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है। यह ग्रंथ मानव अभिव्यक्ति और सौंदर्यशास्त्र के क्षेत्र में भारत के योगदान को रेखांकित करता है।

**वैश्विक मंच पर बौद्धिक और सांस्कृतिक छाप**

श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल होना कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। इन ग्रंथों का यूनेस्को द्वारा सम्मानित होना भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक वैभव को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाता है। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि यह भारत की शाश्वत ज्ञान और सांस्कृतिक प्रतिभा का सम्मान है।

मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर का उद्देश्य ऐतिहासिक दस्तावेजों को संरक्षित करना है। गीता और नाट्यशास्त्र के शामिल होने से इन ग्रंथों की पांडुलिपियों और उनके ज्ञान को डिजिटल और भौतिक रूप में संरक्षित करने में मदद मिलेगी। यह सुनिश्चित करता है कि ये धरोहरें भावी पीढ़ियों के लिए उपलब्ध रहें। गीता और नाट्यशास्त्र का वैश्विक मंच पर प्रदर्शन विश्व भर में दार्शनिक और सांस्कृतिक संवाद को प्रोत्साहित करता है। गीता का संदेश और नाट्यशास्त्र के सौंदर्यशास्त्र विश्व की विभिन्न संस्कृतियों के लिए प्रासंगिक हैं, जो मानवता के साझा मूल्यों को मजबूत करते हैं। यूनेस्को की मान्यता से इन ग्रंथों पर वैश्विक स्तर पर शोध और अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा। विद्वान और शोधकर्ता इन ग्रंथों के दार्शनिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को और गहराई से समझ सकेंगे। गीता और नाट्यशास्त्र जैसे ग्रंथ भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक हैं, जो विश्व में भारत की छवि को और सशक्त करते हैं। गीता और नाट्यशास्त्र के शामिल होने के साथ, भारत की कुल 14 कृतियां अब मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर का हिस्सा हैं। इससे पहले, ऋग्वेद (2007 में शामिल), तवांग शास्त्र, और संत तुकाराम की अभंग रचनाएं भी इस सूची में स्थान पा चुकी हैं। यह भारत की समृद्ध साहित्यिक और दार्शनिक परंपरा का प्रमाण है। गीता और नाट्यशास्त्र का यूनेस्को धरोहर में शामिल होना केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। भारत को इन ग्रंथों के संरक्षण, प्रचार और प्रसार के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। डिजिटल संग्रह, अनुवाद, और शैक्षिक पाठ्यक्रमों में इन ग्रंथों को शामिल करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। साथ ही, इन ग्रंथों के मूल्यों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना भी आवश्यक है, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें। ये ग्रंथ न केवल भारत की आध्यात्मिक और कलात्मक चेतना के आधार हैं, बल्कि वे मानव सभ्यता के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं।

इस मान्यता से न केवल इन ग्रंथों का संरक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि विश्व स्तर पर भारतीय दर्शन और कला की समझ को भी बढ़ावा मिलेगा। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है, जो हमें अपनी समृद्ध विरासत को और अधिक जिम्मेदारी के साथ संजोने और साझा करने की प्रेरणा देता है।

## कविता

### मृत्यु का मर्म और मोक्ष का मेला"

बोल उठे बाबा
बागेश्वर,
मृत्यु है मृगमरीचिका
भर।
शरीर छूटे, आत्मा हँसे,
मोक्ष वही जो भय से न
डरे

धूप थी, भीड़ थी,
जयकारा था,
पर एक दृश्य भीतर ही
कुछ हारा था।
लो, आया वह साधु
सम्राट,
अपने पीछे सुरक्षा की
बारात।

चार थानों की छाँव में
कथा चली,
धर्म हैरान था, गाड़ी
बुलेटप्रूफ चली।
संग थे अंगरक्षक,
बाउंसर, पहरेदार,
मोक्ष का रास्ता था, जैसे
जेल की दीवार।

श्रद्धा खड़ी थी नंगे
पाँव,
और बाबा के
चारों ओर लोहा था,
काँच का छाव।
भक्तों ने पूछा –
"बाबा! जो अमर है,
उसे भय किस बात
का?"
बाबा मुस्काए –
"यह भी एक लीला है
प्रभु की सौगात का।"

कभी कहते – "भीड़
में मरे तो मोक्ष
मिलेगा",
अब कहते – "भीड़ से
डर है, व्यवस्था कड़ी
रखो भैया।"
क्या यही है त्याग?
यही सन्यास?
या है धर्म अब एक
सुरक्षित विकास?

जिस देह को त्यागने
की बात हो रही,
उसी के लिए सुरक्षा की
घेराबंदी क्यों हो रही?
क्या आत्मा की अमरता
पर तुम्हें खुद भी संदेह
है?
या फिर मोक्ष के मार्ग
पर भी स्पेशल एक्सप्रेस
है?

– डॉ. सत्यवान

## विधायिका और न्यायपालिका टकराव ठीक नही

प्रेम शर्मा

**भारत में,** संविधान के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अलग-अलग शक्तियां दी गई हैं. विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका कानून लागू करती है, और न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या करती है। कार्यपालिका और विधायिका के नीतिगत लक्ष्य और प्राथमिकताएं अलग-अलग हो सकती हैं, जिससे टकराव हो सकता है। कार्यपालिका और विधायिका इस बात पर असहमत हो सकती हैं कि धन का आवंटन कैसे किया जाए.। कार्यपालिका के पास कुछ अधिकारियों को नियुक्त करने की शक्ति होती है, जबकि विधायिका के पास उन्हें हटाने की शक्ति होती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयको को सम्बन्धित राज्यपालों द्वारा अनंत काल तक रोक कर ह्यपॉकेट वीटोह्व करने की प्रवृत्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ ने जो निर्णय दिया है, उससे विधायिका में भारी कसमसाहट है। सत्तापक्ष का मानना है कि यह कार्यपालिका के क्षेत्र में न्यायपालिका का अनावश्यक हस्तक्षेप है।

अदालतें कार्यपालिक प्रमुखों जैसे राष्ट्रपति और राज्यपालों को निर्देशित कैसे कर सकती हैं। दूसरी तरफ न्यायपालिका का मानना है कि यदि कार्यपालिक प्रमुख अपने संवैधानिक दायित्वों की व्याख्या मनमाने और सियासी गुणा भाग के हिसाब से करेंगे तो न्यायपालिका को न्यायदंड अपने हाथ में लेना ही पड़ेगा। तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के इस मामले में सरकार तो सीधे तौर पर कुछ नहीं कह रही है, लेकिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यसभा के सभापति भी हैं, ने तो सीधा सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट सुपर संसद की तरह काम न करे। हालांकि, उपराष्ट्रपति के इस तेवर पर भी विधि विशेषज्ञ दो खेमों में बंट गए हैं, एक इस पर आपत्ति जता रहा है तो दूसरा इसे ह्यसाहसिकह्व बता रहा है। तो क्या अब संविधान के दो मूलभूत अंग न्यायपालिका और कार्यपालिका ही एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए हैं? क्या यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए सुखद है ? वैसे, विधायिका और न्यायपालिका में टकराव कोई नई बात नहीं है। वर्ष 1973 में केशवानंद भारती केस में ऐसा हुआ था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संसद संविधान संशोधित तो कर सकती है, लेकिन संविधान के बुनियादी ढांचे को छू नहीं सकती। उस समय तक संसद खुद को सर्वोच्च मानती थी, लेकिन कोर्ट ने उसकी शक्ति पर सीमा लगा दी थी। ऐसे कई प्रकरण है जिनमें न्यायपालिका और विधायिका के बीच टकराव हो चुके है। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल रवि के मामले में स्पष्ट फैसला देते हुए राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी की समय सीमा 3 माह तय कर दी।

## विचार

# डरावनी फिल्मों का रहस्य

विवेक रंजन

**हॉरर** फिल्मों में डर का उत्पादन एक फैक्ट्री की तरह होता है-एकदम फॉमूर्ला बेस्ड डर, जैसे स्कूल में पीरियड के लिए घंटी बजते ही सारे बच्चे अनुशासन में आ जाते थे, वैसे ही इन फिल्मों में डराने के लिए पत्तों की सरसराहट और बिजली की कड़कड़ होती है। निर्देशक की सोच किसी भूतिया हवेली में जाती है, वहां कैमरा पहुंचते ही पत्ते सरसराने लगते हैं । दरवाजा चूं चरर चूं की आवाज करता है और प्रकाश मद्धिम होता है, मकड़ी के जाले, धूल बोनस में मिलते हैं, पर एक चौकीदार हवेली में जाने किसकी तीमारदारी के लिए सुलभ मिलता है।

भूत का भय भूत से बड़ा होता है। डर ही पैदा करना है , तो सीधे भूत को सामने लाइए, ये पेड़ों में लटकाकर भूत को सजा देने की क्या तुक है? और बारिश, हर भूतिया कहानी में बारिश होती ही है? क्या भूतों का मौसम विभाग से कोई अनुबंध है? जहां डर की आवश्यकता हो, वहां तुरंत घनघोर घटा , आंधी आ जाती है। बिजली गायब हो जाती है और आती है, व्हाया आसमान , लरजती चमकती कड़कती है, जैसे किसी पुराने बिजली विभाग के कर्मचारी ने आसमान में एक्स्ट्रा ओवरटाइम लगाया हो। हारर फिल्में एक खास ध्वनि प्रभाव पर जीती हैं। साउंड इंजीनियर के ट्रेक फिक्स हैं, दरवाजा के पल्ले खोलते ही वह चरमराता है, बैकग्राउंड में पायल के घुंघरू छनकाते सफेद वस्त्रावृत महिला दूर जाती दिखती है । इतने पर भी जब समझदार दर्शकों के रोंगटे खड़े नहीं होते तो किसी चमगादड़ को अचानक उड़ाना पड़ता है। साउंड इफेक्ट दर्शक में डर भरने का काम करता है। इस मुकाम के आते आते फिल्म समीक्षक दस में से कितने स्टार देने हैं , तय कर चुकते हैं । हर हारर फिल्म में एक कहानी श्लोक की तरह दोहराई जाती है। पचास साल पहले इस हवेली में एक साध्वी की निर्मम हत्या हुई थी... तबसे उसकी आत्मा यहां भटक रही है। मतलब पचास साल हो गए, और आत्मा अभी भी निकलने वाला मूड नहीं बना पाई! इतने सालों में उसे कोई आत्मा विकास केंद्र न मिल पाया। ये फिल्मी आत्माएं भी पुरानी हवेलियों में ही क्यों भटकती हैं? रेलवे स्टेशन, नए नए खुल रहे एयर कंडीशन मॉल या बिजली विभाग के दफ्तर में क्यों नहीं दिखतीं? शायद वहां डराने से पहले ही उन्हें टिकट या बिजली बिल भरना पड़ता हो। पुरानी एवरेडी वाली टार्च की रोशनी में जब बुजुर्ग चौकीदार खड़खडाहट की तरफ रोशनी डालता है तो काली बिल्ली नजर आती है । भूत भी इतने सभ्य होते हैं कि हमेशा रात का ही इंतजार करते हैं। दिन में अगर कोई डरावना सीन हो जाए तो सेंसर बोर्ड शायद उस भूत की नागरिकता रद्द कर दे।

और जब भूत आता है, तो कैमरा जूम इन करता है–तीन बार, तीन एंगल से–मानो भूत की कोई इंस्टाग्राम रील बन रही हो! कुछ फिल्मों में तो भूत खुद को इतना स्टाइलिश दिखाते हैं कि लगने लगता है जैसे वो कोई ब्यूटी पार्लर से निकलकर सीधे शूट पर आए हों। बाल लहराते हुए,भूरी आंखों में काजल, और चाल में स्लो मोशन-भूत कम, फैशन शो के प्रतिभागी अधिक लगते हैं। नायक या नायिका अकेले किसी कोठरी में जाता है, और वहां दीवार पर खून से लिखा होता है–भाग जा! लेकिन वो उल्टा पूछता है, कौन है? अरे, लिखा है भाग जा, तो भाग! पर हॉरर फिल्म का राइटर पंगा लेता ही है। ओझा या तांत्रिक की एंट्री होती है, मनोरंजन डबल , इस बीच एक गाना सैट हो जाता है। बाबा लोग हमेशा काले कपड़े में आते हैं । अग्नि प्रज्वलित की जाती है। आत्मा भी मानो स्क्रिप्ट पढ़कर आई हो, बड़बोले बिना समझे मंत्रों के साथ अग्नि में विलीन होकर मुक्त हो जाती है। दर्शक के सिर से बोझ उतर जाता है, और पास से रुपए । समय के साथ कुछ फिल्मों ने थोड़ा मॉडर्न टच दिया है। अब भूत व्हाट्सऐप पर भी दिखने लगे हैं। कोई कोई भूत चैट पर कें जैसा मैसेज भेजता है। भूत भी डिजिटल हो गए हैं, अब डराने के लिए टिकटॉक ट्रेंड नहीं, इंस्टा फिल्टर यूज करते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# बाबुओं का बटर चिकन

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**सरकारी** दफ्तर के बाहर लंबी कतार पसरी हुई थी। धूप में पिघलते लोग, अपने-अपने दुखों को माथे की शिकन में समेटे, बस एक उम्मीद लिए खड़े थे–आज नहीं तो कल, उनका काम हो ही जाएगा। कतार में औरतें, बूढ़े, जवान, सभी शामिल थे। किसी की बेटी की शादी का प्रमाण पत्र अटका था, तो कोई अपनी पेंशन के कागज लेकर हताश खड़ा था। सभी के चेहरे पर वही पुराना, घिसा-पिटा शिकायती भाव था, जो सरकारी तंत्र से टकराने के बाद हर आम नागरिक के चेहरे पर अनिवार्य रूप से उभर आता है। भीड़ में एक साहब अलग ही आत्मविश्वास से चमक रहे थे। खद्दर का कुर्ता, आंखों में सरकारी संपर्कों की चमक, और मुंह में पान की लाली–जैसे किसी विशेषाधिकार प्राप्त प्रजाति के जीव हों। वे हर दो मिनट में अपनी जेब से एक मुड़ा-तुड़ा कागज निकालते, उस पर ऐसे गौर फरमाते मानो कोई गुप्त सरकारी आदेश हो, फिर उसे वापस जेब में ठूंस देते। कतार में खड़े बाकी लोग उनकी इस हरकत को संदेह से देख रहे थे, मानो वे किसी ऐसे राज से वाकिफ हों, जिससे यह लाइन में खड़े बेचारों का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं। अंदर सरकारी बाबू अपनी कुरसी पर विराजमान थे। सरकारी टेबल पर बेतरतीब फाइलों का ढेर था, लेकिन बाबूजी के चेहरे की चमक कुछ और ही बयां कर रही थी। देखने से लगता था जैसे कल ही प्रमोशन मिला हो, पर सच्चाई कुछ और थी–प्रमोशन से ज्यादा खुशी उन्हें अपने टिफिन में रखे बटर चिकन से थी। उन्होंने घड़ी देखी, लंच ब्रेक में सिर्फ आधा घंटा बचा था। मन में विचार आया–"क्यों न कुछ फाइलें कल के लिए टाल दूं?" आखिर सरकारी काम में जल्दबाजी किसने देखी है! बाहर खड़े लोग धीरे-धीरे अधीर हो रहे थे। कोई लंबी सांस खींचता, कोई सरकारी दफ्तर की दुर्दशा पर व्यंग्य कसता, तो कोई अपनी मजबूरी को कोसता। लेकिन बाबूजी को इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता था। उनकी प्राथमिकता बटर चिकन थी, बाकी फाइलें तो चलती रहेंगी–सरकारी रफ्तार में, धीरे-धीरे, आराम से!

## अब 'पंक्चर' तक पहुंचा राजनैतिक विमर्श

तनवीर जाफरी

**भारतीय** जनता पार्टी के बड़े से लेकर छोटे नेता तक जब कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक रूप से नाम लेते हैं तो उनके नाम के साथ 'यशस्वी ' शब्द जरूर लगाते हैं। देश को इसके पहले लंबे समय तक शासन करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्री भी मिले। परन्तु उनके नाम के साथ 'यशस्वी ' शब्द कम से कम स्थाई रूप से इसतरह चिपका हुआ नहीं देखा गया। बजाये इसके वर्तमान 'यशस्वी' प्रधानमंत्री को कांग्रेस की सरकारों विशेषकर पंडित नेहरू की विभिन्न अवसरों पर आलोचना करते हुये जरूर देखा गया। निश्चित रूप से अपने समर्थकों की नजरों में नरेंद्र मोदी यशस्वी प्रतापी,महान,हिन्दू हृदय सम्राट कुछ भी हो सकते हैं। परन्तु देश का निष्पक्ष नागरिक जब 'यशस्वी' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना कांग्रेस के ही उन पूर्व प्रधान मंत्रियों से करता है जिसकी मोदी आलोचना करते हैं तो निश्चित रूप से वह पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी के सार्वजनिक भाषणों की भी तुलना 'यशस्वी' प्रधानमंत्री के भाषणों व उसके मुख्य मुख्य अंशों से जरूर करना चाहता है। और यह भी जानना चाहता है कि मात्र बहुसंख्य वोट हासिल करने के लिये क्या कभी इन पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा भी ऐसी शब्दावलियों का प्रयोग किया गया जैसी कि हमारे 'यशस्वी' प्रधानमंत्री द्वारा बार बार की जाती है ? क्या इसतरह के भाषण और इस स्तर की भाषा ही हमारे प्रधानमंत्री को 'यशस्वी' प्रधानमंत्री बनाती है ? पिछले दिनों देश के यही 'यशस्वी' प्रधानमंत्री हरियाणा के हिसार पधारे।

यहाँ एक जनसभा में वक़्फ़ कानून का जिक्र करते करते कुछ ऐसे शब्द उनके मुंह से निकले जिससे उनका 'यश' रातोंरात चौगुना हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यहाँ भी अपनी प्रिय ' पंच लाइन ' तो दोहराई ही कि कांग्रेस पार्टी वक़्फ़ को लेकर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कह डाला कि- "वक़्फ़ की संपत्ति का अगर ईमानदारी से उपयोग हुआ होता तो मुसलमान नौजवानों को साइकिल का पंक्चर बनाकर ज़िंदगी नहीं गुजारनी पड़ती। "

## न्यूज फ्लैश

### रूप पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जीयू में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



**पानीपत , (कमाल हुसैन )** गीता यूनिवर्सिटी में रूप पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्लोमा मैकेनिकल एवं बी.टेक मैकेनिकल विभाग के कुल 74 छात्रों ने भाग लिया। कंपनी की ओर से पहले रिटन टेस्ट और फिर साक्षात्कार की प्रक्रिया संपन्न की गई, जिसके आधार पर 6 मेधावी छात्रों का चयन किया गया।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल की निदेशक डॉ अपर्णा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ड्राइव छात्रों को उद्योग से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि गीता यूनिवर्सिटी सदैव छात्रों को बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी इस प्रकार की और प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएंगी। जिससे छात्रों को प्रेक्टिकल अनुभव और रोजगार के अवसर मिल सकें।

### योग साधना करना व करवाना ईश्वर की सबसे बड़ी उपासना है : ललित गुप्ता




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान, दिल्ली के तत्वावधान में योगाश्रम, मिजार्पुर में आयोजित प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया । प्रातः 5 :00 से 6 :30 बजे तक अखिल भारतीय प्रधान माननीय देसराज ने सहज ध्यान का सुंदर अभ्यास करवाया । सामूहिक साधना में संस्थान के सुयोग्य प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा पद्मासन, गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण के पश्चात कटि चक्रासन, गरुड़ासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन, जानु शिरासन, उष्ट्रासन, शशक आसन भाग 2 तथा अखिल भारतीय महामंत्री माननीय ललित गुप्ता द्वारा हास्य आसन, सर्पासन, धनुरासन, शलभासन, मत्स्यासन शवासन इत्यादि का सुंदर अभ्यास करवाया गया । अखिल भारतीय प्रधान देसराज ने साधना सुधार व जिज्ञासा समाधान के साथ-साथ काकी, शीतली तथा उज्जायी प्राणायामों के अभ्यास करवाने के अतिरिक्त कपालभाति जल क्रिया करके दिखाई । मंच संचालन हरियाणा प्रांत के कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा व चंडीगढ़ प्रांत के माननीय गोपाल सिंह परमार ने किया । पंजाब प्रांत के प्रधान माननीय कुंदन विरमानी ने सामूहिक साधना के लाभ बताए । संस्थान द्वारा प्रस्तावित हड्डी रोग निवारण शिविर क्यों विषय पर अखिल भारतीय प्रधान देसराज ने बताया कि निष्क्रिय जीवन हड्डियों को कमजोर बना देता है । प्रत्येक व्यक्ति को कभी ना कभी इस रोग से गुजरना पड़ता है । इसलिए संस्थान ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए देश-विदेश स्थित अपने सभी निशुल्क योग साधना केन्द्रों व अन्य स्थान पर हड्डी एवं जोड़ रोग निवारण शिविर लगाने का निर्णय लिया है क्योंकि नियमित योग साधना के अभ्यास से अधिकतम हड्डी व जोड़ों के रोगों से बचाव व उनका निवारण किया जा सकता है । कार्य विस्तार की प्रेरणा देते हुए महामंत्री ललित गुप्ता ने कहा कि योग साधना करना व करवाना ईश्वर की सबसे बड़ी उपासना है । भारतीय योग संस्थान योग प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से हीरों को तराशने का कार्य करता है । देसराज ने साधना, सेवा एवं संस्थान अर्थात पुरुषार्थ विषय पर ज्ञानवर्धक एवं सार गर्भित व्याख्यान दिया । मिथिलेश, मनजीत कौर एवं साथियों ने सुंदर विदाई गीत प्रस्तुत किया । शिविर संयोजक प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता, हरियाणा, गुलशन कुमार ग्रोवर ने सभी का धन्यवाद किया । शांति पाठ के साथ खीर प्रसाद एवं स्वादिष्ट तथा पौष्टिक भोजन के साथ शिविर का सुंदर समापन हुआ ।

# सनातन संस्कृति युवा पीढ़ी के लिए जीवन दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है: डा. श्रीप्रकाश

### यह संस्कृति अपने भीतर विविधतापूर्ण तत्वों को समाहित करती है, जो युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करती है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज के विषाक्त वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए सनातन की शिक्षा ही भारत की संस्कृति की रक्षक बनेगी। आज जिस तरह से पाश्चात्य संस्कृति का भारत के कोने-कोने में आक्रमण हुआ है। वह किसी भी सैन्य आक्रमणों से कई गुना भयावह एवं हानिप्रद है। आज सनातनी अर्थात हिंदू संस्कृति को जिस तरह से मनोवैज्ञानिक ढंग से अप्रसांगिक सिद्ध करने के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष प्रयास चल रहे हैं, वह आसानी से देखे व समझे जा सकते हैं। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने सामाजिक संस्था काइंड बीइंग्स कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर परिसर मे सनातन संस्कृति



एवं युवा पीढ़ी विषय पर आयोजित युवा विमर्श कार्यक्रम मे व्यक्त किये। काइंड बीइंग्स कुरुक्षेत्र इकाई के सदस्यों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रभक्ति के गीतों से किया। युवाओं को सम्बोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सनातन संस्कृति, जिसका गहरा संबंध भारतीय सभ्यता से है, न केवल धार्मिक धारणाओं का संग्रह है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण जीवन दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह संस्कृति अपने भीतर विविधतापूर्ण तत्वों को समाहित करती है, जो युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करती है। इसके ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो, सनातन

**सनातन**

**हिंदू संस्कृति को मनोवैज्ञानिक ढंग से अप्रसांगिक सिद्ध करने के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष प्रयास चल रहे हैं**

संस्कृति की जड़ें प्राचीन काल तक फैली हुई हैं, जहां पर प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध कराया जाता था। इस संस्कृति में महान ऋषियों और संतों द्वारा प्रस्तुत शिक्षाएं और नैतिक मूल्य न केवल आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक होती हैं, बल्कि यह युवाओं को आत्मिक विकास की ओर प्रेरित भी करती हैं। जब युवा पीढ़ी इन शिक्षाओं को अपनाती है, तो वे अपने जीवन में

## पंवार ने स्ट्रीट लाइट के कार्य का किया शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज जिला पानीपत की इसराना विधानसभा के गांव मतलौडा में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों तथा ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव की फिरनी पर 16 लाख 50 हजार रुपये की लागत से 75 स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा रही हैं। इस फिरनी की कुल लंबाई लगभग 4 किलोमीटर है, जिस पर प्रत्येक 50 मीटर की दूरी पर 90 वॉट क्षमता वाली एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। इस व्यवस्था से गांववासियों को रात के समय सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा गांव की समग्र सुंदरता में भी वृद्धि होगी। मंत्री पंवार ने बताया कि ग्राम मतलौडा के बस स्टैंड पर आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगभग 4 लाख रुपये की लागत से दो शौचालयों का निर्माण भी किया जाएगा। यह सुविधा विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दूर-दराज से आने वाले यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

## कर्मचारी मुआवजा अधिनियम में विशेष प्रावधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित करने हेतु कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिसके तहत कार्यस्थल पर दुर्घटना, अपंगता या मृत्यु की स्थिति में कर्मचारियों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह योजना श्रमिकों की सुरक्षा और सामाजिक न्याय की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 13 देशों के प्रतिनिधियों ने किया पर्यटन स्थलों का अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** 36वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के 13 देशों के 27 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। यहां पर आकर विदेशी प्रतिनिधियों को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को जानने और कुरुक्षेत्र की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत को देखने का अवसर भी मिला। अहम पहलू यह है कि इस प्रतिनिधि मंडल का जिला प्रशासन की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को विधायी प्रारूपण (लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग) से संबंधित 36वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे 13 देशों के 27 प्रतिनिधियों ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र



पहुंचे। यहां पहुंचने पर परम्परा अनुसार प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। इस प्रतिनिधि मंडल में कोटे डी आइवर, इक्वाडोर, होंडुरास, ग्वाटेमाला, श्रीलंका, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, मालदीव, तंजानिया, जाम्बिया और जिम्बाब्वे जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागी सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचे। यह कार्यक्रम लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रतिनिधि मंडल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर संग्रहालय का अवलोकन करने के बाद शेख चेहली मकबरे और गीता ज्ञानम संस्थान का अवलोकन

**अवसर मिला**

**कुरुक्षेत्र की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत को देखने का अवसर भी मिला**

किया। यहां पर संग्रहालय में भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को देखने का अवसर मिला। इसके बाद पवित्र ग्रंथ गीता और उनके उपदेशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस शिष्टमंडल को केडीबी की तरफ से राजेंद्र राणा और अमरीक ने कुरुक्षेत्र के हजारों वर्ष पुराने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

## अमेरिका गया पति 8 साल से नहीं लौटा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले** के सांभी गांव में एक व्यक्ति अपनी पत्नी और बेटे को छोडकर अमेरिका में बस गया। उसका पूरा परिवार अमेरिका में है, जबकि पत्नी और बेटा सांभी गांव में रहते हैं। करीब 8-9 साल से पति.पत्नी के बीच कोई रिश्ता नहीं है, न ही कोई कॉल आया है और न ही पति लौटकर आया। अब पत्नी और बेटे को भी घर से बाहर निकालकर घर पर कब्जे की कोशिश की जा रही है, जिससे मां और बेटा दोनों ही डरे सहमे हुए हैं और प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। महिला बलविंद्र ने बताया कि उसकी शादी 2005 में हुई थी। शुरूआती साल ठीक-ठाक बीते, लेकिन फिर घर में झगड़े शुरू हो गए। उनका एक तीन साल का बेटा भी गुजर चुका है। इसके बाद दूसरा बेटा हुआ, जो अब उसके साथ रह रहा है। बलविंद्र कौर के मुताबिक 2016 में उसका देवर अमेरिका चला गया था।

## सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा गत दिवस को कुरुक्षेत्र जिले के कई गांवों का दौरा किया और हाल ही में अग्निकांड व तेज तूफान से बर्बाद हुई फसलें और संरचनाएं देखने के बाद प्रभावित किसानों से सीधा संवाद किया। मंत्री ने पीड़ित किसानों को भरोसा दिलाया कि हरियाणा में नायब सैनी के नेतृत्व वाली सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने दौरे के दौरान मांगना गांव के राकेश शर्मा से मुलाकात की, जिनका पॉलिफेज क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने मलकीत सिंह

**मुआयना**

**अग्निकांड व तेज तूफान से बर्बाद हुई फसलें और संरचनाएं देखने के बाद प्रभावित किसानों से सीधा संवाद किया**

और वीरभान सिंह से भी भेंट की, जिनकी गेहूं की फसल जल गई थी। उन्होंने कहा कि किसानों की पीड़ा को हम केवल देख नहीं रहे, बल्कि उसे समझ भी रहे हैं। सरकार का पहला कर्तव्य है कि संकट की इस घड़ी में किसान अकेला न महसूस करे। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं प्रदेश के किसानों की स्थिति को लेकर संवेदनशील हैं और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में किसी तरह की कोताही न हो। उन्होंने कहा की राज्य सरकार की पूरी मशीनरी किसानों के साथ खड़ी है। चाहे राजस्व विभाग हो, कृषि विभाग हो या स्थानीय प्रशासन– सब सक्रियता से राहत कार्यों में जुटे हुए हैं।

## पत्रकारों की बस को बडौली ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने रविवार को अंतरराज्यीय बौद्धिक पत्रकारिता कार्यशाला 2025 जम्मू कश्मीर के लिए ढहऊरेस्ट हाउस सोनीपत से बस को सुबह 5 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में संरक्षक मंडल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए श्री बडौली ने श्री अमरनाथ यात्रा में भडारा लगाने वाली संस्था के पदाधिकारी दिनेश, बीर सिंह और रामनिवास को



सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रेस क्लब सोनीपत का गठन वर्ष 2002 में हुआ था और यह क्लब अंतरराज्यीय बौद्धिक पत्रकारिता कार्यशाला पिछले कई सालों से आयोजित कर रहा है।

उन्हें गर्व है कि अबकी बार जम्मू में छठी और श्रीनगर कश्मीर में सातवीं कार्यशाला 20-28 अप्रैल तक चलेंगी। उन्होंने प्रेस क्लब को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता करने का सभी पत्रकारों का स्वभाव रहता है।

## जिला में 6 लाख 93 हजार 183 मीट्रिक टन गेंहू की हुई आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक निरंतर जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। उन्होंने बताया कि शनिवार तक जिला में करीब 6 लाख 93 हजार 183 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई, जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 366367 मीट्रिक टन तथा 23419 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

## आग की घटना से हुए नुकसान को लेकर सरकार गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि हाल ही में आए तूफान के बाद हुए नुकसान को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नुकसान का पूरा आंकलन करके सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाए। सांसद नवीन जिन्दल के आदेश पर उनके कार्यालय की टीम ने पीड़ित लोगों से मुलाकात करके नुकसान का जायजा लिया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि सांसद जिन्दल ने निर्देश दिए हैं कि तूफान के दौरान खेतों में आग लगने से जिन किसानों का



नुकसान हुआ है और जिन लोगों के मकान एवं पशुधन आदि की हानि हुई है। उनकी रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी ताकि पीड़ितों की मदद की जा सके। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में वे हर तरह से अपने लोगों के साथ खड़े हैं। किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर कोई भी व्यक्ति उनके कार्यालय में संपर्क कर सकता है। सांसद कार्यालय की टीम ने कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में प्रभावित गांवों

**रिपोर्ट**

**सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नुकसान का पूरा आंकलन करके सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाए**

का दौरा करके पीड़ितों से मुलाकात की। जिला कैथल, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर सभी जगह पर टीमें पहुंचकर आपदा के दौरान हुए नुकसान का जायजा ले रही हैं। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी ताकि मदद की कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास भेजा जा सके।

## 8 दिवसीय कार्यक्रम 'वाह जिंदगी वाह' का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद** मारकंडा :ब्रह्माकुमारीज : मुख्यालय माउंट आबू से पधारे अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर राजयोगी डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने कहा कि मन को शान्त, स्थिर एवं हल्का रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या राजयोग से शुरू करनी होगी। राजयोग से हमारी कार्य कुशलता और एकाग्रता की शक्ति बढ़ती है। वे रविवार को शाहाबाद में ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन, अटारी कॉलोनी में 8 दिवसीय कार्यक्रम 'वाह जिंदगी वाह' के शुभारंभ पर 'खुशहाल दिन-चैन की नींद' विषय पर जीवन यापन के महत्वपूर्ण टिप्स दे रहे थे। ब्रह्माकुमारीज शाहबाद मारकंडा एवं समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित इस




कार्यक्रम का शुभारंभ शाहाबाद विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे मा. सुभाष कलसाना, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी व नीजा दीदी आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया और सभी को म्यूजिकल एक्सरसाइज भी करवाई गई।डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'खुशनुमा जीवन' के लिए अहम गुर देते हुए कहा कि राजयोग ध्यान प्रकिया से हम अपने भाग्य को श्रेष्ठ एवं उज्जवल बना सकते है। राजयोग द्वारा हम अपने जीवन में सदैव खुश रहना और मुस्कुराना सीख जाते है। एक सर्वे के अनुसार एक बच्चा दिन में 300 बार मुस्कराता है, तो फिर हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि खुश रहने से हमारा मस्तिष्क सुखद हार्मोनस प्रसारित करता है।

**राजयोग**

**मन को शान्त, स्थिर एवं हल्का रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या राजयोग से शुरू करनी होगी**

अतः अपनी जिन्दगी को वाह जिन्दगी वाह... बनाने के लिए भारत की प्राचीन विधि राजयोग को अपनाएं। इससे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद की प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यह बताना है कि खुशियां हमारा इंतजार कर रही है, बस हमें अपनी दिनचर्या में मात्र कुछ परिवर्तन करने है। उन्होंने बताया कि डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन 21 अप्रैल को अच्छा स्वास्थ्य पाना पूरी तरह आपके नियंत्रण में है, 22 अप्रैल को मस्तिष्क का नियंत्रण कैसे करें, 23 अप्रैल को संबंधों में सामंजस्य कैसे बनाएं, 24 अप्रैल को एकाग्रता पाने के वैज्ञानिक उपाय, 25 अप्रैल को क्रोध पर नियंत्रण कैसे पाएं, 26 अप्रैल को राजयोग की समृद्ध परंपरा और 27 अप्रैल को प्राणायाम एवं ध्यान की शक्ति विषय पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में उत्तम प्रसाद, राजू कथूरिया, अनिल कथूरिया, राजेंद्र, फकीर चंद, दर्शन आहूजा, विजय तुली, दीपक आनंद, ढूंढ राज आनंद, राम कृष्ण हसीजा, रविंदर सिंह, संजीव स्वामी, सुरेंद्र वधवा, रमेश, सुखदेव शर्मा, सुशील शर्मा, गणेश, रवि गुप्ता, अशोक गुप्ता के साथ साथ सभी पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

## नर सेवा ही नारायण सेवा है: चमन लाल गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा का पानीपत धार्मिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों मे भी आगे रहता है। लगातार दूसरों की मदद के लिए समाज के हित के लिए कार्य किया जाते हैं। जैसे ही पानीपत के दान वीरों को सूचना मिलती है तो तुरंत दूसरों की मदद के लिए तैयार हो जाते है। शहर के कुछ समाजसेवियों को जैसे ही सूचना मिलती है कि जन सेवा दल के अपना आशियाना में रह रहे अपाहिज और बजुर्गों को ग्राउंड फ्लोर से चोथी मंजिल जाने के लिए सीडीओ का सहारा लेना




पड़ता है और उन्हें काफी परेशानी होती है तो वह तुरंत अपना आशियाना में पहुंचते हैं। और उन बुजुर्गों और अपाहिजों के लिए एक लिफ्ट लगवाते हैं जिनसे उनकी परेशानियों का समाधान हो सके। जन सेवा दल के सदस्य चमन लाल गुलाटी ने बताया की नर सेवा ही नारायण सेवा है शहर मे ऐसे बहुत दानवीर है जो लगातार जरुरतंमद की सहायता करते रहते है।

## न्यूज फ्लैश

### निजी रेस्त्रां में लोहे का बोर्ड उतारते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**सोनीपत: सिविल लाइन** थाना क्षेत्र में निजी रेस्त्रां में लोहे का बोर्ड उतारते समय युवक को करंट लग गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। खुंभा हिसार निवासी वजीर ने बताया कि उसका बेटा आशु (23) कई दिनों पहले अपने दोस्त आशीष के पास सोनीपत आया हुआ था। उसके दोस्त ने हाल ही में आईटीआई-बहालगढ़ रोड पर रेस्त्रां किराए पर लिया था। जिस पर मरम्मत का काम चल रहा था। रात करीब डेढ बजे रेस्त्रां के सामने वाले गेट पर लगा लोहे का बोर्ड उतारते समय उसके सामने से गुजर रही बिजली की लाइन में बोर्ड टच हो गया। जिसके चलते आशु करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी प्रवीण ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाई गई है।

**एक साल की बच्ची के सिर से उठा पिता का साया:** अस्पताल में शव लेने पहुंचे परिजनों ने बताया कि आशु की शादी करीब दो साल पहले ही हुई थी। उसके पास एक साल की बेटी है। घर पर आशु की मौत का पता चलने पर परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम का माहौल है।

### नेहरू गांधी घराना त्याग और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक है न की घृणा और झूठ का: लाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : आरएसएस और और बीजेपी को याद रखना होगा नेहरू गांधी घराना त्याग और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक है न की घृणा और झूठ का। उक्त बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाली शर्मा टटियाना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही । उन्होंने कहा कि जिन्हें देश को सब कुछ दिया आज वही गांधी परिवार गद्दार कहे जा रहे हैं। 1947 में 198 करोड़ की संपत्ति देश को दान देने वाला नेहरू परिवार आज भ्रष्टाचारी कहा जा रहा है।वह भी उन लोगों द्वारा जिन्हें कभी भी तिरंगे का सम्मान नहीं किया। लाली ने कहा कि नेशनल हेराल्ड नेहरू जी के अपने पैसों से शुरू हुआ अखबार देश को जागरूक करने के लिए होता है।आज इस अखबार को बदनाम करने की साजिश हो रही है।भारत को जिसने खड़ा किया उसे ही गिराने में लगे हैं।

नेशनल हेराल्ड केस में कोई दम नहीं है , इसे लंबे समय से खींचा जा रहा है।यह मामला राजनीति से प्रेरित है और हमें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। हम कानूनी तरीके से लड़ेंगे और न्याय मिलेगा। लाली शर्मा ने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए श्रीमती सोनिया गांधी राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है। आज भाजपा सरकार के पास कोई सबूत नहीं है। वह सिर्फ गांधी परिवार की छवि खराब करना चाहते हैं लेकिन पूरा हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के साथ है।

# कैंट 12 क्रास रोड सब-स्टेशन तक 33 केवी लाइन हटाने के आदेश दिए

**इस लाइन के हटाने से धूलकोट से अम्बाला छावनी 12 क्रास रोड तक दर्जनों कॉलोनियों के निवासियों को फायदा होगा**

**कार्रवाई**

**20 किलोमीटर लंबी लाइन छावनी की कई कालोनियों से गुजर रही थी जिसके हटने से हजारों लोगों को फायदा मिलेगा: ऊर्जा मंत्री अनिल विज**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने धूलकोट 220 केवी सब-स्टेशन से अम्बाला छावनी 12 क्रास रोड स्थित 33केवी सब-स्टेशन तक 33केवी लाइन को हटाने के आदेश बिजली निगम को कर दिए हैं। विज ने बताया कि लगभग 20 किलोमीटर लंबी लाइन को हटाने के लिए जल्द बिजली निगम द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।
ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस लाइन के हटाने से धूलकोट से अम्बाला छावनी 12 क्रास रोड तक दर्जनों कॉलोनियों के निवासियों को फायदा होगा क्योंकि कुछ स्थानों पर यह लाइन कालोनियों के ऊपर से गुजर रही थी जिससे उन्हें खतरा था।
ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि 33 केवी लाइन अशोक नगर, पूजा विहार, करधान, नग्गल, रामपुर, सरसेहड़ी, आजाद नगर, आनंद नगर, दयालबाग व इसके आसपास कई कालोनियों, बब्याल, बोह, डिफेंस कालोनी के अलग-अलग सेक्टरों के अलावा डिफेंस कालोनी गुरुद्वारा, शिव मंदिर, सरसेहड़ी, टुंडला, टुंडली, गरनाला व नारायणगढ़ रोड, बलदेव नगर की अलग-अलग कालोनियों से होते हुए धूलकोट सब स्टेशन से हटेगी। 33केवी लाइन हटने से इन क्षेत्र के हजारों निवासियों को लाभ मिलेगा।
वहीं, 33केवी लाइन का लोड अम्बाला छावनी 12 क्रास रोड स्थित 66 केवी सब स्टेशन पर शिफ्ट कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी। 20 किमी. लंबी लाइन हटाने के लिए बिजली निगम द्वारा लगभग 200 से ज्यादा लोहे व पीसीसी पोल बो हटाया जाएगा। इसके अलावा स्क्वेयर कंडक्टर व अन्य उपकरणों को भी हटाया जाएगा। लाइन को हटाने के लिए बिजली निगम द्वारा खाका भी तैयार कर लिया गया है।

## राजीव जैन ने सभी ट्यूबवेल चालू करने के दिए निर्देश



**निरीक्षण**

**समाधान के लिए दिन-रात जुटे मेयर ने जब मुरथल स्थित जल घर का औचक निरीक्षण कर पाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए दिन-रात जुटे नगर निगम मेयर राजीव जैन ने जब मुरथल स्थित जल घर का औचक निरीक्षण कर पाया कि सात में से दो ट्यूबवेल ही चल रहे हैं तो वह नगर निगम के अधिकारियों पर भड़क उठे और माह के अंत तक सभी ट्यूबवेल चालू करने के निर्देश दिए। राजीव जैन पार्षद हरि सैनी के साथ पहुंचे तो पाया कि ट्यूबवेलो की हालत दयनीय है पैनल बॉक्स टूटे पड़े हैं, पैनल बॉक्स में न मीटर लगे हैं और फ्यूज की तारे भी गली पड़ी है। दो वर्षों से नया ट्रांसफार्मर रखा हुआ है पर उसके कनेक्शन आज तक नहीं जुड़े जिसके कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं इसी तरह दो 40 हॉर्स पावर मोटर के स्टार्टर नहीं थे। दरअसल पुराने समय में पूरे शहर की पेयजल आपूर्ति मुरथल से हुआ करती थी अब मुरथल जीटी रोड के आसपास की कॉलोनियों और शहर के बूस्टिंग स्टेशनों पर पानी ट्यूबवेलों से जाता है। विशेषकर जब बरसात की दिनों में जाजल रेनीवेल में समस्या हो जाती हैं तो शहर की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से मुरथल के डीप ट्यूबवेल पर निर्भर हो जाती है राजीव जैन ने कहा की समस्या आने पर समाधान खोजने का कोई अर्थ नहीं है।

## हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**काबू**

**पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राइम** यूनिट ने मादक पदार्थ सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी खरखौद व मोहित निवासी वेस्ट रामनगर का है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। क्राइम यूनिट को सूचना मिली थी कि वेस्ट रामनगर का रहने वाला मोहित और खरखौदा का दीपक हेरोइन बेचने है। इस समय दोनों हेरोइन बेचने के लिए कालूपुर के पास मौजूद है। टीम ने मौके पर पहुंच कर निगरानी शुरू कर दी। टीम को देख कर वहां खड़े दो युवक दूसरी तरफ जाने लगे। टीम ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। उनसे पूछताछ की युवकों ने अपनी पहचान मोहित और दीपक के रूप में दी। टीम ने तलाशी ली तो उनके पास से 106 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि लंबे समय से हेरोइन की तस्करी के धंधे में लिप्त हैं, और इसे आसपास के इलाकों में बेचते थे।

## कैंट के फरुखा खालसा स्कूल में कलाधर ग्रुप ने किया नाटक का मंचन

**सराहना**

**इस दौरान कार्यक्रम की अतिथियों ने ग्रुप द्वारा किए गए कार्यों की खूब सराहना की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला कैंट स्थित फरुखा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रुप में नाटक महारथी का मंचन किया। इस दौरान कार्यक्रम की अतिथियों ने ग्रुप द्वारा किए गए कार्यों की खूब सराहना की। नाटक में कर्ण की पीड़ा देख दर्शक भावुक हो गये। कलाधारा ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अंकुर मिश्रा के निर्देशन में नाटक महारथी का आयोजन फरुखा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बताओ मुख्य अतिथि अंबाला कैंट की नवनिर्वाचित चेयरमैन सुवर्ण कौर, वार्ड नंबर 27 के पार्षद शिवाजी काकरान एवं वार्ड नंबर 7 के पार्षद संजीव अत्रि एवं स्कूल के प्रिंसिपल केपी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया। इसके बाद कलाकारों ने अपनी मंचल की शुरूआत की। नाटक में महारथी कर्ण की व्यथा को दिखाया गया।
जिसमें जीवन भर यातना, प्रताड़ना और भेदभाव का सामना करने के बाद भी कर्ण के संघर्ष की जारी रहने वाली कथा दिखाई गई। नाटक में यश शर्मा ने कर्ण, अभिषेक निगम ने दुर्योधन, जतिन ने अर्जुन, मनीष ने कृष्ण, विवेक ने द्रुपद, अंकुश ने दुशासन, आयुषी ने कुंती, वैशाली ने द्रौपदी, देवस ने द्रुपद की भूमिका निभाई। भरत ने अपनी ढोलक की थापों से समां बांधा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित चेयरमैन स्वर्ण कौर ने कलाधारा ग्रुप के कार्यों की सराहना की। वार्ड नं 27 के पार्षद शिवाजी काकरान ने कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के अंदर एक प्रतिभा होती है जिसे सामने लाने का उत्कृष्ट कार्य कलाधारा ग्रुप कर रहा है। वार्ड नं 7 के पार्षद संजीव अत्रि ने कहा कि नाटक समाज को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का काम करता है। स्कूल के प्रिंसिपल केपी सिंह ने कहा कि नाट्य कला सनातन धर्म की धरोहर है। जिसे बचाने और बढ़ाने के लिए समाज एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम की प्रबंधन टीम में करन, मानसी, मनीषा शामिल रहे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में महिला व युवक की मौत

**पोस्टमार्टम**

**मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन व मुरथल थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक महिला व युवक की मौत हो गई। मामलों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर आरोपित वाहन चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुरथल निवासी कमल ने बताया कि उसका बेटा नितेश (25) निजी स्कूल की कैंटीन में काम करता था। शुक्रवार की देर शाम को वह मुरथल के ओशो धारा रोड से जीटी रोड की ओर जा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क मार्ग से गुजर रहे निजी कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड साहिल ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जहां से उसे रोहतक पीजीआई लेकर चले गए। पीजीआई में उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर आरोपित ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**ई-रिक्शा की टक्कर से महिला की मौत:** कैलाश कालोनी निवासी शिवानी ने बताया कि वह अपनी सासा सुदेश रानी के साथ राठधना रोड पर सब्जी खरीदने के लिए आई थी। उसी दौरान तेज रफ्तार से आई ई-रिक्शा ने उसकी सास को चपेट में ले लिया। वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चोट लगने की वजह से बेहोश हो गई। परिजन उसे अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## अध्यापक का मोबाइल झपटा, बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**मुकदमा**

**पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बाइक सवार दो बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में अध्यापक का मोबाइल फोन झपने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बाइक सवार दो बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। फसला मोहल्ला निवासी रोहित जैन ने बताया कि वह निजी स्कूल में शारीरिक शिक्षा का अध्यापक है। वह बृहस्पतिवार को अपने घर की जा रहा था। जब लाल दरवाजा के पास पहुंचा तो बाइक सवार युवकों ने उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जिस पर उन्होंने उनका सामन किया। जिसके बाद झपटमारों ने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और मोबाइल छीन ले गए। जमीन पर गिरने से उनको चोट भी आई है। आसपास के लोगों ने भी झपटमारों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकले। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई शिवमुनी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## फंदे से लटककर युवक ने दी जान

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में फंदे से लटककर युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने मामले को पुलिस को सूचना दी। पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटना स्थल से नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अशोक विहार निवासी साहिल (24) ने अपने घर पर संदिग्ध हालात में फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने शव फंदे से लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

## सामूहिक दुष्कर्म करने के चार दोषियों को कैद की सजा

**सजा का ऐलान**

**चारों दोषियों को चिल्ड्रन इन कॉन्फ्लिक्ट विद लॉ (सीसीएल) के तहत 20-20 साल कैद की सजा सुनाई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने चारों दोषियों को चिल्ड्रन इन कॉन्फ्लिक्ट विद लॉ (सीसीएल) के तहत 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 56-56 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है। प्रत्येक की जुमार्ना राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है। खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने 2 अप्रैल, 2023 को पुलिस को बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती थी। उनकी बेटी को 31 मार्च, 2023 को उनके गांव में रहने वाला लडका किताब दिलाने के बहाने बहकाकर खरखौदा में अपने दोस्त घर ले गया था। वहां पर आरोपी लडके ने उनकी बेटी के साथ जबरन गलत काम किया था। इतना ही नहीं उसके दोस्त ने भी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया था। फिर आरोपितों ने अपने एक अन्य दोस्त को बुला लिया था। उसने भी बेटी के साथ गलत काम किया था। फिर उन्होंने बेटी के एक सहपाठी को भी बुला लिया था। वह अपने साथी संग आया था। सहपाठी ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया था। बाद में आरोपितों ने बेटी को धमकी दी थी कि इस उन्होंने वीडियो बना लिया है। अगर किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। आरोपितों ने उनकी बेटी पर दबाव बनाकर 40 हजार रुपये देने की मांग की थी। साथ ही कहा था कि किसी को बताने पर परिवार को जान से मार देंगे। घटना के बाद बेटी घबरा गई थी। जिसके चलते किसी को कुछ नहीं बताया था। एक दिन बाद रात को बेटी ने मामले से उन्हें अवगत कराया था। जिस पर 2 अप्रैल, 2023 को पुलिस को शिकायत दी गई थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लड़कों को अभिरक्षा में ले लिया था, सभी नाबालिग थे। हालांकि अदालत ने उन्हें बालिग की तरह मानकर मामले की सुनवाई की। मामले में पांचवें आरोपित की सजा पर जल्द फैसला होगा। उसकी आयु को लेकर फिर से प्रमाण पत्र मांगा गया है।

## पहले साहित्य महोत्सव-लिटरेरिया में लिखित शब्द का जश्न मनाया

**साहित्य**

**लिटरेरिया -का पहला साहित्य महोत्सव आम्रपाली रिसॉर्ट में संपन्न हुआ, जिसमें पूरे देश से पुस्तक प्रेमी, लेखक शामिल हुए**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** कहानियों, विचारों और कल्पना के एक जीवंत उत्सव में, लिटरेरिया -अंबाला का पहला साहित्य महोत्सव आम्रपाली रिसॉर्ट में संपन्न हुआ, जिसमें पूरे देश से पुस्तक प्रेमी, लेखक, शिक्षाविद और कलाकार शामिल हुए। साहित्यिक जुड़ाव की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित, एक दिवसीय उत्सव एक शानदार सफलता साबित हुआ, जो पुरानी यादों, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत के बीच निर्बाध रूप से चलने वाली बातचीत से भरपूर था। साहित्योत्सव की शुरूआत औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन और महोत्सव निदेशक डॉ. सोनिका सेठी के प्रेरक उद्घाटन भाषण के साथ हुई, जिन्होंने दिलों को जोड़ने और दिमाग को आकार देने के लिए साहित्य की शक्ति पर जोर दिया। उत्सव के महत्व पर विचार करते हुए उन्होंने कहा: "लिटरेरिया सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है - यह एक शुरूआत है। कहानी कहने की एक शुरूआत जो अंबाला की आत्मा से मेल खाती है। हम एक ऐसी जगह बनाना चाहते थे जहां शब्द सांस लेते हैं और विचार खिलते हैं, और आज, हमने उस सपने को उड़ान भरते देखा।" मुख्य भाषण, जिसका शीर्षक कविता, कहानी और जीवन रहा, में राष्ट्रीय साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक ने जीवन और साहित्य के बीच सहजीवी संबंध को स्पष्टता से खोज करने की प्रेरणा दी। साहित्यिक महोत्सव पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महोत्सव निदेशिका सोनिका सेठी को बधाई दी और कहा कि- "एक शहर की आत्मा उसके साहित्य में सबसे अच्छी तरह से प्रतिबिंबित होती है। लिटरेरिया ने अंबाला के लिए एक नया अध्याय खोला है - जहां कहानियों को न केवल बताया जाएगा बल्कि याद किया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि ऐसे मंच हमारे युवाओं की सांस्कृतिक चेतना को गहरा करेंगे।" कई यादगार सत्रों में से एक- मर्डर, मिस्ट्री एंड माइल्स अवे- जिसमे मशहूर लेखिका मंजिरी प्रभु ने डॉ. सोनिका सेठी से डेस्टिनेशन थ्रिलर्स के चुंबकीय आकर्षण के बारे में बात की, में दर्शकों को सस्पेंस लेखन की कला की एक दिलचस्प झलक पेश की। एक सशक्त पैनल चर्चा, फ्रॉम इंक टू इम्पैक्ट, में बलराम सैनी के साथ बातचीत में डॉ. राजेंद्र कनौजिया और डॉ. पॉल कौर शामिल थे।

## सोशल साइट पर संपर्क करके ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

**फर्जीवाड़ा**

**पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। मुकदमा दर्ज कर लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने गोहाना के सब्जी विक्रेता से सोशल साइट पर संपर्क करके ट्रेडिंग का झांसा देकर लाखों रुपये की नकदी ठगने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा कॉलोनी गोहाना निवासी सत्यदेव ने बताया कि वह सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उनके फेसबुक अकाउंट पर एमरे लेन के नाम से एक संदेश आया था। उसने उन्हें टेलीग्राम एप से जुड़ने को कहा था। जिसके बाद उनसे तीन अलग-अलग आईडी से संपर्क किया गया। उन्होंने उनको एक व्यावसायिक प्लान बताया और कमाई का झांसा दिया। उन्होंने उनसे ट्रेडिंग में रुपये लगाने को कहा। जिसके बाद उन्होंने 15 मार्च से 18 मार्च के बीच उनके कहे अनुसार 6.14 लाख रुपये लगा दिए। बाद में जब उनसे रुपये वापस मांगे तो उनसे 3.80 लाख रुपये और देने को कहा। इसके लिए उन्होंने 10-15 दिन का समय दे रखा है। बाद में उन्होंने अपने स्तर पर जांच की तो पता लगा कि साइबर ठगों ने मोबाइल एप किड्स प्लेटफार्म वेबसाइट का प्रयोग कर उनसे धोखाधड़ी की है। अलग-अलग खातों में 17 बार में रुपये डलवाए गए। पीड़ित ने साइबर थाना में मामले की शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई गिरिश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# साइक्लोथोन यात्रा हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में कारगर साबित होगी: डॉ. पवन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला/नारायणगढ़:** हरियाणा को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से निकाली गई ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथोन-2.0 यात्रा नारायणगढ़ पहुंची। इस अवसर पर गांव अम्बली के राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बतौर मुख्यतिथि यात्रा का स्वागत करते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाने की शपथ दिलाई तथा यात्रा को यहां से हरी झण्डी दिखाकर जिला पंचकूला की ओर रवाना किया, यात्रा नारायणगढ़ होते हुए जिला पंचकूला में प्रवेश कर गई। साइक्लोथोन-2.0 साइकिल यात्रा में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत, एसडीएम शाश्वत सांगवान, नम्बरदार सुरेश पाल, भाजपा युवा जिला प्रधान संदीप सैनी अम्बली, हनीश सैनी, नवीन सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं, स्कूली बच्चों/कालेज के विद्यार्थीयों सहित भाजपा पदाधिकारियों/कार्यकताओं, सरपंचों तथा पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उपमण्डल नारायणगढ़ की सीमा क्षेत्र में साईकिल यात्रा में साइकिल चलाकर ड्रग फ्री हरियाणा बनाने का संदेश दिया। इससे पूर्व उपमण्डल नारायणगढ़ की सीमा में ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथोन-2.0 यात्रा के पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत, एसडीएम शाश्वत सांगवान, डीएसपी सूरज चावला तथा बीडीपीओं जोगेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों एवं शिक्षण संस्थानों, सरपंचों तथा पार्षदों सहित भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। यात्रा के स्वागत समारोह में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथोन-2.0 मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई यह जागरूकता यात्रा जन-जन तक ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश दे रही है।

उन्होने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए साइक्लोथोन यात्रा सीएम हरियाणा का सराहनीय प्रयास है।



**शपथ दिलाई**

▶▶ पवन सैनी ने बतौर मुख्यतिथि यात्रा का स्वागत करते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाने की शपथ दिलाई

# विकसित भारत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को रहना होगा स्वस्थ: तजेन्द्र

**फिटनेस**

▶▶ भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से चलाए जा रहे फिट इंडिया फिटनेस अभियान में भाग लेना होगा।

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रहना होगा। इस प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ रहने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से चलाए जा रहे फिट इंडिया फिटनेस अभियान में भाग लेना होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी रविवार को साई सेंटर कुरूक्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण व नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले भाजपा जिला अध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि बतान, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष घुमन सिंह किरमच, पूर्व मंत्री देवेंद्र शर्मा, डीएसओ मनोज कुमार, साई के वरिष्ठ प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वडैच, नेहरू युवा केंद्र की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने हरी झंडी देकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया।

इस साईकिल रैली ने साई सेंटर और आस-पास के क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा का संदेश भी दिया।



## न्यूज फ्लैश

### गुजरात की टीम ने हरियाणा को फाइनल में 7 विकेट से हराकर चैंपियन ट्रॉफी 2025 जीती




समालखा 20 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )

**दिल्ली पब्लिक** स्कूल समालखा में संपन्न हुई चैंपियन ट्रॉफी 2025 को गुजरात लायंस की टीम ने 7 विकेट से अपने नाम किया टॉस जीतकर हरियाणा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर मात्र 103 रन बनाएं गुजरात की तरफ से गेंदबाजी में जयवीर सिंह जाला ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की और तीन विकेट चटकाए इसके अलावा ऋषभ, प्रणव, दीव, डेनिल एवं झील ने एक-एक विकेट लिया। 103 जैसे मामूली स्कोर का पीछा करते हुए गुजरात लायंस की टीम ने यह स्कोर 15 ओवर में तीन विकेट खोकर प्राप्त किया गुजरात की तरफ से अंश ने 29 प्रणव ने 31 एवं यक्ष ने 31 रन बनाए।
पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता मोरबी टीम को ट्राफी एवं सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अंश भाकर को प्लेयर ऑफ द सीरीज, यक्ष गोधनी को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज, डेनिल को सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर का विशिष्ट पुरस्कार दिया गया। टीम के साथ गए कोच डॉक्टर अली खान ने बताया पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथी पानीपत शहर की मेयर कोमल सैनी ने पुरस्कार व ट्राफी दे कर टीम को सम्मानित किया अंत में टूनार्मेंट के संयोजक कशमीर सिंह ने आई हुई सभी टीमों का धन्यवाद दिया एवं विजेता त्रिलोक गुजरात लायंस की टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कोच कंवलजीत राठी त्रिलोक पूनम नेगी आभा मालनी आदि उपस्थित रही

### दहेज के लिए पत्नी को किया प्रताड़ित, पति का अवैध संबंध

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** शहर की पालम कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर प्रताड?ा के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए परेशान किया जा रहा है। उसकी सास, ससुर और देवर ने उसके साथ मारपीट भी की है। उसकी छोटी बहन की शादी उसके देवर से हुई है, फिर भी उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पति ने झूठा आश्वासन देकर कहा था कि वह उसे गुरुग्राम में अपने साथ रखेगा, लेकिन बाद में मना कर दिया और कहा कि जो करना है कर लो, पुलिस मेरा कुछ नहीं कर सकती। महिला की शिकायत पर सेक्टर 32-33 थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी शादी 25 नवंबर 2020 को कैथल के गांव गुहणा निवासी शिवकुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति शिवकुमार, देवर रोहताश, ससुर राजपाल कश्यप और सास चमेली देवी ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ज्योति की छोटी बहन की शादी उसके देवर रोहताश से हुई है। ज्योति ने बताया कि रोहताश अक्सर घर आकर दोनों बहनों को धमकाता है कि वह गोली मार देगा। महिला ने कहा कि दोनों बहनों को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। शादी के समय दोनों बहनों के जो गहने दिए गए थे, वह सास के पास हैं। जब भी त्योहारों के दौरान गहनों की मांग की गई तो सास और ससुर ने कहा कि पहले 10 लाख रुपए लाओ, तभी गहने मिलेंगे। पीड़िता ने बताया कि दिसंबर 2024 में उसके पति और देवर छुट्टी पर आए हुए थे। इन्होंने माता-पिता के साथ मिलकर उसकी बुरी तरह पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने इस घटना की मेडिकल रिपोर्ट भी पुलिस को सौंपी है।
महिला ने बताया कि उसके पति का किसी और महिला के साथ अवैध संबंध है। जब उसने इस बारे में सवाल किए तो पति ने उसे बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में ससुराल के अन्य सदस्य भी पति का ही पक्ष लेते हैं। पीड़िता ने बताया कि बीती 3 जनवरी को वह अत्यधिक मानसिक तनाव के कारण बेहोश हो गई थी और कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में 15 से 20 दिन तक आइसीयू में भर्ती रही।

# 31 छात्रों को प्रदान की गई पाठ्य सामग्री एवं प्रोत्साहन राशि

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर रामरतन शर्मा के आशीर्वाद से 31 छात्रों को शिव मंदिर सेक्टर- 3 कुरुक्षेत्र में प्रोत्साहन राशि एवं पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। इस पुनीत अवसर पर अशोक कुमार एसडीएम नीलोखेड़ी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जबकि सुनील दत्त एस एच ओ लाडवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समाजसेवी सतपाल कल्याण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर नगर के समाजसेवी व्यक्तियों को भी आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार( हरियाणा प्रशासनिक सेवा) ने कहा कि मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है। मेधावी छात्रों का सर्वांगीण विकास ही मानव मित्र मंडल का उद्देश्य है।कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील दत्त पुलिस निरीक्षक ने कहा कि मेधावी छात्र आर्थिक दृष्टि से शिक्षा से वंचित न रहे, मंडल का यह सेवा कार्य वास्तव में ही आत्म संतोष प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि सतपाल कल्याण ने कहा शिक्षित व्यक्ति ही सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। मंडल के संयोजक भारतेंदु हरीश ने कहा" मानव मित्र मंडल का नारा, सबल बने निर्बल का सहारा ,सुंदर सजग समाज बने यही है ध्येय हमारा।" इसी उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों के 31मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि एवं पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक देशराज भटनागर, लक्ष्यबीर सिंह, सूरज कमल सेठ, डॉ ज्ञानेंद्र शर्मा, डॉ एम एम सिंह आदि समाजसेवियों को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रमेश शर्मा ने किया।



**सराहनीय**

▶▶ मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है

# गर्मी में धूप और लू से बचाव के लिए टिप्स को करे फॉलो: डीसी

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

**स्वास्थ्य** सुरक्षा के मद्देनजर गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़ते तापमान-लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करे। डीसी डाक्टर विरेदंर दहिया ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करते हुए हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि गर्मी की स्थिति में लू के प्रभाव को कम करने तथा लू के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए कुछ उपाय कर सकते हैं। हीटवेव यानी लू की चपेट में आने के कारण शरीर में पानी की कमी, हीटस्ट्रोक, उल्टी, चक्कर आना, बुखार, सिरदर्द और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कई बार हीट वेव जानलेवा भी साबित हो सकती है। ऐसे में कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। हीटवेव से बचने के लिए अपने शरीर को हाइड्रेट रखने की कोशिश करें। इसके लिए अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। इसके अलावा, आप नारियल पानी, नींबू पानी, ओआरएस और छाछ जैसे प्राकृतिक पेय का सेवन कर सकते हैं। अपने घर को ठंडा रखें, इसके लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खुली रखें। घर से बाहर धूप में निकलते समेत चश्मा, टोपी, जूते या चप्पल पहनें।

# जिला परिषद की बैठक की सभी तैयारी पूरी: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**उपायुक्त** डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 22 अप्रैल मंगलवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने बताया कि बैठक में विभिन्न एजेंडा पर विस्तार से चर्चा होगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य वित्त आयोग ग्रांट की प्रगति। 15वें वित्त आयोग ग्रांट की प्रगति एवं पूरक योजना के अनुमोदन। मनरेगा योजना के तहत सदस्यों द्वारा मांगों की प्रगति हेतु और सदस्यों की मांगों को प्राथमिकता देने। सभी वार्डों की ग्राम पंचायत में स्टील की बेंच रखवाने व अन्य एजेंडे पर चर्चा की जाएगी।



# टेंपल ऑफ क्राइस्ट चर्च में ईस्टर पर्व मनाया

**धूमधाम से**

▶▶ रविवार सुबह ईस्टर पर्व अर्थात प्रभु यीशु के पुन: जीवित होने के दिन को बड़े हर्षोल्लाह से मनाया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/पिपली :** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में टेंपल ऑफ क्राइस्ट चर्च में, रविवार सुबह ईस्टर पर्व अर्थात प्रभु यीशु के पुनः जीवित होने के दिन को बड़े हर्षोल्लाह से मनाया गया।चर्च ने ईस्टर की आशा का जश्न मनाने के लिए सभी का स्वागत किया, इस पावन अवसर पर बिशप पॉल भट्ट एवं पास्टर शॅरन भट्ट ने चर्च की सभी सदस्यों की तरफ से समस्त शहर वासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी` चर्च में आये सभी भगतो को आशीर्वचन देते हुए कहा की , जैसे प्रभु यीशु ने कहा है वैसे ही कि यह ईस्टर दिवस हमारे शहर में आशा और मेल मिलाप लाये और दिलों को प्यार और शांति से भर दे।" उन्होंने आमजन को कहा की प्रभु यीशु ने बोला था की सब मिलकर रहे इकठा रहे तभी देश बढेगा आपस में बिलकुल भी द्वेष न रखे समाज के लिए काम करे जरूरतमंद की मदद करे।



# पत्नी मौसेरे भाई के साथ भागी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के दादुपुर गांव में एक पति ने अपनी पत्नी पर तीन साल के बेटे को लेकर फरार होने और लाखों रुपए के गहने व नकदी ले जाने का आरोप लगाया है। पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी किसी और के साथ नहीं, बल्कि उसी के मौसेरे भाई के साथ भागी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता पति ने पुलिस को बताया है कि आज सुबह करीब 5.40 बजे उसकी पत्नी उसके साढ़े तीन साल के बेटे को लेकर घर से चली गई। जब उसकी की नींद खुली और उसने घर में पत्नी व बेटे को नहीं पाया तो आसपास तलाश की।

# आंबेडकर जयंती समारोह को लेकर सोनू ने दिया न्यौता

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 25 अप्रैल शुक्रवार आयोजित संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आज रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। कुंडली ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह होगा जिसमें मुख्यातिथि के रूप में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले होंगे। रवि सोनू कुंडली ने कहा कि कार्यक्रम के निमंत्रण के लिए आज कुरुक्षेत्र व शाहाबाद में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से मिले और कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। कुवि में आयोजित समारोह को लेकर कार्यकत्राओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है लोगों ने विश्वास दिलाया कि वह अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इसके अलावा प्रदेश के मीडिया प्रभारी अश्वनी वालिया ने कहा कि रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र व अन्य क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है और लोगों को पार्टी की नीतियों के बारे अवगत करवाया जा रहा है। कुंडली ने पिछले कई दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरा कर रहे हैं और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कुंडली का जगह-जगह फूल-मालाओं से स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक व सामाजिक, व्यापारी, कर्मचारी वर्गों से अपील कि 25 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन होगा।



**कार्यक्रम**

▶▶ संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

# नहर में मिला अज्ञात बुजुर्ग सरदार का शव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में बुजुर्ग सरदार का शव नहर में तैरता मिला। ग्रामीणों ने शव को बहता देखा तो तुरंत डायल 112 पर कॉल किया। सूचना मिलने के बाद ईआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर ईआरवी टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोर नीरज ने शव को नहर से बाहर निकाला। बाहर निकालने के बाद देखा गया कि मृतक की उम्र करीब 60 साल है। उसकी पहचान नहीं हो सकी। न तो जेब में कोई आईडी मिली और न ही कपड़ों से कोई क्लू हाथ लग पाया। शव की स्थिति देखकर यह अंदाजा लगाया गया कि वह सिख समुदाय से हो सकता है। दोनों हाथों में कड़े थे और बाल खुले हुए थे। उसने खाकी रंग का कुर्ता पहन रखा था, लेकिन कपड़ों की तलाशी के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो पाई। इआरवी पुलिसकर्मी संदीप ने बताया कि जिस स्थान पर शव मिला है, वह रामनगर और सदर बाजार थाना क्षेत्रों की सीमा में आता है। इसलिए दोनों थानों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया है। यदि 72 घंटे में कोई परिजन या पहचानकर्ता सामने नहीं आता है तो नियमानुसार मृतक का अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।

# आग से हुए नुकसान का उचित मुआवजा दे सरकार: मधुसूदन बवेजा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** पिहोवा हल्के के गांव थाना, मांगना, दीवाना, गुलडेहरा, मस्तगढ़ सहित अन्य गांवों में देर रात गेहूं की फसल में आग लग गई। नुकसान का जायजा लेने के लिए कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला उपरोक्त गांव में पहुंचे वहां पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और गत दिवस हुई आगजनी से हुए नुकसान के बारे में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि गत रात आई तेज आंधी के कारण जिला के गांव दिवाना, मांगना, सयोंसर,खेडी.शीशगरां, गढी. रोडान, ज्योतिसर आदि गांव में सैंकड़ों एकड़ गेंहू की खड़ी फसल तथा फाने आग लगने से जलकर राख हो गए। दिवाना गांव में तो आग से घरों को भी काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने जीतोड़ मेहनत कर जिस गेंहू की फसल को खुशी खुशी घर में लाने का सपना संजोया था, किसानों का वह सपना एक पल में स्वाहा हो गया।



# साईबर ज्वेलरी से बचने के लिए सावधानी की आवश्यकता

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरूक्षेत्र: साइबर** अपराधी अपराध करने के हर दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। प्रोजेक्ट के जागरूक से ही साईबर के महल में आने से बचा जा सकता है। कुरूक्षेत्र पुलिस ने साइबर अपराध के प्रति आवेदन को जागरुक करने के लिए एडवाजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक यूक्रेन यूक्रेन एकल दी गई जानकारी में बताया गया है कि साइबर अपराधियों से बचने के लिए जागरुकता और सिमा ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस समय-समय पर अभियान में लोगों को शामिल किया जाता है। साइबर हमले से बचने के लिए सावधानी बरतनी होगी।

**साईबर फ्रैड से बचने के लिए निम्नलिखित बातें ध्यान दें:**

- फोन पर पहचानने वाले या अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए पैसे के बारे में जानकारी के बारे में पूरी तरह से जांच करें।
- अगर कोई आर्किटेक्करल व्यक्ति कोई एप्लीकेशन डाउनलोड करना चाहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें।
- किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे तीन अंकों के सीवी नंबर को किसी के साथ साझा न करें।
- किसी भी आर्किटेक्करल नंबर से आए किसी भी टेलीकॉम, लिंक या फोटो पर क्लिक करें।
- नेटवर्क को 5-जी नेटवर्क में शिफ्ट करने के नाम पर धोखाधडी करने वाले से सुरक्षित रहें।
- ठग साइबर अधिकारी और दबंग लोगों की फोटो सोशल मीडिया जैसे कि नेटफ्लिक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) के रूप में इस्तेमाल कर धोखाधडी कर रहे हैं, सावधान रहें।
- अमालिका पर किसी भी अज्ञात नंबर से किसी भी प्रकार के वीडियो या ऑडियो कॉल को प्राप्त न करें।
- टेलीग्राम पैसे ऐप के माध्यम से घर बैठे लॉक डाउन ऑफर के लिए ना जाएं।
- ई-चालान का संदेश आया तो हो सावधान रहें , नीचे दिए गए लिंक को ना खोलें।
- बैंक खाता वेरिफाई करने का संदेश आया तो दिए गए लिंक को ना खोलें।
- डिजिटल अरेस्ट के नाम पर कॉल आया तो डरना या डरना पुलिस नहीं है, कंसीलर या अन्य एजेंसी डिजिटल अरेस्ट रिस्टोर नहीं करती।
- फोन में ऑटो डाउनलोड परमिशन ऑनलाइन।
- ऑनलाइन कस्टमर कार नंबर गुगल पर करने की कोशिश करें या कंपनी की वेबसाइट पर सर्च करें।
- डाक विभाग के नाम से अधूरा पता होने का संदेश आए तो सावधान हो जाएं , संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक करें।
- अनन्या व्यक्तिगत द्वारा जारी की गई फोटो को यदि कोई पहचानने के लिए चाहता है तो उस फोटो पर क्लिक करें।

साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में तुरंत साइबर हैल्पलाइन नंबर 1930 नंबर पर कॉल करें।



# शिविर में 152 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

## शिविर का आयोजन मानव सेवा संस्थान की ओर से महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में किया गया, बीपी, शुगर, दांतों की जांच सहित कई अन्य जांच भी की गई

**सेवा भाव...**

मानव सेवा संस्थान समाज को जागरूक करने में हमेशा ही आगे रहता है : विजेन्द्र यादव



**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के बुधविहार इलाके में मानव सेवा संस्थान के द्वारा 83वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मेदांता अस्पताल और डेंटल एक्सपर्ट की टीम के द्वारा शिविर में आये हुए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, पीएफटी, बीएमडी और दांतों की जांच की गई। इस मौके पर मानव संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने बताया कि शिविर में लगभग 152 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। उन्होंने आगे बताया कि मानव सेवा संस्थान का लक्ष्य लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना है, जिससे की लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रकार के शिविर मानव सेवा संस्थान बहुताय की संख्या में आयोजित कर चुका है, जिससे की लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाये।

इस शिविर में मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव के अलावा समाजसेवी चेतन अग्रवाल, मनोज बंसल, किशन लाल मदान, संजय सिंघला, जितेन्द्र कुमार, विजय यादव, डॉ. एसके बजाज, नीरज जैन, हरिओम गोयल, रास बिहारी मंडल, अनुरंजन त्रिपाठी के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर शिविर में आये हुए लोगों ने कार्यक्रम के आयोजको के कार्यो की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के शिविर सभी को आयोजित करने चाहिए। इस मौके पर चेतन अग्रवाल ने कहा कि सभी को गरीब व निर्धन तबके की मदद के लिए आगे आना चाहिए और हमेशा ही निर्धन व जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। समाजसेवी रासबिहारी मंडल ने कहा कि मानव सेवा संस्थान बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहा है। ऐसे कार्य सभी को समय-समय पर आयोजित करने चाहिए।

### मेदांता की टीम ने की लोगों के स्वास्थ्य की जांच

*मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधविहार में आयोजित शिविर में आज लगभग 152 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में आये हुए लोगों ने कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविर सभी को आयोजित करने चाहिए। जिससे की लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाये।*

### 83 शिविर आयोजित कर चुका है संस्थान

*रोहिणी के समाजसेवी चेतन अग्रवाल ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य लोगों को सुविधाएं देना है, जिसको ध्यान में रखते हुए मानव सेवा संस्थान के द्वारा कई प्रकार के शिविर आयोजिंत किये गये है, जिससे की गरीब व निर्धन तबके को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे शिविर सभी को समय-समय पर आयोजित करने चाहिए।*

### बहुताय की संख्या में लोगों ने करवाई दांतों की जांच

*नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में डेंटल एक्सपर्ट की टीम के द्वारा शिविर में आये हुए लोगों के दांतों की जांच की गई और मरीजों की सलाह भी दी गई आप सभी नियमित रूप से सुबह और रात को दांतों की सफाई अवश्य ही करें।*

# जहांगीरपुरी में पुलिस-पब्लिक मीटिंग का हुआ आयोजन

## जनता की मांग, क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाया जाये, चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाये पुलिस प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके जहांगीरपुरी के आई और जे ब्लॉक की मार्किट में पुलिस-पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में हाल ही में जहांगीरपुरी में हुई चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन ने लोगों से चर्चा की।

इस मौके पर बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अहीर दीपक चौधरी, महेन्द्रा पार्क के एसएचओ लोकेश शर्मा, एडिशनल एचएचओ अरविन्द कुमार, भाजपा नेता अश्वनी बागडी, पूर्व निगम प्रत्याशी दिव्या झा, भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका, रेखा दूबे, प्रदीप गोयल सहित स्थानीय निवासी और व्यापारी मौजूद रहे।




इस मौके पर बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अहीर दीपक चौधरी ने कहा कि कानून व्यवस्था को और भी मजबूत बनाने की दिशा में प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

इस मौके पर भाजपा नेता अश्वनी बागड़ी ने प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया। तो वहीं जितेन्द्र ढीका ने कहा कि पुलिस प्रशासन को और अधिक मुस्तैदी से कार्य करना होगा और जो वारदाते जहांगीरपुरी में हो रही है, उस पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे बताया कि पुलिस को पेट्रोलिंग बढ़ानी होगी।

इस मौके कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

## मुद्दे उठाने में सौरभ भारद्वाज पूरी तरह अक्षम : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज दिल्ली के मुद्दे उठाने में पूरी तरह अक्षम हैं। इसी क्रम में आज सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार द्वारा 1111 जीपीएस युक्त पानी टैंकर चलाने की योजना की निंदा कर रहे हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव हारते ही सौरभ भारद्वाज ने खुद को बेरोजगार नेता घोषित कर लिया और अब वह बयानवीर बनकर रह गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दो महीने में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा के प्रयासों से दिल्ली में पेयजल आपूर्ति में सुधार हुआ है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा सरकार गर्मी के मौसम में सत्ता में आई है और योजना बनाने का समय नहीं रहा।

# मृतकों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 2-2 लाख रुपये मुआवजा तुरंत प्रभाव से दिया जाए: यादव

## अनाधिकृत कालोनी, वर्ष 1977 में भी पास हुई कॉलोनियां जहां पर दिल्ली की 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी रहती है वहां पर भवनों के नक्शे पास नही होते इसलिए बिल्डिंग बॉयलॉज व निर्मा से संबधित कानूनों में आमूल चूल संशोधन की जरूरत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मुस्तफाबाद की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली के गांव, अनाधिकृत कालोनियां और पुनर्वास कालोनियां जहां पर दिल्ली की 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी रहती है वहां पर भवनों के नक्शे पास नही होते इसलिए बिल्डिंग बॉयलॉस व निर्माण से संबधित कानूनों में आमूल चूल संशोधन की जरुरत है ताकि लोगों के नक्शे आसानी से पास हों और लोग कानून के अनुसार अपने मकान बना सकें। उन्होंने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि जो कॉलोनियां वर्ष 1977 में पास हुई थी, उनमें आज तक भवन निर्माण के नक्शे पास नहीं होते। उन्होंने कहा कि दिल्ली क्योंकि देश की राजधानी है इसलिए यहां की आबादी प्रतिदिन बढ़ रही है इसलिए भवन निर्माण के कानून में ऐसा संशोधन किया जाए जिससे कि लोगों को परेशानियां न उठानी पड़े और उनको भवन निर्माण की इजाजत आसानी से मिल जाए। तभी दिल्ली में अनाधिकृत निर्माण पर रोक लगाई जा सकेगी, नही तो अनाधिकृत निर्माण होते रहेंगे।



देवेंद्र यादव ने मुस्तफाबाद में चार मंजिला इमारत ढहने से 11 लोगों की मौत के लिए सीधे तौर पर भाजपा और आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल दहलाने वाले इस हादसे में जान और माल दोनो का नुकसान हुआ है इसकी उच्च स्तरीय न्यायिक जांच होनी चाहिए और अनाधिकृत निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों पर रोक लग सके। मुस्तफाबाद में इमारत ढहने से 11 लोग घायल भी हुए है। मुस्तफाबाद में 2015 भाजपा, 2020 में आम आदमी पार्टी और 2025 में फिर भाजपा के विधायक है जिनके संरक्षण में अनाधिकृत निर्माण भरपूर हो रहा है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में बेरोक टोक के हो रहे अनाधिकृत निर्माण के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है क्योंकि दिल्ली नगर निगम में 15 वर्ष भाजपा का भ्रष्टाचारी शासन था और पिछले 3 वर्षों से आम आदमी पार्टी निगम पर सत्तासीन है।

# मेंटल हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया और अनसंग इंडिया फाउंडेशन ने 54 छात्रों को मेट एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मेंटल हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने अनसंग इंडिया फाउंडेशन के साथ मिलकर नई दिल्ली में देश भर के उन युवाओं को सम्मानित किया गया जो अपनी जागरूकता और कौशल से समाज में बदलाव ला रहे हैं। मेट एक्सीलेंस अवार्ड यंग चेंज मेकर नामक इस पुरस्कार की शुरूआत इसी वर्ष से हुई है। एम्स ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में भारत भर के स्कूली छात्रों को उनके समग्र विकास और शिक्षा से इतर प्रभावशाली योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अपनी तरह की इस अनूठी पहल में छत्तीसगढ़, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, तमिलनाडु और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के लगभग 40 स्कूलों से आवेदन प्राप्त हुए।





कुल 54 असाधारण छात्रों को विभिन्न श्रेणियों जैसे क्रिएटिव इंटेलिजेंस, डिजिटल इंटेलिजेंस, यंग इनोवेटरए यंग एंटरप्रेन्योर, आर्टिस्टिक एंटरप्रेन्योर, इमोशनल इंटेलिजेंस और क्रॉस. कल्चरल इंटेलिजेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को विशिष्ट बनाने वाली बात इसकी गैर-प्रतिस्पर्धीए दस्तावेज, आधारित चयन प्रक्रिया रही। अंकों पर निर्भर रहने के बजाय, छात्रों का मूल्यांकन उनके काम का समर्थन करने वाले पाँच रेफरल दस्तावेजों के माध्यम से किया गया। जिससे प्रामाणिकता, प्रभाव और मूल्यों से प्रेरित दृष्टिकोण सुनिश्चित हुआ। समारोह में डॉ कुशल वर्मा ;डीन, एम्स सुशील कुमार, आईएएस, सेवानिवृत्त राजेश भूषण और डॉ नंद कुमार प्रोफेसर, मनोचिकित्सा, एम्स सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

देश भर से आए प्रेरक वक्ताओं ने कार्यक्रम को समृद्ध बनाया, जिनमें शिबानंद दाश, पंजाब हेलमेट मैन ऑफ इंडिया, दिल्ली एनसीआर डॉ फैयाज दिल्ली एनसीआर राधा शर्मा, चेन्नई कुलदीप वधाव, जम्मू और पद्मा ओथसल, लद्दाख शामिल थे। कार्यक्रम का समापन लद्दाख के लुयांगों के भावपूर्ण संगीत प्रदर्शन के साथ हुआ, जिन्होंने पारंपरिक लोक और बॉलीवुड गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा एकताए संस्कृति और युवा उत्कृष्टता का एक शक्तिशाली संदेश छोड़ा।

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर दिल्ली भाजपा कार्यालय में हुई अहम बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा की मौजूदगी में "वन नेशन वन इलेक्शन" को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया।

बैठक में प्रदेश महामंत्री सांसद योगेंद्र चंदोलिया और कमलजीत सहरावत, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज सिंह एवं रविन्द्र इंद्रराज, वन नेशन वन इलेक्शन के दिल्ली संयोजक गजेंद्र यादव, सह संयोजक अशोक गोयल देवराहा और योगेंद्र लाकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि "वन नेशन वन इलेक्शन" देश की आवश्यकता है। आज एक कार्यशाला के माध्यम से राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसमें "वन नेशन वन इलेक्शन" राष्ट्र का अभियान बनें इस मुद्दे पर हमने चर्चा की है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बार-बार देश में चुनाव होने देश का विकास बाधित होता है।

उन्होंने कहा कि पिछले 30 सालों का आंकड़ा अगर आप देखे तो हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होता है। उन्होंने कहा कि हर पांच साल पर लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव होते है। इन चुनावों से समय, धन और संसाधन की बबार्दी होती है।

## बेटे ने मां को मारी गोली, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले द्वारका सेक्टर-23 इलाके में एक बेटे ने अपनी मां को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। परिवार वालों ने घायल महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को परिवार ने गुमराह करने की कोशिश की। परिवार ने बताया कि घायल 52 वर्षीय अंनीता अपने घर का मुख्य द्वार बंद कर रही थी। तभी किसी अज्ञात ने उन्हें गोली मार दी है। जांच के दौरान महिला के बेटे अभिषेक की भूमिका सामने आई।

# कोहाट मंडल से बलराम चावला बन सकते है अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी ने उम्र सीमा निर्धारित कर दी है। जिससे अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाले दावेदारों को झटका लग सकता है। पार्टी ने इस पद पर एक व्यक्ति को अधिकतम दो बार ही तैनाती का भी नियम भी लागू कर दिया है। नए नियम लागू होने से पद पाने की चाह रखे कई दावेदारों को झटका लग सकता है। इसके साथ ही त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर 61 से समाज सेवी बलराम चावला का भी नाम मंडल अध्यक्षों की सूची में पहले स्थान पर आ रहा है, जिसके साथ ही चावला इस बार कोहाट मंडल से अध्यक्ष चुने जा सकते है। आपको बतादें कि समाज सेवी बलराम चावला भाजपा और संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से एक है, जो कि पार्टी में कई पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभा चुके है। तो वहीं चावला रामपुरा वार्ड और जिला केशव पुरम में उपाध्यक्ष पद पर काम कर चुके है। इसके साथ ही वह एसएमसी मेंबर, सहित कई बडी-बडी संस्थाओं में भी मुख्य पद पर अपना दायित्व निभा रहे है।



**35 से 45 उम्र वालों को ही पद:** भाजपा मंडल अध्यक्षों के चयन के लिए उम्र निर्धारित कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बार 35 से 45 साल की उम्र वाले पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके साथ ही मंडल अध्यक्ष के लिए पार्टी का प्राथमिक व सक्रिय सदस्य होने के साथ ही पूर्व में पार्टी में कोई दायित्व होना भी अनिवार्य है। अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे किसी भी आरोपी को इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। बताया जा रहा है कि नया नियम लागू होने से पार्टी के कई दावेदारों को झटका लग सकता है।

**निर्धारित आयु से ज्यादा वाले योग्य दावेदार के लिये क्या जिम्मेदारी:** भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं से पूछा कि अगर कोई दावेदार मंडल अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी की निर्धारित आयु से ज्यादा का हो तो उसका क्या होगा।

उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि अगर दावेदार योग्य है और पार्टी में कई अहम पदों पर अपनी सेवा दे चुका हो तो पार्टी ने उसके लिए क्या तय किया है।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने लाल किले पर मनाया दिल्ली फतह दिवस, पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया की अगुवाई में दिल्ली फतह दिवस ऐतिहासिक लाल किले पर मनाया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, सांसद कमलजीत सहरावत, कमेटी अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों, धर्म प्रचार कमेटी के प्रमुख सरदार जसप्रीत सिंह काहलों, वरिष्ठ पदाधिकारी आत्मा सिंह लुबाना और अन्य सदस्य व हजारों की संख्या में संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया के नेतृत्व में दिल्ली दरबार पर की गई फतह का जश्न पूरी दुनिया को मनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 1783 में मिली इस जीत ने दिल्ली का नक्शा ही बदल दिया और इतिहास को ऐसे ऐतिहासिक स्थल दिए जो आज पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली का प्रसिद्ध मोरी पुल वहीं है, जहाँ से मोरी निकाल कर खालसा फौजें लाल किले में दाखिल हुईं और जीत हासिल की। तीस हजारी कोर्ट वाला स्थान वही है जहाँ तीस हजार सैनिकों ने पड़ाव डाला और मुगल बादशाह को हराया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री और दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में मुगल बादशाह पर फतह हासिल करना हमारी कौम के लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है।





उन्होंने कहा कि हमारे महान जनरलों ने यह साबित किया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा रचा गया खालसा निडर और निस्वार्थ होकर जीत हासिल करने में सक्षम था, है और रहेगा। खालसा एक संपूर्ण रूप है जो गुरु साहिब के आगे झुककर अकाल पुरुष की रजा में राजी रहता है।

कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि यह गुरु साहिब की कृपा है कि हम लाल किले पर दिल्ली फतह दिवस मना रहे हैं, जहाँ से मुगल बादशाह हमारी कौम और मानवता के खिलाफ आदेश जारी करते थे। हमारे महान जनरलों ने मुगल तख्त को उखाड़ कर श्री गुरु रामदास जी के चरणों में समर्पित किया, जो आज भी बुंगा रामगढ़िया (श्री दरबार साहिब परिसर) में स्थित है। उन्होंने कहा कि हमारे जनरलों ने यह स्पष्ट कर दिया था कि हमें मुगल सल्तनत में कोई दिलचस्पी नहीं, बल्कि हमारा उद्देश्य केवल गुरुओं से जुड़े स्थलों की पहचान कराना है, जहाँ हम गुरुद्वारों का निर्माण कर सकें। उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज हम गुरुद्वारा सीसगंज साहिब, बंगला साहिब, रकाबगंज साहिब, नानक पियाऊ आदि ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर पा रहे हैं। कमेटी द्वारा शुरू किए जा रहे नए प्रयासों की बात करते हुए सरदार कालका और सरदार काहलों ने बताया कि 1 जून से गुरुद्वारा बाला साहिब में जरूरतमंदों के लिए आंखों के मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा शुरू की जा रही है, जिससे लोग निजी अस्पतालों में लाखों खर्च करने के बजाय मुफ्त में इलाज करवा सकेंगे। इसके अलावा वे सामूहिक विवाह की योजना भी शुरू कर रहे हैं, जो गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर के भाई लाखी शाह वंजारा हॉल में करवाए जाएंगे। साथ ही 350 रागी सिखों की एक टीम तैयार की जा रही है, जिन्हें कीर्तन दरबारों के लिए आमंत्रित किया जा सकेगा। जनैर्ली मार्च निकाली गई।

इस अवसर पर आज निहंग सिंहों और अन्य जत्थेबंदियों द्वारा छत्ता पुल से लाल किले तक एक जनैर्ली मार्च निकाली गई।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर बिखर गईं भेड़, 15 मरीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर हुए दर्दनाक हादसे में 15 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक के केबिन में फंसे चालक को बमुश्किल गैस कटर से केबिन काट कर निकाला गया। एक्सीडेंट में ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी फंस गया। इस दौरान वह गंभीररूप से घायल भी हो गया था। केबिन से निकलाने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा यमुना एक्सप्रेसवे पर थाना महावन क्षेत्र में सुबह साढ़े पांच बजे माइलस्टोन 115 के पास आगरा से नोएडा वाली लेन पर हुआ। यहां एक ट्रक को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। ट्रक में भेड भरी हुईं थी। टक्कर लगने के बाद ट्रक सडक पर ही पलट गया। खानपुर चौकी प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि





घायलों को एंबुलेंस से मथुरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मथुरा के थाना शेरगढ़ का रहने वाला मुवीन और बरेली निवासी ट्रक चालक सोहेल शामिल हैं। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। मुवीन इंदौर से भेड़ बकरी लेकर अपने गांव शेरगढ़ जा रहा था। गांव पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटा दिया है और यातायात सामान्य कर दिया गया है।

# बॉलीवुड कलाकार जीतू बघेल पहुंचे मथुरा, किया गाने का प्रमोशन

**प्रमोशन**

**▶▶ इससे पहले कई सारे गानों के लिए काम किया है लगातार मुंबई में जाकर अलग-अलग जगह कम कर रहा हूं**




**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** जलेसर निवासी बॉलीवुड कलाकार जीतू बघेल अपने साथ अपने गाना बारिश में महिला एक्टर जिया गर्ग वा अपनी पूरी टीम के साथ भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा पहुंचे। के सी एस म्यूजिक द्वारा रिलीज गाना बारिश के प्रमोशन के लिए औरंगाबाद स्थित एक होटल वार्ता के दौरान कलाकार जीतू बघेल ने बताया कि उन्होंने इससे पहले कई सारे गानों के लिए काम किया है लगातार मुंबई में जाकर अलग-अलग जगह कम कर रहा हूं। मैं आपका ही लाडला ब्रज का बालक हूं। ब्रज से हमारा रिश्ता पुराना है। उन्होंने सभी ब्रजवासियों से अपील की कि सभी लोग के सी एस म्यूजिक द्वारा रिलीज बारिश गाने को ज्यादा से ज्यादा प्रेम दें ताकि यह गाना हिट हो सके और ब्रज क्षेत्र का नाम रोशन हो सके मैं हमेशा यही कोशिश करता रहूंगा हमेशा ब्रज के लिए काम करता रहूं। सबसे बड़ी बात यह है कि अदाकारी के साथ-साथ कलाकार जीतू बघेल ने इस गाने को अपनी ही आवाज दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### 300 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने एक अभियुक्त को 350 ग्राम गांजे के साथ पकडा है। थाना वृन्दावन पुलिस ने चेकिंग के दौरान विनोद पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी केहरावली थाना करहल जिला मैनपुरी को 350 ग्राम नाजायज गांजा के अप्रोच मार्ग से करीब 70 मीटर अन्दर की तरफ कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना वृन्दावन मथुरा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया।

### भगत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती समारोह में महम क्षेत्रवासियों लिया बढ़चढ़ कर भाग



**रोहतक, 20 अप्रैल।** शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को जींद जिले में उचाना के गांव पलवां में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महम क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भगत शिरोमणि धन्ना जयंती के जिला सह संयोजक नवीन ढुल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी पूरे जोश और उत्साह के साथ रवाना हुए। जयंती समारोह में महम हल्के से उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहे। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत किया गया था।

भाजपा युवा नेता नवीन ढुल के नेतृत्व में कोने कोने से विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों की अगुवाई में रवाना हुए लोगों ने भगत शिरोमणि धन्ना भगत के जयंती समारोह में पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। नवीन ढुल ने कहा कि संत शिरोमणि धन्ना भगत सर्व समाज के संदेशवाहक थे। वर्ष 2014 में जब हरियाणा प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तभी से हरियाणा सरकार ने यह एक बड़ा ऐतिहासिक निर्णय लिया है कि समाज को एक अच्छी दिशा देने वाले सभी महापुरुषों, गुरुओं, संतों की जयंती हर वर्ष हरियाणा सरकार की ओर से राज्य स्तर पर मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शिरोमणी धन्ना भगत एक महान संत, भक्त और समाज सुधारक थे, जिन्होंने भक्ति आंदोलन के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी। वे 15वीं शताब्दी के प्रसिद्ध भक्तों में से एक थे और संत रविदास, कबीर, नामदेव आदि के समकालीन माने जाते हैं। शिरोमणि धन्ना भगत ने समाज को आत्मनिर्भरता का दिया संदेश उन्होंने कहा कि धन्ना भगत ने कर्म और मेहनत को महत्व दिया, जिससे समाज को श्रम की गरिमा और आत्मनिर्भरता का पाठ मिला। धन्ना भगत ने अंधविश्वास और पाखंड के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने बताया कि ईश्वर को प्राप्त करने के लिए बाहरी आडंबरों की आवश्यकता नहीं, बल्कि सच्चे मन और भक्ति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि संत महात्मा किसी जाति विशेष के ना होकर सर्व समाज के होते हैं। संतो के बताए मार्ग पर चलकर प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। संत महात्माओ ने अपने जप और तप के जरिए समाज को नई दिशा देने का काम किया। शिरोमणी धन्ना भगत की जयंती के कार्यक्रम में महम विधानसभा के नागरिकों ने बढ़ चढकर पूरे जोश व उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर अमित चैहान, अजीत सिंह, विक्की गिल, धर्मबीर भगत, ललिता शर्मा, सतबीर राठी, जस्सू प्रधान, विनोद सरपंच ,रोहताश गिल, राममेहर जांगड़ा, संदीप एवं अमन जागलांन सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### दो हादसों में चार महिलाओं समेत पांच घायल

**पानीपत।** पानीपत के मतलौडा क्षेत्र में अलग-अलग दो सड़क हादसों में चार महिलाएं और एक युवक घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जनकारी के अनुसार पहली घटना गांव अटावला के पास शनिवार शाम हुई। 75 वर्षीय कृष्णा देवी व 65 व वर्षीय केला देवी खेतों से घर लौट रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कृष्णा देवी के पोते कुलदीप ने दोनों घायल महिलाओं को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया।

## जंगली सूअर ने किया हमला

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे बनने के बाद एक्सप्रेस से के आसपास के इलाकों में जंगली सूअरों का आतंक है। वहीं एक्सप्रेस वे बनने के बाद नीलगाय की संख्या बेहद कम हो गई है। जंगली सूअर किसानों पर हमलावर हो जाते हैं। बेहद सख्त और ताकतवर जंगली सूअर से किसान डरते हैं और भगाने की बजाय खुद भाग खडे होते हैं। किसानों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन से किसानों ने मदद मांगी है। रविवार को महावन तहसील के गांव बल्टी गढी में एक किसान पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में कियान बुरी तरह से घायल हो गया। किसान उत्तम सिंह सुबह सात बजे अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गए थे।

# ईस्टर संडेः यीशु मसीह का पुनरुत्थान दिवस मनाया गया

**भक्तिमय**

**▶▶ हाथ में मोमबत्ती लेकर यीशु मसीह के जी उठने की खुशी में गीत व भजन गाते हुए चर्च का माहौल भक्ति मय कर दिया**





**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** सेंट्रल मेथॉडिस्ट चर्च मथुरा में ईस्टर तड़के सुबह डान सर्विस में लोगों ने हाथ में मोमबत्ती लेकर यीशु मसीह के जी उठने की खुशी में गीत व भजन गाते हुए चर्च का माहौल भक्ति मय कर दिया। इसके बाद अनुयाईयों ने जुलूस निकाल कर खुशियां मनाई। इस अवसर पर रेजी विलियम ने प्रभु का संदेश सुनाया।

चर्च के पास्टर इंचार्ज रेव्ह श्रीपाल ने कहा कि आज का दिन पुनरुत्थान दिवस ईस्टर संडे है। आज के दिन यीशु मसीह अपने मारे जाने के तीसरे दिन मुर्दों में से जीवित हुए। उन्होंने मृत्यु पर विजय प्राप्त की। पास्टर ने देश में अमन शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। डान सर्विस की व्यवस्था हिमांशु एवं रितेश ने संभाली। राजमसीह एवं रजनी ने विशेष गीत प्रस्तुत किया। जैरेश व प्रिंस ने भजन मंडली के साथ प्रभु की आराधना स्तुति की। रेबेका शॉ तथा पीपी चंद ने प्रार्थना की अगुवाई की। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव व सद्भावना फाउंडेशन अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा कि यीशु मसीह ने हमारे पापों के लिए अपने प्राण दिए ताकि ईश्वर और मनुष्य के बीच सीधा रिश्ता बन जाए।

# श्री अग्रसेन धाम कुंडली ने किया कुंडली एसएचओ का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुंडलीः** क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था एवं लोगों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने लिए श्री अग्रसेन धाम कुंडली की टीम व कुंडली विकास मंच के बंधुओं ने कुंडली के एस एच ओ कृष्ण कुमार का पगड़ी पटका पहना कर भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, कुंडली विकास मंच एवं धाम के सहयोगी मुकेश तुषीर, सतीश तुषीर,संजय शर्मा,पंकज कोशिक, जगबीर दूहन, संदीप खापरा, मुकेश कोशिक, प्रमोद जिंदल आदि कई बंधु शामिल हुए ।



एस एच ओ साहब ने कहा कि जनता की सुरक्षा और आमजन मानस की समस्याओं का समाधान, असमाजिक तत्वों पर नकेल कसना उनकी प्राथमिकता है जिसे वो हर संभव प्रयास व पूरे फर्ज के साथ निभाएंगे। अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि ऐसे बेबाक अधिकारियों की बदौलत ही जनता सुख-चैन से सो पाती है।

## विकास कार्यो करवाने को लेकर प्रधानमंत्री व सीएम को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र में विकास कार्यो को लेकर सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम डीसी डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपा हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के अधिकांश लोगों की विचार धारा भाजपा पार्टी की नीतियों में विश्वास रखती है, इसी वजह से देश की सबसे बड़ी पंचायत के साथ-साथ विधानसभा में भी आपकी पार्टी का समर्थन रहा है। जिस समय प्रदेश में भाजपा का कोई जनाधार नहीं था, उस समय में भी महेंद्रगढ़ भाजपा की छावनी रहा है, बावजूद उसके महेंद्रगढ़ के पिछड़ेपन को दूर करने में पार्टी अनदेखी कर रही है।

# मिलीभगत से कब्जा ली दो करोड़ की सरकारी जमीन



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** मकान के आगे रास्ते में कच्चा पक्का अतिक्रमण कर नगर निगम की करीब दो करोड़ रुपए की भूमि को कब्जा लिया। नगर निगम ने शिकायत के बाद नोटिस जारी किया। नोटिस मिलने के बाद भी कब्जाधारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कब्जा बरकरार रखा है। नोटिस को का जवाब नहीं मिलने के बाद नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने अवैध अतिक्रमण को नगर निगम की जमीन से हटाने के आदेश दिये। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम की टीम ने अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देश पर नगर निगम मथुरा वृन्दावन की टीम द्वारा ध्रुव घाट के पास स्थित नगर निगम की भूमि सर्वे, पैमाइश के बादद मौहल्ला कम्पू घाट जनरल गंज के खसरा की भूमि बतौर सरकारी रास्ता पर अवैध रूप से बनाये गये निर्माण बाउन्ड्रीवॉल, कमरा आदि को धवस्त कर खाली कराया गया। राकेश कुमार त्यागी, सहायक नगर आयुक्त एवं जिलाधिकारी मथुरा द्वारा तैनात मजिस्ट्रेट प्रीती जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं विष्णु

**कब्जा**

**▶▶ नोटिस मिलने के बाद भी कब्जाधारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कब्जा बरकरार रखा है**

अग्रवाल, कानुनगो व वेद प्रकाश तिवारी, लेखपाल के साथ निगम की प्रवर्तन दल की बीम एवं भारी पुलिस बल के साथ श्रब्ठ द्वारा अवैध निर्मान हटवाया गया। अवैध कब्जेदार ललित यादव, श्री श्यामु यादव पुत्र गण बृजमोहन यादव द्वारा रास्ते की भूमि पर अपने मकान को आगे बढ़ाकर पक्का निर्माण कर लिया गया था। जिन्हें नगर निगम द्वारा नोटिस भी दिया गया, किन्तु इनके द्वारा अवैध निर्माण बाउंड्री वॉल, कमरा, शौचालय, आदि बना लिया गया था। इस रास्ते पर अवैध निर्माण को हटा दिया गया। नगर निगम इस खाली कराये गये रास्ते को पक्का करायेगी। खाली कराई गई भूमि लगभग 400 वर्ग मीटर है। जो काफी मूल्यवान भूमि है। जिसका बाजारी मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपए है।

# संविधान स्वाभिमान यात्रा का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में संविधान स्वाभिमान यात्रा का आयोजन हुआ। यह संविधान स्वाभिमान यात्रा निदेशक शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष पर्यन्त संविधान दिवस के अन्तर्गत विविध कार्यकर्म उत्सव के रुप में आयोजन की श्रृंखला में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के साथ यह संविधान स्वाभिमान यात्रा आयोजित की गई। इस उत्सव की शुरूआत जिले के अंतर्गत शैक्षिक संस्थानों में 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती मनाने से हुई है।जिसमें कि आज संस्थान के




डीएलएड प्रशिक्षुओं ने संविधान स्वाभिमान यात्रा में प्रतिभाग किया।यह यात्रा संस्थान के प्रवेश द्वार से आरंभ होकर संस्थान के खेल मैदानों से गुजरते हुए कंपोजिट विद्यालय के छात्रों के बीच से कांशीराम कॉलोनी होते हुए संस्थान के प्रशासनिक भवन के सामने इस यात्रा का समापन संस्थान के प्राचार्य राजेंद्र बाबू को डीएलएड प्रशिक्षुओं मिथिलेश, ज्ञान देवी, नेहा, मनीषा, प्रियंका, रजनी, शुभम पुष्कर, आकाश गौतम,वीरेंद्र और दीपेंद्र ने संविधान की कॉपी भेट कर किया। इस संविधान स्वाभिमान यात्रा के प्रभारी विवेक कुमार और डॉ. गौरी शंकर पाण्डेय ने बताया कि इस यात्रा में 130 डीएलएड प्रशिक्षुओं और संस्थान के प्रवक्ताओं नरेंद्र सिंह, हरेश सिंह, संतोष कुमार, विवेक कुमार, दिगंबर सिंह, रचना बाला, डॉ.गौरी पांडेय और हिमांशु मोहन रावत ने प्रतिभाग। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी हरेश सिंह ने दी है।

**स्वाभिमान**

**▶▶ हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के साथ यह संविधान स्वाभिमान यात्रा आयोजित की गई**

# धर्म रक्षा संघ की सभा में पश्चिम बंगाल की स्थिति पर जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** धर्म रक्षा संघ की एक धर्म सभा कृष्णाश्रय आश्रम केशव धाम रोड वृन्दावन में कृष्णाश्रय आश्रम पीठाधीश्वर आचार्य बृजनाथ गोस्वामी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। धर्म सभा में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई तथा राष्ट्रपति महोदय से पत्र के माध्यम से मांग की जल्द से जल्द पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ह्लसौरभ गौड़ह्ल ने कहा कि वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल के हालात अत्यधिक खराब और चिंताजनक हो चुके हैं, ममता बनर्जी की सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार





कराया जा रहा है। धर्म रक्षा संघ के मार्गदर्शक ह्लमहंत मोहिनी बिहारी शरणह्ल ने कहा कि मुर्शिदाबाद की घटना के बाद यह प्रमाणित हो चुका है कि हिंदु समाज के लोग पश्चिम बंगाल में अपने को असुरक्षित महसूस करने के साथ भय के वातावरण में जीने को मजबूर हैं। धर्म रक्षा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष ह्लस्वामी सत्यमित्रानंद महाराजह्ल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की घटनाओं को देखने के बाद इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता की पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर क्रूरता पूर्वक होने वाला अत्याचार वहां तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी सरकार के द्वारा ही प्रायोजित है।बिना सरकारी सहयोग इस प्रकार आगजनी, मारपीट, लूटपाट,बलात्कार और नरसंहार नहीं किया जा सकता। कृष्णाश्रय आश्रम के पीठाधीश्वर ह्लआचार्य राजनाथ गोस्वामी महाराजह्ल ने कहा कि एक सत्य यह भी है कि पश्चिम बंगाल में जब भी चुनाव होते हैं अधिकतर स्थानों पर हिंदुओं को वोट डालने से रोक दिया जाता है यदि यही हालात रहे तो एक दिन पश्चिम बंगाल पूरी तरह से हिंदू विहीन प्रदेश हो जाएगा।

महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि हजारों हिन्दू समाज के लोग अपने घरों से पलायन कर चुके हैं लाखों लोग पलायन करने के लिए तैयार बैठे हैं।

# लोकप्रिय गायक रावल ने प्रमुख सचिव के सामने रखी कलाकारों की बात

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** ब्रज मंडल के लोकप्रिय गायक एवं आकाशवाणी कलाकार अरुण रावल ने उत्तर प्रदेश सरकार में संस्कृति व पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम से मुलाकात की। रावल ब्रज मंडल में अपने लोक गायन से पहचाने जाते हैं। जिन्होंने पूरे ब्रज मंडल में ब्रज के लोक गायन की परंपरा को आगे बढाया है। अरुण रावल उन्होंने अपनी टीम के साथ पर्यटन विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग एवं संगीत नाटक अकादमी और ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जो भी उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम होते हैं सुंदर



प्रस्तुतियां देते रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में संस्कृति व पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम श्री राम लला का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अरुण रावल ने बताया कि मुख्य सचिव से मिलकर अच्छा लगा और मैंने ब्रजमंडल के सभी कलाकारों की बात उन तक पहुंचाई। उन्होंने आश्वासन दिया है की सभी ब्रज के कलाकारों को संस्कृत विभाग एवं पर्यटन विभाग में लगातार काम मिलेगा।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## मसीही समाज ने मनाया ईस्टर पर्व

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जनपद के सभी गिरिजाघरों में मसीही समाज द्वारा रविवार को ईस्टर पर्व (ईस्टर संडे) मनाया गया और जुलूस निकाले गए। ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में सभी चर्चों में लोगों को विश्व शांति और मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। जुलूस के दौरान लोग हाथों में मोमबत्ती लिए गिरजाघरों में खड़े होकर प्रार्थना करते नजर आए। पीलीकोठी स्थित फिलिप मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में रविवार की सुबह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित हुआ। पादरी ब्रिजेश मेंसल ने चर्च में जुटे मसीहियों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को पर्व की बधाई देते हुए प्रभु यीशु के दिखाए गए रास्ते पर चलने के लिए अनुरोध किया। साथ ही चौमुखापुल स्थित ऑल्ड चर्च, बारादरी स्थित चर्च और कंपनी बाग स्थित चर्च में सुबह प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग जुटे। लोगों ने भजन व गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु को याद किया। सिटी मैथोडिस्ट चर्च दांग के पादरी डेनियल मसीह ने बताया कि रविवार तड़के मसीही समाज के लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों में मसीह के जीवित होने की खुशी में जुलूस निकाले। जुलूस सुबह छह बजे मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज में पहुंचकर संपन्न हुआ। सुबह दस बजे पवित्र बाईबिल का पाठ पढ़ा गया। इस दौरान अंतिम सिंह, जॉर्ज बैंजामिन, अभिषेक विल्सन, राजन मसीह, रोबिन मसीह आदि मौजूद रहे।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज पहुंचेंगे जयपुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल (सोमवार) को भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद वे उसी रात जयपुर पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, तीन बच्चे—इवान, विवेक और मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वे आमेर किला, जयपुर सिटी पैलेस सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। वेंस 22 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। राज्य सरकार ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस की यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि यात्रा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पीएम के कानपुर दौरे से पहले सीएम योगी ने परखी तैयारियां

परियोजनाओं का लिया जायजा, एक दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे योगी आदित्यनाथ, 24 अप्रैल को प्रस्तावित है प्रधानमंत्री का कानपुर दौरा, मुख्यमंत्री ने कानपुर में तापीय परियोजनाओं और मेट्रो रेल का किया निरीक्षण

निरीक्षण

आगामी 24 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को एक दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आगामी 24 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल, तापीय विद्युत परियोजनाओं और मेट्रो रेल परियोजना का जायजा लिया, साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**दौरे की तैयारियों का सीएम ने लिया जायजा**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा के लिए चयनित स्थल का दौरा किया। उन्होंने जनसभा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आम जनता के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता के इंतजामों की गहन समीक्षा की। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसभा में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं।



### मेट्रो रेल परियोजना का लिया जायजा, नयागंज से रावतपुर तक किया सफर

*मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा नवनिर्मित नयागंज से रावतपुर स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो परियोजना की तैयारियों को परखा और यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। सीएम ने मेट्रो के संचालन, स्टेशनों की साफ-सफाई और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो सेवा को और अधिक सुगम और जन-उपयोगी बनाया जाए।*

### समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने का निर्देश

*सीएम योगी ने सभी परियोजनाओं के लिए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं न केवल कानपुर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। साथ ही, प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां उच्च स्तर की होनी चाहिए।*

**नेवेली, घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना का सीएम ने किया निरीक्षण**
मुख्यमंत्री ने 3७660 मेगावाट क्षमता वाली नेवेली, घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना का निरीक्षण किया। इस परियोजना की कुल लागत 21,780.94 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रथम यूनिट (660 मेगावाट) की लागत 9,337.68 करोड़ रुपये है। यह परियोजना कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रही है। परियोजना का कार्यान्वयन नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सीएम ने परियोजना की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने पनकी तापीय विस्तार परियोजना का लिया जायजा**
सीएम योगी ने 1७660 मेगावाट क्षमता वाली पनकी तापीय विस्तार परियोजना का भी दौरा किया। इस परियोजना की कुल लागत 8,305.16 करोड़ रुपये है और इसे उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने परियोजना की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को इसके शीघ्र संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### विज्ञापन से होने वाली आय में होगी आगामी 5 वर्षों में 100 फीसदी की वृद्धि

***लखनऊ।*** *उत्तर प्रदेश के नगर निगमों की विज्ञापन से होने वाली आय में आगामी पांच वर्षों में 100 फीसदी वृद्धि का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नगर विकास विभाग ने इस दिशा में एक विस्तृत रोड मैप तैयार किया है, जिसके तहत डिजिटल और स्थिर विज्ञापनों के साथ-साथ नए मार्गों के निर्माण और निगम सीमाओं के विस्तार जैसे कदमों से आय में अभूतपूर्व वृद्धि की उम्मीद है। प्रस्तावित नियमावली 2025 के अनुसार, विज्ञापन आय में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों से 10 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नगरीय विकास के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता जरूरी है।*

# जनकल्याण के लिए मैदान में उतरें अधिकारी: सीएम मोहन यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण के लिए अधिकारी मैदान में उतरें। नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान कर, सुशासन की दिशा में अपना प्रभावी योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शानिवार रात मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, एसपी, आईजी से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारी जिलों में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारी कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखें। पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। आमजन से अधिकारी-कर्मचारी का व्यवहार विनम्र और अच्छा हो। कार्यालयों में आने वाले नागरिक को समाधान प्राप्त हो।

**पराली नियंत्रण**
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए जागरूकता बढ़ाई जाए। किसानों को सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे उपकरण अधिक संख्या में उपलब्ध करवाए जाएं।

### ग्रीष्मकाल में स्वास्थ्य का ध्यान रखें नागरिक

***मुख्यमंत्री*** *डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों को ग्रीष्मकाल में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाए। आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें। बाजार में संक्रमित फल न बिकें, उस पर नजर रखी जाए। सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों और संभागों में सभी अधिकारी पारदर्शिता, नवाचार, परिश्रम से कार्य करते हुए नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए सक्रिय रहें। वीसी में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।*

## ट्रैफिक कंजेशन के चलते दिल्ली की फ्लाइट जयपुर डायवर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार रात हवाई यातायात अधिक होने के कारण इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट को जयपुर के लिए डायवर्ट किया गया। जयपुर में यह फ्लाइट देर रात 12:20 बजे लैंड हुई। इस विमान में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने परिवार के साथ सवार थे। जयपुर पहुंचने के बाद सभी यात्री लगभग ढाई घंटे तक दोबारा उड़ान भरने का इंतजार करते रहे।

## व्यापारियों ने रक्षा मंत्री से मांगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से व्यापारियों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। व्यापारी नेता अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, प्रभु जालान, अमित तलवार, श्याम कृष्नानी, पुनीतलाल चंदानी, सुशील गुरनानी आदि ने अपने सांसद को लखनऊ में आये दिन होने वाली विद्युत कटौती की जानकारी दी। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

मांग

सुशील गुरनानी आदि ने अपने सांसद को लखनऊ में आये दिन होने वाली विद्युत कटौती की जानकारी दी

व्यापारी श्याम कृष्नानी, पुनीतलाल चंदानी, सुशील गुरनानी ने बताया कि व्यापारियों ने अपने लोकप्रिय सांसद एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा है।

# महाकुम्भ में हुई मौतों के आंकड़े छिपा रही भाजपा सरकार: अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज:** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ को लेकर भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को एक निजी कार्यक्रम के तहत प्रयागराज पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आंकड़े छुपाती रही। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि डिजिटल महाकुम्भ का दावा करने वाली सरकार के ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे हादसे के समय कहां गायब हो गए थे।



सोशल मीडिया में हुए प्रचार से लोगों में त्रिवेणी पावन जल के प्रति अथाह आस्था बढ़ गई और करोड़ों श्रद्धालु यहां उस पावन बेला में पुण्य अर्जित करने पहुंचे। लेकिन व्यवस्था ठीक नहीं थी। इनका डिजिटल महाकुम्भ अभियान फेल हो गया। लेकिन जब आंकड़ा मांगा जा रहा है तो नहीं दे पा रहें है।

उठाए सवाल

डिजिटल महाकुम्भ का दावा करने वाली ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे हादसे के समय कहां गायब हो गए थे।

# राज-उद्धव में सुलह की अटकलों से जुड़े सवाल पर बिफरे शिंदे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उस समय नाराज हो गए, जब एक मीडियाकर्मी ने उनसे अलग हुए चचेरे भाइयों उद्धव और राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों पर सवाल किया। उन्होंने पत्रकार से कहा कि वह सरकार के काम के बारे में बात करें। दरअसल, जब शिंदे सतारा जिले में अपने पैतृक गांव दारे में थे, तब टीवी मराठी के एक रिपोर्टर ने शिवसेना



(यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे के बीच सुलह की चर्चा पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी। इस पर शिंदे नाराज हो गए और रिपोर्टर की बात को अनसुना कर दिया। शिवसेना नेता ने कहा, 'काम के बारे में बात करें।'

सवाल टाला

अलग हुए चचेरे भाइयों उद्धव और राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों पर सवाल किया

## चारधाम यात्रा को बनाएंगे सफल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पौड़ी गढ़वाल।** चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ावों पर सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ओलावृष्टि — गर्मी के बीच शिमला समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई

# शिमला में बारिश और ओलावृष्टि से लौटी ठंड

**टीम एक्शन इंडिया**
शिमला: हिमाचल प्रदेश में रविवार को मौसम के कड़े तेवर देखने को मिले। गर्मी के बीच शिमला समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंड का असर एक बार फिर लौट आया। शिमला शहर में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर को तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान कई इलाकों में बड़े आकार के ओले भी गिरे। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज से स्थानीय लोग ठिठुरने लगे, जबकि गर्मी से राहत की उम्मीद लेकर आए पर्यटक भी ठंड से परेशान दिखे।



राजधानी शिमला का अधिकतम तापमान रविवार को सामान्य से काफी नीचे चला गया है। बारिश के चलते शहर की सड़कों पर फिसलन हो गई और बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग एक बार फिर बढ़ गई। सैलानी दुकानों में स्वेटर और जैकेट खरीदते नजर आए। पहाड़ों की रानी शिमला में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं भी चलीं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। राज्य के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला भी जारी रहा। लाहौल-स्पीति और किन्नौर की ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। लाहौल-स्पीति के हंसा क्षेत्र में रविवार को 5 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज की गई। वहीं किन्नौर और कुल्लू के ऊपरी भागों में भी बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक किन्नौर के ताबो में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलीं, जबकि शिमला के कुफरी में यह रफ्तार 42 किलोमीटर प्रति घंटा रही।

जनजीवन प्रभावित

रफ्तार से तूफानी हवाएं चलीं, जबकि शिमला के कुफरी में यह रफ्तार 42 किलोमीटर प्रति घंटा रही

